**सुविचार**
गलत तरीके अपनाकर सफल होने से यही बेहतर है सही तरीके के साथ काम करके असफल होना।

# Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 13 January 2024 ● Year : 01 ● Issue : 353 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com




मुझे सोशल मीडिया से मान्यता की... 12

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 72,568.45 |
| निफ्टी | : | 21,894.55 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,930 |
| चांदी | : | 77.50 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### स्कूल बस से कुचलकर महिला की मौत

**DHANBAD :** सरायढेला थाना क्षेत्र के हीरक रिंग रोड में डांगी मोड़ के समीप शुक्रवार को धनबाद पब्लिक स्कूल बस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई. बस महिला को कुचलते हुए निकल गई. हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई. मृत महिला की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएसएनएमसीएच भेज दिया. महिला के पास से भुईंफोड़ मंदिर के समीप बैंक कॉलोनी स्थित श्री श्याम ज्वेलर्स की पर्ची मिली है. पर्ची में बैंक कॉलोनी गोसाईंडीह का पता दर्ज है. उसी के आधार से पुलिस महिला के परिजनों का पता लगा रही है. समाचार लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो पाई थी.

### आईएएस की पत्नी से ईडी कार्यालय में पूछताछ शुरू

**RANCHI :** राज्य के आईएएस अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार शुक्रवार को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची है। एक अधिकारी ने बताया कि ईडी ने प्रीति कुमार से पूछताछ शुरू कर दी है। इससे पूर्व बर्लिन अस्पताल मामले में ईडी ने प्रीति कुमार को 12 जनवरी को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया था। इसे लेकर 10 जनवरी को समन किया था। उल्लेखनीय है कि बीते पांच दिसंबर को ईडी ने बर्लिन अस्पताल का सर्वे किया था। ईडी के अधिकारियों ने बर्लिन अस्पताल की जमीन की मापी भी की थी। अस्पताल की जमीन प्रीति कुमार के नाम पर है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर हवलदार ने ठगे 61 लाख

**DUMKA :** दुमका, साहिबगंज, गोडडा और पाकुड़ के 23 लोगों ने शुक्रवार को कोर्ट परिसर में कार्यरत हवलदार सरगुण हरिजन उस पर कोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर 61 लाख रुपया ठगी करने का आरोप लगाते नगर थाना में आवेदन दिया है। पीड़ितों ने आवेदन की प्रति राज्यपाल, मुख्यमंत्री, डीजीपी, जिला जज, डीआइजी व एसपी को देकर आरोपित पर कार्रवाई की मांग की है। गोडडा के दुबराजपुर निवासी बलराम पासवान ने नगर थाना में दिए आवेदन में बताया कि सरगुण शातिर है। उसने जमीन के नाम पर पहले पैसा लिया और उसके खिलाफ ही केस दर्ज करा दिया।

### साढ़े सात साल बाद मिला वायुसेना के विमान का मलबा, 29 लोग थे सवार

**NEW DELHI :** वायुसेना के एक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का मलबा करीब साढ़े 7 साल बाद बंगाल की खाड़ी में मिला है। इसे समुद्र में करीब 3.4 किलोमीटर की गहराई में ढूंढ लिया गया है। भारतीय वायुसेना (कअत्र) का अठ-32 विमान साल 2016 में एक मिशन के दौरान लापता हो गया था। उसमें 29 लोग सवार थे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ ओसीयन टेक्नोलॉजी ने एक ऑटोनोमस अंडरवाटर व्हीकल (अवश) से कुछ तस्वीरें कैप्चर की थीं। इसकी जांच के बाद पता चला है कि चेन्नई के समुद्री तट से करीब 310 किलोमीटर दूर बंगाल की खाड़ी में कुछ मलबा मिला है, जो वायुसेना के एएन-32 विमान का है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अवश से जो तस्वीरें मिली हैं, वो एयरफोर्स के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट अठ-32 की ही लग रही हैं। क्रैश साइट की सर्चिंग के दौरान यह भी जानकारी सामने आई कि यहां पहले कोई विमान दुर्घटना नहीं हुई थी।

## एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के प्रैक्टिस मैच समाप्त

# आज से होगा लीग मैच का आगाज, तैयारी पूरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची में 13 जनवरी से 19 जनवरी तक होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के अभ्यास मैच समाप्त हो गये हैं। अब 13 जनवरी से लीग मैच शुरू होंगे। प्रैक्टिस मैचों में अपना प्रदर्शन दिखाने के बाद खिलाड़ी अब लीग मैचों पर फोकस कर रहे हैं। सभी टीमें लीग मैचों में शानदार प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक तक पहुंचना चाहती हैं।

**इन टीमों ने किया अभ्यास:** शुक्रवार को भारत, जर्मनी, जापान, चिली और अमेरिका की टीमों ने




मैदान में अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया है। खिलाड़ियों के आगमन से लेकर मैदान तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। प्रैक्टिस मैच खत्म होने के बाद पिच को बेहतर बनाने के लिए लगातार वॉटर फॉगिंग भी की जा रही है ताकि मैच के दौरान पिच की गुणवत्ता बरकरार रखी जा सके। प्रैक्टिस मैच खत्म होने के बाद कुछ खिलाड़ियों ने सेल्फी ली और अपने प्रैक्टिस मैच के कुछ बेहतरीन पलों को अपने कैमरे में कैद किया।

आपको बता दें कि 13 जनवरी से 19 जनवरी तक रांची में ओलंपिक क्वालीफायर हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भारत के साथ-साथ जर्मनी, चेक गणराज्य, चिली, न्यूजीलैंड, जापान, अमेरिका और इटली की टीमें शामिल हैं। टॉप-3 में पहुंचने वाली टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करेंगी।

### राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

स्टेडियम का निरीक्षण कर रहे नेशनल हॉकी एसोसिएशन के महासचिव भोला सिंह ने बताया कि 13 जनवरी को भारत और अमेरिका के बीच होने वाले मैच के दौरान झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। टूर्नामेंट दोपहर एक बजे से शुरू होगा। पहला मैच जर्मनी और चिली के बीच होगा। उन्होंने बताया कि मैच देखने आने वाले दर्शकों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। स्टेडियम के बाहर जगह-जगह एलसीडी लगाई गई हैं ताकि जिन लोगों को सीट नहीं मिल पा रही है वे बाहर और दूर बैठकर भी एलसीडी के जरिए मैच देख सकें।

## पलामू में रेलवे ट्रैक से युवती का शव बरामद, सिर अलग, धड़ अलग

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिले के ऊंटारी रोड-सतबहिनी रेलवे स्टेशन के बीच भदुमा गांव के रेलवे ट्रैक से युवती का शव शुक्रवार को बरामद किया गया। युवती का सिर और धड़ अलग-अलग थे। उम्र लगभग 28-30 वर्ष की बतायी गयी है। शव की पहचान नहीं हो पायी है। शव को देखकर कयास लगाया जा रहा था कि ट्रेन से कट कर उसकी मौत हुई होगी। युवतीने लाल रंग की साड़ी पहन रखी थी।

सूचना मिलने पर उंटारी रोड थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। एमएमसीएच में पोस्टमार्टम के बाद पहचान के लिए शव सुरक्षित रखा गया है। निर्धारित अवधि तक पहचान नहीं होने पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक से गुजरने वाले लोगों ने महिला का क्षत विक्षत देखा तो तुरंत आरपीएफ को इसकी सूचना दी। बताया गया कि भदुमा में रेलवे ट्रैक पर एकयुवती का शव पड़ा हुआ था। रेलवे पुलिस एवं ऊंटारी रोड थाना की पुलिस ने युवती का शव बरामद किया। शव उठाने से पहले वहां पहुंचे आस पास के लोगों से उसकी पहचान करने की कोशिश की, लेकिन किसी ने उसकी शिनाख्त नहीं की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद युवती की पहचान में पुलिस जुट गई है। महिला ने आत्महत्या की है या किसी साजिश की तहत उसकी मौत हुई है।

### साइबर अपराधियों ने निरसा थानेदार का मोबाइल छीना तीन गिरफ्तार

**DHANBAD :** धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दन के निर्देश पर पुलिस ने शुक्रवार को साइबर अपराधियों के गढ़ निरसा के पीठाकियारी गांव में दबिश दी। टीम ने एक साथ कई घरों में छापेमारी की। टीम में पुलिस की साइबर सेल व निरसा थानेदार दिलीप कुमार यादव के नेतृत्व में थाने के जवान शामिल थे। जांच के क्रम में निरसा थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव साइबर आरोपी मलई रविदास के घर का वीडियो बनाने लगे, तथी अचानक दो बदमाश पहुंचे और थाना प्रभारी के दोनों मोबाइल छीन लिये। इससे वहां अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। गांव के लोगों ने मोबाइल लाकर थाना प्रभारी को दे दिया, लेकिन बदमाश भाग निकले। छापेमारी में एक घर से तीन साइबर आरोपी गुजरा रविदास, श्यामापद रविदास व आजाद रविदास को पुलिस ने धर दबोचा और गिरफ्तार कर थाना ले गई। जांच के क्रम में पुलिस ने आरोपियों के घर से 10 मोबाइल फोन, 12 सिमकार्ड और अलग-अलक बैंकों के पासबुक बरामद किए हैं।

## पीएम मोदी ने किया शुभारंभ, दो घंटे का सफर बीस मिनट में होगा पुरा

# देश की सबसे लंबी सी-ब्रिज का उद्घाटन

**AGENCY MUMBAI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश की सबसे लंबी सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन किया। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ेगा। इससे दो घंटे की दूरी सफर 20 मिनट में पूरा होगा। दिसंबर 2016 में मोदी ने इस पुल की आधारशिला रखी थी। पुल की कुल लागत 17 हजार 843 करोड़ रुपए है। 21.8 किलोमीटर लंबे सिक्स लेन वाले ब्रिज को मुंबई ट्रांस हार्बर सी-लिंक (टळलछ) भी कहा जाता है। पुल का 16.5 किलोमीटर का हिस्सा समुद्र पर है, जबकि 5.5 किलोमीटर का हिस्सा जमीन पर है। इस पुल की क्षमता रोजाना 70 हजार वाहनों की है। फिलहाल ब्रिज से रोज करीब 50 हजार वाहनों के गुजरने का अनुमान है।

एमटीएचएल की वेबसाइट के मुताबिक, पुल के उपयोग से हर साल एक करोड़ लीटर ईंधन की बचत होने का अनुमान है। यह रोजाना 1 करोड़ इवी से बचने वाले ईंधन के बराबर है। इसके अलावा प्रदूषण के स्तर में कमी आने से लगभग 25 हजार 680 मैट्रिक टन उत्सर्जन भी कम होगा।



अटल सेतू का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### बाइक, रिक्शा बैन, मैक्सिमम स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा

लोगों की सुरक्षा को देखते हुए कुछ जरूरी गाइडलाइन भी जारी की गई हैं। इसके तहत ब्रिज पर मोटरसाइकिल, मोपेड, तिपहिया वाहन, ऑटो और ट्रैक्टर नहीं चलेंगे। फोर-व्हीलर, मिनी बस और टू-एक्सेल व्हीकल की मैक्सिमम स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। ब्रिज की चढ़ाई और उतार पर स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा नहीं होगी। पुल पर एक तरफ का टोल 250 रुपए प्रति कार तय किया गया है। वहीं दोनों तरफ का टोल 375 रुपए प्रति कार होगा। मासिक पास टोल राशि का 50 गुना होगा।

पुल को बनाने में 1.78 लाख मीट्रिक टन स्टील और 5.04 लाख मीट्रिक टन सीमेंट का उपयोग किया गया है। ब्रिज पर 400 कैमरे लगाए गए हैं। पक्षियों और समुद्री जीवों की सुरक्षा के लिए ब्रिज पर साउंड बैरियर और एडवांस लाइटिंग की गई है। ब्रिज की लाइफ 100 साल होगी। अटल सेतु सेवरी मडफ्लैट्स, पीर पाउ जेट्टी और ठाणे क्रीक चैनलों के ऊपर से गुजरेगा। यह मुंबई में सेवरी को नवी मुंबई में चिरले से जोड़ेगा। सेवरी छोर पर, सेवरी-वर्ली एलिवेटेड कॉरिडोर और ईस्टर्न फ्रीवे से जुड़ने के लिए तीन-स्तरीय इंटरचेंज की सुविधा प्रदान करेगा। नवी मुंबई छोर पर, पुल का शिवाजी नगर और चिरले में इंटरचेंज होगा।

नवी मुंबई की ओर एमटीएचएल की कनेक्टिविटी 3 जगहों पर। पहला नवी मुंबई की तरफ शिवाजी नगर इंटरचेंज, दूसरा कोस्टल रोड के साथ शिवाजी नगर इंटरचेंज व तीसरा नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट। पुल के बारे में पहली बार 1962 में स्टडी की गई थी। 1994 में इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाई गई।

### मुंबई और नवी मुंबई के बीच कनेक्टिविटी होगी बेहतर

अभी तक मुंबई से नवी मुंबई जाने के लिए वाशी मार्ग होते हुए सानपाड़ा हाईवे से गुजरना पड़ता था। इससे यात्रा में कम से कम 2 घंटे लगते थे, लेकिन अटल सेतु की वजह से यह यात्रा अब 20 मिनट में पूरी हो जाएगी। इसके अलावा मुंबई से पुणे, गोवा और साउथ इंडिया जाने के लिए भी कम समय लगेगा। इससे मुंबई और नवी मुंबई के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

### पुल के 8.5 किमी तक के हिस्से में नॉएज बैरियर लगाया गया

पुल का निर्माण समुद्र तल से 15 मीटर की ऊंचाई पर किया गया है। इसके लिए समुद्र तल में 47 मीटर तक गहरी खुदाई करनी पड़ी। पुल के आसपास भाभा परमाणु अनुसंधान केंद ओएनजीसी और जेएनपीटी जैसे संवेदनशील एरिया हैं। इसे देखते हुए पुल के 8.5 ङट तक के हिस्से में नॉएज बैरियर और 6 किलोमीटर के हिस्से में साइड बैरिकेडिंग की गई है। इसके अलावा पक्षियों और समुद्री जीवों की सुरक्षा के लिए ब्रिज पर साउंड बैरियर और एडवांस लाइटिंग की गई है।

हालांकि यह इसके बाद भी प्रोजेक्ट का काम अटका रहा। 2006 में इसका टेंडर जारी किया गया, लेकिन काम नहीं हो पाया। 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पुल की आधारशिला रखी।

2017 में मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी और जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी के साथ एग्रीमेंट साइन किया। अप्रैल 2018 में इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हुआ। डेडलाइन अगस्त 2023 तय की गई। प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए औसतन रोज 5,403 मजदूरों और इंजीनियरों ने काम किया। पुल के निर्माण के दौरान 7 मजदूरों की जान भी गई।

## इंडी अलायंस की वर्चुअल बैठक आज, खरगे अध्यक्ष व नीतीश कुमार बन सकते हैं संयोजक

**AGENCY PATNA :** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गैर भाजपा दलों के इंडिया गठबंधन की शनिवार को बैठक होगी। इंडी गठबंधन की अहम बैठक कल यानी 13 जनवरी को आयोजित की जाएगी। शनिवार को सुबह 11:30 बजे से बैठक शुरू होगी। वर्चुअल तरीके से हो रही इस बैठक में गठबंधन के सभी शीर्ष नेता शामिल होंगे।

बैठक की तारिख तय होने के बाद एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इंडी गठबंधन का संयोजक बनने की चर्चा तेज हो गई है। यह बात सामने आई कि इंडी गठबंधन में शामिल कई दल नीतीश को संयोजक बनाने पर तैयार है और इंडी गठबंधन की होने वाली वर्चुअल बैठक में संयोजक के तौर पर उनके नाम का प्रस्ताव रखा



जाएगा। वैसे इसका औपचारिक ऐलान 15 जनवरी के बाद सामूहिक रूप से किया जायेगा।

**गठबंधन के सभी नेता होंगे शामिल :** पटना में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कैमरे के जरिये जुड़ेंगे। वहीं नयी दिल्ली से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, मुंबई से एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना के उद्धव ठाकरे और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शामिल होंगी। पटना से राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद भी वर्चुअल बैठक में शामिल होंगे। इनके अलावा घटक दलों के और भी शीर्ष नेता वर्चुअल बैठक में शामिल हो सकते हैं।

**सीटों को लेकर भी होगी सभी दलों के बीच चर्चा :** सूत्रों के मुताबिक इंडिया की इस बैठक में घटक दलों के बीच सीटों के बटवारे को लेकर सहमति बनायी जा सकती है। सीट शेयरिंग को लेकर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि सबकुछ जल्द हो जायेगा।

### झारखंड हॉर्स ट्रेडिंग केस में पूर्व सीएम रघुवर दास को क्लीन चिट

**RANCHI :** झारखंड में 2016 राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग मामले में पूर्व सीएम रघुवर दास को क्लीन चिट दे दी गई है। साथ ही पुलिस ने तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता और तत्कालीन मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार अजय कुमार को भी क्लीन चिट दी है। ठोस सबूत न मिलने के आधार पर पुलिस ने इस केस को बंद कर दिया है। अनुराग गुप्ता अभी सीआईडी और एसीबी के डीजी हैं। मामले में पहले अनुराग गुप्ता और अजय कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी, बाद में उस समय के मुख्यमंत्री रघुवर दास का नाम भी जोड़ा गया था। पुलिस ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट में एसीबी कोर्ट को बताया है कि दोनों के विरुद्ध ठोस साक्ष्य नहीं मिल पाया है। साथ ही केस को बंद करने का कोर्ट से आग्रह किया है।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की जगह बदली, इंफाल की जगह अब थौबुल से होगी शुरू

**AGENCY NEW DELHI :** कांग्रेस की न्याय यात्रा मणिपुर की राजधानी इम्फाल की जगह अब 34 किलोमीटर दूर थौबुल से शुरू होगी। कांग्रेस पार्टी ने राज्य सरकार की शर्तों की वजह से ये बदलाव किया है। राज्य सरकार ने यात्रा में 1 हजार लोगों के शामिल होने की इजाजत दी थी। कांग्रेस ने इन शर्तों की वजह से जगह में बदलाव किया है। कांग्रेस के मणिपुर अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कहा कि हमने 2 जनवरी को जिला प्रशासन से इम्फाल के हप्ता कांगजेइबुंग मैदान से यात्रा शुरू करने की अनुमति मांगी थी। कानून-व्यवस्था का हवाला देकर पहले इससे इनकार कर दिया गया। 10 जनवरी को उट से मुलाकात के बाद कुछ शर्तों के साथ इसकी अनुमति मिली। मेघचंद्र ने कहा कि राज्य कांग्रेस की एक टीम ने फिर से




राजीव सिंह और इंफाल पूर्व के डिप्टी कमिश्नर और रढ की मौजूदगी में चीफ सेक्रेटरी विनीत जोशी से मुलाकात की थी। हमें बताया गया कि कार्यक्रम स्थल पर 1,000 से अधिक लोगों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

मेघचंद्र ने कहा कि शर्तें हमारे लिए चिंताजनक थीं। 10 जनवरी को देर रात थौबल जिले के डिप्टी कमिश्नर ने खोंगजोम के प्राइवेट ग्राउंड से यात्रा की अनुमति दी। इसके बाद हमने जगह बदलने का फैसला किया। 14 जनवरी को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे यहीं से यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। रूट में कोई बदलाव नहीं होगा।

उधर, यात्रा से दो दिन पहले 12 जनवरी को राहुल गांधी ने दिल्ली में सिविल सोसायटी ऑर्गनाइजेशन्स और पीपुल्स मूवमेंट्स के लोगों से मिले।

## भारत ने अरब सागर में भेजे सात और वॉरशिप, समुद्री लुटेरों के हमलों से करेंगे बचाव

# अब तक पेट्रोलिंग बोट समेत 10 युद्धपोत तैनात

**AGENCY NEW DELHI :** भारत ने अरब सागर से अदन की खाड़ी तक 7 और वॉरशिप तैनात किए हैं। इस पर मौजूद मरीन कमांडोज सोमालिया के समुद्री लुटेरों से जहाजों को बचाएंगे। इसके पहले 26 दिसंबर को 3 वॉरशिप तैनात किए गए थे।

भारतीय नौसेना ने कहा कि अरब सागर में कारोबारी जहाजों पर हमले बढ़ रहे हैं। इन जहाजों को समुद्री लुटेरों से बचाने और उनके ड्रोन हमले रोकने के लिए सोमालिया के तट के पास, अरब सागर और अदन की खाड़ी में डिस्ट्रॉयर्स, फ्रिगेट्स और पेट्रोलिंग बोट समेत कुल 10 युद्धपोत तैनात किए गए हैं। नौसेना ने कहा कि



जो 10 युद्धपोत तैनात किए गए हैं उनमें क्ठर मोरमुगाओ, क्ठर कोलकाता, क्ठर कोच्चि, क्ठर चेन्नई, क्ठर तरकश, क्ठर तलवार शामिल हैं।

चार जनवरी को सोमालिया के समुद्री लुटेरों ने अरब सागर में लाइबेरिया के फ्लैग वाले लीला नोर्फोक जहाज को हाईजैक कर लिया था। भारतीय नौसेना ने 5 जनवरी को बताया कि जहाज ने ब्रिटेन के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स पोर्टल पर एक संदेश भेजा था। इसमें कहा गया था कि 4 जनवरी की शाम को 5-6 समुद्री लुटेरे हथियारों के साथ जहाज पर उतरे थे।

जानकारी मिलते ही भारतीय नौसेना ने हाईजैक किए गए जहाज को छुड़ाने के लिए वॉरशिप चेन्नई और मैरिटाइम पेट्रोलिंग एयरक्राफ्ट को रवाना किया गया था। इसके बाद इसमें सवार 15 भारतीयों समेत सभी 21 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया।

फुटेज में भारतीय नौसेना की बोट अरब सागर में हाईजैक हुए लीला नोर्फोक जहाज के करीब जाती दिख रही है।

इससे पहले 23 दिसंबर को हिंद महासागर में भारत आ रहे मालवाहक जहाज केम प्लूटो पर हमला हुआ था। इसमें 21 भारतीय और एक वियतनामी क्रू मेंबर सवार थे। सऊदी अरब से तेल लेकर भारत आ रहा यह जहाज जापान का था और लाइबेरिया के फ्लैग से ऑपरेट हो रहा था। हमले के वक्त जहाज पोरबंदर तट से 217 नॉटिकल मील (करीब 400 किमी) दूर था।

### समुद्र में होने वाली हर घटना पर नजर होगी

भारतीय नौसेना ने कहा कि अब समुद्र में होने वाली हर घटना पर हमारी नजर होगी। तैनात किए गए युद्धपोत समुद्र में किसी भी घटना को रोकने के लिए तैयार रहेंगे और हर स्थिति पर नजर बनाए रखेंगे। नौसेना के चीफ एडमिरल आर हरि कुमार ने 10 जनवरी को बताया था कि पिछले 42 दिनों में जहाज पर हमले की 35 घटनाएं हुई हैं, हालांकि किसी भी भारतीय जहाज पर हमला नहीं हुआ।

## साइबर ठगी के दो आरोपी धराये, कई सामान बरामद

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची की गोंदा थाना पुलिस ने दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में गिरिडीह निवासी मंटू कुमार मंडल और पवन कुमार मंडल शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के पास से 22 हजार नकदी, 15 मोबाईल, एक क्रेडिट कार्ड, एक स्विफ्ट डिजायर कार और सिम कार्ड बरामद किया है।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली कि गोन्दा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कांके डैम साईड फुचका चौक पर कुछ साईबर अपराधी करमाटांड़ जामताड़ा से आये हुए हैं। उन्होंने बताया कि सूचना थी कि ये लोग फिशिंग लिंक लोगों को भेजकर बैंक केवाईसी अपडेट करने का



मीडिया को जानकारी देते सीटी एसपी।

झांसा देकर ठगी करते हैं। आरोपियों ने 21 दिसंबर, 2023 को आन्ध्रप्रदेश के एक व्यक्ति को भी फिशिंग लिंक भेजकर 49 हजार 999 की ठगी की थी। इस मामले में भुक्तभोगी ने साईबर क्राईम पोर्टल नम्बर-1930 पर कम्प्लेन किया था, जिसका नंबर प्रतिबिंब पोर्टल से उपलब्ध कराया गया था।

प्राप्त सूचना के आधार पर साईबर डीएसपी यशोधरा और गोंदा थाना प्रभारी रवि ठाकुर के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया।



# देखें, आपका पशु बीमार तो नहीं

खेती और पशुपालन एक-दूसरे के पूरक और सहयोगी व्यवसाय हैं। मध्यप्रदेश में खेती के साथ-साथ गाय, भैंस आदि मुख्य रूप से दूध उत्पादन व कृषि संबंधी कार्यों के लिए पाले जाते हैं। दूध के लिए पाले जाने वाले पशुओं को प्रति पशु प्रति ब्यात दूध उत्पादन और कृषि संबंधी कार्यों के लिए पाले जाने वाले पशुओं की कार्य क्षमता दोनों ही हमारे प्रदेश में कम है। इनके कम होने के प्रमुख कारण हैं- उन्नत नस्ल के पशु न होना, असंतुलित और अपर्याप्त पोषण, सही रख-रखाव न प्रबंधन न होना तथा पशु रोगों के प्रति सतर्कता न बरतना आदि। इनमें से भी सबसे ज्यादा नुकसान पशु रोगों से होता है, जो दूध का उत्पादन और काम करने की क्षमता घटा देते हैं। यूँ तो पशुओं में कई तरह के अलग-अलग रोग पाए जाते हैं, जिनका इलाज पशु चिकित्सकों (डॉक्टरों) द्वारा किया जाता है। हर रोग के अलग-अलग लक्षण व अलग-अलग कारण होते हैं जिन्हें पहचानने के लिए विशेषज्ञों की सहायता की आवश्यकता होती है। परंतु रोग कोई भी हो, कुछ सामान्य लक्षण सब लोगों में समान होते हैं। इन लक्षणों से कम से कम इतना तय किया जा सकता है कि आपका पशु रोगग्रस्त है या नहीं।

रोगी पशु उदास दिखाई पड़ता है। उसके कान सीधे खड़े होने के बजाए ढीले होकर लटक जाते हैं। उसकी गर्दन भी तनी हुई न होकर ढीली और लटकी हुई दिखती है। वह अपनी चंचलता और सतर्कता खोकर अन्य पशुओं के झुंड से अलग-थलग रह कर उनके पीछे धीरे-धीरे चलता है या बैठ जाता है। उसके बालों की चमक कम होकर, बाल कुछ खड़े और अस्त-व्यस्त से दिख पड़ते हैं। आँखों की पुतलियों की हलचल धीमी व चमक कम हो जाती है।

वह खाली बैठने पर जुगाली धीमे-धीमे कम गति से करता है या बंद कर देता है। दूध देने वाले पशुओं का दूध कम हो जाता है। काम या श्रम करने वाले पशु जैसे बैल या भैंसा आदि खेत में हल-बखर, पाटा आदि चलाते समय या गाड़ी में जुते होते पर जल्दी से हाँफने लगते हैं। कभी-कभी काम करना बंद कर देते हैं या थककर बैठ जाते हैं। गोबर बहुत पतला या सख्त (कड़ा) हो जाता है। गोबर व मूत्र अधिक बदबूदार हो जाता है। शरीर का तापक्रम व गाड़ी तथा साँस लेने की गति बढ़ जाती है।

हर किस्म के पशु की नाड़ी की गति, श्वास प्रश्वास की गति और शरीर का तापमान सुनिश्चित व अलग-अलग होता है। इससे कम या अधिक होना पशु के रोगी होने का संकेत होता है। नाड़ी की गति गाय प्रजाति के पशुओं में पूँछ की जड़ के पास अँगूठे व दो-तीन उँगलियों से हल्का-सा दबाकर मालूम की जा सकती है। नाड़ी की सही गति गाय व बैल में 50 से 70, भैंस में 55 से 70, बकरी व भेड़ में 70 से 80 और कुत्तों में 70 से 120 प्रति मिनट होती है। नाड़ी की गति सामान्यतः नर की अपेक्षा मादा में और अधिक आयु के पशु की अपेक्षा कम उम्र के पशु में अधिक होती है।



पशुओं में दौड़ने-भागने, अधिक वजन खींचने के बाद और मौसम परिवर्तन के कारण भी बढ़ जाती है। इसलिए जब भी नाड़ी की गति मालूम करना हो पशु को विश्राम की सामान्य स्थिति में आने के बाद ही लेना चाहिए। नाड़ी की सही गति ज्ञात करने के लिए ऐसी घड़ी लें, जिसमें सेकंड का काटा लगा हो। नाड़ी की गति एक-एक मिनट तक तीन बार लेकर उसका औसत निकाल लें।

ऐसे निकालें श्वास की गति ़ उदाहरण के लिए एक-एक मिनट तक अलग-अलग तीन बार गिनने पर गाय की नाड़ी की गति आई- 64, 60 और 62। अब इसका जोड़ हुआ 186 और तीन से भाग देने पर औसत हुआ 62 प्रति मिनट। यह हुई नाड़ी की सही गति। नाड़ी की गति के समान ही श्यास प्रश्वास की सही गति से स्वास्थ्य का अनुमान लगाया जाता है। गाय के शरीर भार के अनुसार 12 से 20, भैस के शरीर भार के अनुसार 16 से 20, भेड़, बकरी की 12 से 22 प्रति मिनट होती है।

श्वास प्रश्वास की गति भी श्रम के बाद, गर्भावस्था में, सोते समय, जुगाली करते समय, भागने-दौड़ने के बाद और गर्मी के मौसम में अधिक हो जाती है। श्वास की गति पशुओं के कुछ देर विश्राम करने के बाद, सामान्य होने पर ही ली जानी चाहिए। इनकी गिनती भी तीन बार औसत निकालकर ही ली जानी चाहिए। श्वास की गति पशुओं के पेट पर हाथ रखकर या नाक (नथुनों) के सामने हाथ रखकर सावधानी पूर्वक गिनकर मालूम की जा सकती है। किसी भी प्रकार की असामान्यता होने पर पशु चिकित्सक की सलाह लें।

# खेती में कैसे करें तेल की बचत




खेती में खनिज तेल की बहुत ज्यादा खपत है. तेल के दाम दिन प्रतिदिन बढते ही जा रहे है अतः यह आवश्यक हो गया है की इनका उपयोग किफ़ायत के साथ किया जाए. किसान भाइयो को ट्रेक्टर और इंजनों में डीजल की खपत कम करने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए. ये बातें निम्न हैं-

प्रत्येक ट्रेक्टर और इंजन का निर्माता नए मशीन के साथ निर्देश पुस्तिका देता है. मशीनों के उपयोग करने से पहले उसकी निर्देश पुस्तिका को ध्यान से पढ़ें और उसमे लिखी सलाह के अनुसार ही मशीन का प्रयोग करें.

इंजन चालू करने पर यदि टैपित का शोर सुने पड़ता है तो इसका मतलब है इंजन में हवा कम जा रही है जिसके कारण डीजल की खपत बढ़ जाएगी .इसलिए टैपित से आवाज़ आने पर उसे फिर से बंधवाना चाहिए.

इंजन से काला धुआं निकलने का मतलब है ज्यादा डीजल खर्च हो रहा है. इंजेक्टर या इन्जेक्सन पम्प की कोई खराबी इसका कारण हो सकती है. अतः ट्रैक्टरों में 600 घंटे प्रयोग के बाद इंजेक्टर की जाँच करवा कर उसे फिर से बन्धवाएँ.

इंजन से कम लेना शुरू करने पर कुछ काला धुआं निकलता है पर यह जल्दी ही स्वयं साफ हो जाता है. यदि इंजेक्टर और इन्जेक्सन पम्प ठीक होने पर भी काला धुआं लगातार निकलता रहे तो यह इंजन पर पड़ रहे अतिरिक्त बोझ की निशानी है. अतः काम के बोझ को उतना ही रखें जिससे इंजन काला धुआं न दे तथा डीजल भी ज्यादा न फुकें.

ठन्डे इंजन से काम लेने पर उसके पुर्जों में घिसावत ज्यादा होती है और डीजल भी अधिक खर्च होता है. अतः इंजन चालू करने के बाद तुरंत ही उससे काम लेना शुरू न करें.

ट्रैक्टर के पहियों में हवा कम होने से डीजल की खपत बढती है. इसलिए पहियों में हवा का सही दवाब रखे.इसलिए निर्देश पुस्तिका में दिए गए सुझाव के अनुसार ही पहियों में हवा हा दवाब रखे.

ट्रेक्टर को इस प्रकार प्रयोग करें जिससे खेत के किनारों पर घूमने में कम समय लगे और खेत में अधिक समय कार्य हो सके. जैसे की चौड़ाई के बजाए लम्बाई में कार्य करने से ट्रेक्टर का खली घूमना कम होगा और डीजल की खपत भी कम होगी.

पम्प सेट या थ्रेशर इत्यादि चलने के लिए डिजन इंजनों को उतने ही चक्करों पर चलाए जिससे मशीन को पुरे चक्कर मिल सके. इन मशीनों को ज्यादा चक्करों पर चलने से डीजल खर्च के साथ साथ टूट-फुट होने की सम्भावना भी बढ़ जाती है.

पम्प सेट में ज्यादा बड़ा या छोटा पम्प या इंजम प्रयोग करने से ज्यादा डीजल फुकता है और पानी कम मिलता है. अतः जल की उपलब्धि के अनुसार ही सही इंजन और पम्प का चुनाव करें जो कम खर्च में ज्यादा पानी दे.

अधिक् दुरी से पानी खिचने में पम्प सेट ज्यादा डीजल खर्च करता है. इसलिए पम्प सेट को पानी की सतह के करीब से लगाकर खर्च में बचत करें.

पम्प को चलने वाले पट्टे (बेल्ट) के फिसलने से डीजल का खर्च बढ़ता है. अतः पट्टे को सही कास कर रखे. पट्टे में कम से कम जोड़ हो तथा इसे और घिर्नियों को एक सिद्ध में रखे.

पम्प सेट से पानी बहार फेंकने वाले नल को जितना ज्यादा उठाया जाएगा तो उतना ही अधिक डीजल खर्च होगा. इसे उतना ही ऊँचा उठाए जितना की आवश्यक हो.

इंजन का मोबिल आयल ज्यादा पुराना होने पर उसकी शक्ति घटने लगती है तथा डीजल ज्यादा खर्च होने लगता है. इसलिए निश्चित समय परिंजन के मोबिल आयल और फ़िल्टर को जरुर बदले.



# खरपतवारों पर नियंत्रण न किया तो गन्ने की पैदावार में कमी

गन्ना एक बहुवर्षीय फसल है, जो शरद (अक्टूबर), बसंत (फरवरी-मार्च) तथा अधसाली (जुलाई) में बोई जाती है। अधसाली गन्नों की बुवाई मुख्यतः महाराष्ट्र में की जाती है, जबकि भारत में ज्यादातर बुवाई बसंत ऋतु (फरवरी-मार्च) में की जाती है। इसकी बुवाई 75-90 सेमी की दूरी पर कतारों में की जाती है। बुवाई के लगभग 3-4 सप्ताह बाद गन्ना उगता है। पंक्तियों के बीच पर्याप्त दूरी एवं धीमी प्रारंभिक बढ़वार खरपतवारों को बढ़ने या फैलने में अत्यधिक सहायक होती है। यदि इनका समय पर नियंत्रण न किया गया तो गन्नों की पैदावार एवं गुणवत्ता में कमी आती है।

**रोकथाम का समय** - गन्नों में खरपतवारों की मुख्य समस्या बोने से लेकर मानसून शुरू होने तक रहती है। इस समय पौधे छोटे होते हैं तथा खरपतवारों से मुकाबला नहीं कर पाते हैं। अतः गन्नों की फसल को शुरू से खरपतवार रहित रखना आवश्यक होता है, लेकिन यह आर्थिक दृष्टि से लाभदायक नहीं होता इसलिए खरपतवार प्रतिस्पर्धा की क्रांतिक अवस्था में इनकी रोकथाम जरूरी होती है। गन्नों में यह अवस्था बुवाई के 40-70 दिन के बीच होती है।

**नियंत्रण के उपाय** - गन्ने की फसल में खरपतवार नियंत्रण की विधियाँ निम्न हैं-

**यांत्रिक विधि** - खरपतवारों को खुरपी अथवा कुदाली से नष्ट किया जा सकता है। फसल बोने से पूर्व की जुताई भी खरपतवारों की संख्या में कमी लाती है, चूँकि गन्ने की फसल का जमाव बुवाई के 25-30 दिन बाद होता है, तब तक खरपतवार काफी संख्या में उग आते हैं। इसलिए फसल बोने के एक सप्ताह बाद गुड़ाई करने से खरपतवारों को नष्ट किया जा सकता है। इसे अंधी गुड़ाई कहते हैं। इसके अलावा बैलों द्वारा चलाए जाने वाले कल्टीवेटर से गन्नों की पंक्तियों का प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है।

**ट्रेश मल्चिंग** - गन्नों की पंक्तियों के बाकी खाली स्थान में गन्नों की सूखी पत्तियाँ या पुवाल की 7-12 सेमी मोटी तह इस प्रकार से बिछा दी जाए कि गन्नों का अंकुर न ढँकने पाए तथा केवल खाली स्थान ही ढँका रहे। ऐसा करने से खरपतवार ढँक जाते हैं तथा प्रकाश न मिलने के कारण पीले पड़कर सूख जाते हैं। इससे खेत में नमी भी सुरक्षित बनी रहती है।

**खरपतवारों से हानियाँ** - गन्ने की फसल में खरपतवार फसल की तुलना में 5.8 गुना नाइट्रोजन, 7.8 गुना फास्फोरस एवं तीन गुना पोटाश उपयोग करते हैं। साथ ही नमी का एक बड़ा हिस्सा शोषित कर लेते हैं तथा फसल को आवश्यक प्रकाश एवं स्थान से भी वंचित रखते हैं। इसके अतिरिक्त फसलों में लगने वाले कीटों एवं रोगों के जीवाणुओं को भी आश्रय देते हैं।

खरपतवारों की संख्या एवं प्रजाति के अनुसार गन्नों की पैदावार में 14 से 75 प्रश तक की कमी आँकी गई है। शकर की मात्रा एवं गुणवत्ता में भी कमी आती है।



# सर्दी से फसलें ठिठुरती नहीं, जल जाती हैं



जब भी देश के उत्तरी भागों में बर्फ गिरती है, मध्यवर्ती भागों में भी शीतलहर का असर होता है। पारा नीचे गिरने लगता है। यह समय सामान्यतः दिसंबर-जनवरी में आता है। इन दिनों भी न्यूनतम तापमान 12-13 डिग्री सेल्सियस तक आ जाता है, परंतु तापमान जब 6 डिग्री से कम हो जाता है, तब फसल के पौधों को हानि की आशंका बढ़ जाती है।

अत्यधिक कम (4 डिग्री से कम) तापमान होने पर पानी बर्फ में परिवर्तित होने लगता है। इससे पौधे की कोशाओं में रासायनिक परिवर्तन के कारण उनके श्वसन में रुकावट आने लगती है। बर्फ बनने से कोलायड प्रणाली गड़बड़ा जाती है। वास्तविक रूप से कोशा के बाहर (दो कोशाओं के बीच) की जगह में जमी बर्फ, कोशाओं के अंदर जमी बर्फ की अपेक्षा अधिक हानिकारक होती है। सदी का अधिक असर सर्दी का असर तब और अधिक होता है, जब वातावरण का तापमान और नमी दोनों ही कम हो।

पानी के बर्फ में बदलने से उसका आयतन बढ़ जाता है। इससे कोशिकाओं की दीवाल पर दबाव बढ़ जाता है। इसके कारण कोशिका भित्ति की दीवारों में दरार पड़कर वे फट जाती हैं। इसके साथ ही कोशिकाओं के भीतर मौजूद जीव द्रव्य (प्रोटोप्लास्म) हिमांक बिंदु के तापमान तक पहुँचने पर ठंडा होकर बर्फ बनकर निर्जीव हो जाता है। इससे कोशिकाओं की क्रियाशीलता और जैविक गतिविधि बंद होकर पौधों के प्रभावित भाग नष्ट हो जाते हैं या संपूर्ण पौधा मर जाता है।

**तापमान कम होने पर** - तापमान कम होने पर पाला पड़ने की आशंका की सूचना आकाशवाणी व दूरदर्शन पर मौसम पूर्वानुमान में दी जाती है। यह चेतावनी बड़े व व्यापक क्षेत्र के लिए दी जाती है। स्थानीय रूप से भी जिस दिन शाम को अन्य दिनों की अपेक्षा ठंड अधिक हो, हवा का बहाना एकाएक रुक जाए, आकाश एकदम साफ व बदलीरहित हो तो पाला पड़ने की अधिक आशंका रहती है। हवा की गति धीमी यानी 3-4 किलोमीटर प्रतिघंटा चलने पर पाले से अधिक हानि होती है।

**सिंचाई करना** - जिस दिन पाला पड़ने की आशंका हो, फसल में सिंचाई कर दें। पानी देने से भूमि की निचली सतह की उष्मा सतह तक आने व सूक्ष्म वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से पाले का असर नहीं होता या कम हो जाता है। सिंचाई करने से खेतों की सतह से पास से वातावरण का तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक कम हो जाता है।

BRIEF NEWS

## उपायुक्त ने की जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक

**RANCHI :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, शासी परिषद की वार्षिक बैठक शुक्रवार को आयोजित की। बैठक में उपायुक्त ने जिला के तहत डीएमएफटी फंड में प्रखंडवार प्राप्त रॉयल्टी, वित्तीय वर्ष 2016-17 से दिसंबर 2023 तक डीएमएफटी मद में प्राप्त राशि और व्यय, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से आच्छादित ग्राम-पंचायत की सूची की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। समिति के सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2016-17 से दिसंबर 2023 तक उच्च प्राथमिकता क्षेत्र में लगभग 66 प्रतिशत और अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में 34 प्रतिशत की योजना स्वीकृत एवं क्रियान्वित की जा रही है।

## श्रीराम भरत मिलाप समिति 11 हजार दीपों का करेगा वितरण

**RANCHI :** रांची के डोरंडा स्थित कार्यालय में श्री राम भरत मिलाप समिति सदस्यों की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर के उद्घाटन को उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। सभी सदस्यों ने एक स्वर में अपने-अपने क्षेत्र के मंदिर को सजाने में अपना योगदान देने की बात कही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने कहा कि 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में अंकित हो ऐसा सुनहरा दिन है और श्रीराम भरत मिलाप समिति की स्थापना 1971 में हुई थी और पिछले 50 दशकों से समिति के सदस्य श्रीराम जन्मभूमि के कार्यों में निरंतर लगे रहे हैं और यह समिति के लिए बहुत गर्व की बात है, उन्होंने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि श्रीराम भरत मिलाप समिति ने निर्णय लिया है कि 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने के लिए 11000 दीपों का वितरण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा।

## हाईकोर्ट ने निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज चार मामलों को किया रद्द

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने मधुपुर विधानसभा सीट पर उप चुनाव के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयानबाजी करने को लेकर दर्ज चार प्राथमिकी को निरस्त कर दिया है। इसको लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में मधुपुर विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयानबाजी करने को लेकर कुल चार प्राथमिकी मधुपुर सब-डिवीजन के अलग-अलग थानों में दर्ज की गई थी।

## गैर कानूनी कार्यों के सहभागी ना बनें राज्य सरकार के अधिकारी : प्रतुल शाहदेव

**RANCHI :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को राज्य सरकार के अधिकारियों से अपील की कि वे गैरकानूनी कार्यों के सहभागी ना बनें। उन्होंने कहा कि अधिकारी रूल बुक के मुताबिक संविधान और देश के कानून के अनुरूप ही कार्य करें। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री को ये नहीं भूलना चाहिए देश का कानून सर्वोच्च होता है। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार के कैबिनेट सेक्रेटरी ने एक अति आपत्तिजनक पत्र ईडी को लिखकर अपने अफसरों को तलब किए जाने के मुद्दे पर जानकारी मांगी है। यह पत्र सीधे तौर पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अवहेलना है। प्रतुल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि हेमंत सरकार अब गैर कानूनी रास्तों का सहारा लेकर भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे केंद्र सरकार के मुहिम को रोकना चाहती है और अपने चहेते अफसरों को बचाना चाहती है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

### विकास भारती की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल, बोले-

# विवेकानंद का जीवन हमें राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करता है

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हमें आत्मविश्वासी होकर राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करता है। विकास भारती विगत 41 वर्षों से जनजातियों के उत्थान की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। इसके लिए संस्था सराहना का पात्र है। इस संस्थान ने शिक्षा, रोजगार, महिला स्वावलंबन, कौशल विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया है।

राज्यपाल शुक्रवार को रांची के आरोग्य भवन स्थित विकास भारती बिशुनपुर की ओर से आयोजित जनजातीय युवा कला एवं सांस्कृतिक समागम 2024 कार्यक्रम में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय समुदाय प्रकृति प्रेमी होते हैं। वे जड़ी-बूटियों के बारे में बहुत कुछ जानते हैं। पारंपरिक कौशल उनकी विरासत का हिस्सा है।



कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल व अन्य। • फोटोन न्यूज

आवश्यकता है उनके पारंपरिक कौशल को और भी तराशने की। झारखंड खनिज संपदा के मामले में सबसे अव्वल राज्य है। हम इस संसाधन का उपयोग कर एवं साझा प्रयास कर इसका समग्र विकास कर सकते हैं। इसके लिए युवा शक्ति को भी आगे आना होगा।

उन्होंने कहा कि हमलोगों के लिए गर्व की बात है कि आदिवासी समाज की एक महिला राष्ट्रपति पद को सुशोभित कर रही हैं। राज्य के जनजातियों के विकास के लिए जनजातीय कार्य एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा के जरिये लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने 85 से अधिक एकलव्य विद्यालय झारखंड को दी है। राज्यपाल ने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया एवं असुर जनजातीय के जरिये लोह निर्माण की कला को भी देखा।

## युवाओं का निरंतर मार्गदर्शन करते रहेंगे विवेकानंद के विचार : राज्यपाल

**RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि यह समारोह एक महान विचारक एवं आध्यात्मिक विभूति युगपुरुष स्वामी विवेकानन्द के प्रति श्रद्धांजलि की है। स्वामी विवेकानन्द के विचार युवाओं का निरंतर मार्गदर्शन करते रहेंगे। साथ ही कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उनके विचार हमें आत्मविश्वास, समर्पण और राष्ट्र के विकास के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रेरित करती हैं। राज्यपाल शुक्रवार को रांची के केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा का अनावरण किया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने युवाओं के चरित्र निर्माण, नैतिकता एवं बेहतर मूल्यों पर आधारित समाज के निर्माण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपनी 14 वर्षों की यात्रा में, नवाचार एवं



रचनात्मकता को बढ़ावा देते हुए ज्ञान आधारित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के दिखाये गए मार्ग पर चलकर भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का देश बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल्द ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आर्थिक उन्नति की ओर बढ़ने के बाद भी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विश्व बंधुत्व की भावना का परिचय दिया है। कोविड के समय टीका विकसित कर भारत ने न सिर्फ अपने देशवासियों को, बल्कि अन्य देशों को भी नि:शुल्क टीका उपलब्ध कराया।

## हेमंत ने रघुवर सरकार की योजनाओं को ठप कर शिक्षा के कार्यों को रोका : नीरा यादव

**PHOTON NEWS RANCHI :** कोडरमा के विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि धोखेबाज हेमंत सरकार ने सबसे ज्यादा युवाओं को ठगने का कार्य किया है। हेमंत सरकार ने रघुवर सरकार के कार्यकाल की योजनाओं को ठप कर शिक्षा के कार्यों को रोकने का कार्य किया है।

वे शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि नौ माह की अवधि में बजट का खर्च काफी नीचे रहा है। उच्च तकनीकी शिक्षा के 1092 करोड़ का कुल बजट में मात्र 23.12 प्रतिशत व्यय हुआ है जबकि स्कूली शिक्षा में भी स्थिति बदतर



मीडिया को जानकारी देती नीरा यादव। • फोटोन न्यूज

है, 6387 करोड़ के बजट में मात्र 58.14 प्रतिशत ही खर्च हुआ है। हाई स्कूलों में 10 हजार शिक्षकों के पद की रिक्तियां है। देश में 18 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक हैं, जो कि झारखंड में 35 विद्यार्थी पर एक शिक्षक तैनात हैं।

नीरा ने कहा कि हाई स्कूलों और प्लस टू में लगभग 70 प्रतिशत प्रिंसिपल के पद रिक्त हैं, जिनमें 50 प्रतिशत सीधे नियुक्ति करनी है। झारखंड के यूनिवर्सिटी और कलेजों की स्थिति बद से बदतर है। 50 प्रतिशत से ज्यादा प्रोफेसर पद रिक्त हैं। नियम के खिलाफ 55 प्रतिशत अस्थायी शिक्षक के भरोसे चल रही है। नियम के अनुसार सिर्फ. 10 प्रतिशत ही अस्थाई शिक्षक बहाल किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार में रोडमैप बनाकर शिक्षा की स्थिति में बदलाव लाया गया था।

## हाईकोर्ट : आरोपियों का शत प्रतिशत स्वीकारोक्ति संभव कैसे

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट के समक्ष शुक्रवार को गिरिडीह जिले के पचंबा पैक्स मैनेजर संतोष यादव की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य के डीजीपी सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने डीजीपी से कहा कि पुलिस थानों में आरोपितों का 100 प्रतिशत स्वीकारोक्ति बयान कैसे संभव है? अनुसंधान को सही सही दिशा में ले जाने के लिए पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग देने की जरूरत है।

कोर्ट ने कहा कि एफआईआर दर्ज होने के बाद अनुसंधान सही तरीके से होना चाहिए। कोर्ट ने महाधिवक्ता का पक्ष सुनने के बाद संतोष यादव समेत एक अन्य आरोपित को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी। हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन भी




कोर्ट के समक्ष उपस्थित थे।

इससे पहले गुरुवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि याचिकाकर्ता इस मामले में निर्दोष है। अनुसंधान में भी उसकी कोई संलिप्तता नहीं पाई गई है। इसलिए उसे अग्रिम जमानत दी जाए।

दरअसल, वर्ष 2022 में गिरिडीह के पचंबा पैक्स के जरिए 800 क्विंटल धान खरीदा गया था। इस धान को मिल में नहीं भेजा गया था, जिसे लेकर गिरिडीह डीसी ने एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था।

### विंटर सीरीज 2024 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ फाइनल

## नेवरी ने पुंदाग को चार विकेट से हराकर खिताब किया अपने नाम



**PHOTON NEWS RANCHI :** कांके प्रखंड के ऊरगुट्टू भेलवाटांड़ मैदान में पांच दिवसीय विंटर सीरीज 2024 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांके प्रखंड उप प्रमुख अंजय बैठा और विशिष्ठ अतिथि पूर्व जीप सदस्य सह आजसु जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, आजसु नेता अमन लाल शाहदेव, कांग्रेस नेता शिवटहल नायक ने सम्मिलित तौर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बैटिंग करके उद्घघाटन किया। फाइनल मैच पुंदाग इलेवन और नेवरी स्टार के बीच खेला गया। 10-10 ओवर के मैच में नेवरी ने पुंदाग की टीम को 4 विकेट से हरा कर विंटर सीजन 2024 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता नेवरी की टीम को तीस हजार एक्वान रुपया नगद और एक बड़ा ट्राफी वही उप विजेता रहे पुंदाग की टीम को पन्द्र हजार नगद और एक छोटा ट्राफी अतिथियों के हाथों दे कर सम्मानित किया गया। इसके अलावे बेस्ट बॉलर, बेस्ट कीपर, मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरिज का भी पुरस्कार से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता मुश्ताक आलम, प्रभात भूषण, आजम अंसारी, सज्जाद अंसारी, लाला महली शामिल हुए। वहीं टूर्नामेंट को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष मतीउर रहमान, नदीम अख्तर, हसनैन अहमद, अमजद खान, मजहरूल अंसारी, हासिम अंसारी, शाहिल, सुरेश पहान, आलम अंसारी, अकीब अंसारी का अहम योगदान रहा।

### कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन

## युवा शक्ति से ही राज्य के नवनिर्माण का संकल्प होगा पूरा : सुदेश महतो

**PHOTON NEWS RANCHI :** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य की जनता सरकार की गलत नियत और नीति से हताश और निराश है। इन्होंने जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। राज्य में सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता है, जो नवीन सोच और सकारात्मक नेतृत्व से ही संभव है। सुदेश कुमार महतो शुक्रवार को रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में बड़कागांव से आए कांग्रेस के कई कार्यकताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों


सुदेश महतो आजसू में शामिल सदस्य। • फोटोन न्यूज

का स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि युवा शक्ति से ही राज्य के नवनिर्माण का हमारा संकल्प पूरा होगा। आप सभी युवा साथियों का युवा दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी में हार्दिक स्वागत है। बड़कागांव समेत पूरे राज्य की जनता के हित के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। जनता के लिए काम करने का सबसे सशक्त प्लेटफार्म आजसू पार्टी है।

मिलन समारोह में महेश महतो, देव नारायण राणा, संतोष साव, अमृत साव, सुरेश साव, छोटेलाल कुमार, रोहित कुमार, ललन कुमार दास, किशोर साव, धीरेंद्र साव, राज कुमार साव, दशरथ कुमार दास, पप्पू कुमार समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता

### शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सीएम फेलोशिप योजना लेकर आयी राज्य सरकार, छात्रों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

# इस योजना से प्रतिवर्ष एक हजार विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य सरकार छात्रों की शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सीएम फेलोशिप योजना लेकर आयी है। इसके तहत राज्य के सरकारी या गैर सरकारी विश्वविद्यालय से पीएचडी करने वालों में अनुसंधान को बढ़ावा देने की योजना है। योजना के तहत यूजीसी नेट-सीएसआईआर नेट उत्तीर्ण छात्रों को 25,000 रुपये प्रतिमाह और झारखंड पात्रता परीक्षा पास छात्रों को 22,500 रुपये प्रतिमाह चार साल तक दी जाएगी। इस योजना से प्रतिवर्ष कुल 1000 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।


मीडिया को जानकारी देते राहुल पुरवार। • फोटोन न्यूज

### गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना के तहत दिया जाएगा शिक्षा ऋण

प्रधान सचिव ने कहा कि गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत छात्रों को उच्च मान्यता प्राप्त शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा के लिए चार प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की रियायती दर पर 15 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण प्रदान किया जाएगा। शिक्षण अवधि तक लोन की ईएमआई नहीं देनी होगी। ईएमआई कोर्स पूरा करने के बाद ही देय होगी।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए एकलव्य योजना

यूपीएससी, जेपीएससी एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों के लिए प्रतिष्ठित सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही 2500 रुपये का मासिक भत्ता भी दिया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए झारखंड से 12वीं उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 25 सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में 27000 विद्यार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

### छात्राओं के लिए मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना होगा शुरू

पुरवार ने बताया कि तकनीकी शिक्षण संस्थानों में छात्राओं के नामांकन में सुधार के लिए मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना शुरू करने की योजना है। इसके तहत डिप्लोमा करने के लिए 15,000 रुपये की वार्षिक सहायता एवं डिग्री के लिए 30,000 की वार्षिक सहायता दी जाएगी।

### मॉडल यूनिवर्सिटी एक्ट का प्रारूप किया गया तैयार

प्रधान सचिव ने बताया कि राज्य में निजी विश्वविद्यालयों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को सुनिश्चित करने और मॉनिटरिंग करने के लिए मॉडल यूनिवर्सिटी एक्ट (झारखंड निजी विश्वविद्यालय विधेयक) का प्रारूप तैयार किया गया है। विश्वविद्यालयों में घंटी आधारित शिक्षकों के पारिश्रमिक को बढ़ाकर 57,700 रुपये प्रति माह एवं पॉलिटेक्निक में 56,100 रुपये प्रति माह किया गया है।

# खबरें राउरकेला की

## झीरपानी और सेक्टर 15 के थानेदार का तबादला

**ROURKELA :** राउरकेला पुलिस के कई थानेदार बदले गए है। झीरपानी थाने के थानेदार श्रीकांत खमारी को सेक्टर-15 थाने में स्थानांतरित किया गया है, जबकि लक्ष्मीधर हासदा को पुलिस मुख्यालय में स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह झीरपानी थाना प्रभारी के पद पर रवींद्र कुमार साहू को पदस्थापित किया गया है।

## इंडो इंग्लिश स्कूल का स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस मना




**ROURKELA :** इंडो इंग्लिश स्कूल का स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस शुक्रवार को राउरकेला भंज भवन सभागार में मनाया गया। इस अवसर पर श्रम एवं ईएसआई मंत्री सारदा प्रसाद नायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, वहीं एनआईटी निदेशक के उमा महेश्वर राव सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल संस्थापक मंजू मुखर्जी ने की।

## हिंद मजदुर सभा ने जगदीश नाग का मनाया 18वां स्मृति दिवस

**ROURKELA :** हिंद मजदूर सभा की ओर से राउरकेला मजदूरों के दिवंगत नेता स्वर्गत जगदीश नाग की 18वीं स्मृति दिवस मना। इस अवसर पर राउरकेला मजदूर सभा के पूर्व संपादक एवं कोषाध्यक्ष आदिकंद भोल ने जगदीश नाग ने तस्वीर पर माल्यार्पण किए। अन्य लोगों में राउरकेला विधायक और श्रम और ईएसआई राज्य मंत्री सारदा प्रसाद नयाक, बीजद शहर अध्यक्ष गगन बिहारी पांडा, दीगंबर दास, सुंदरगढ़ जिला औद्योगिक संघ के महेश्वर महापात्र, बिमल बेहुरिया, जगबंधु जेना के साथ दिलीप जेना राकेश चंद, सारथी सागर, कृष्णा शामिल थे। चन्द्र नायक, गोपाल सिंह अशोक कुमार दास एवं अन्य सभी कार्यकर्ताओं ने जगदीश नाग की जीवन शैली पर अपने विचार प्रस्तुत किया।




## प्रशांत सेठी ने फर्टिलाइजर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर महानगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन





**ROURKELA :** पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रशांत सेठी ने शुक्रवार राउरकेला महानगर निगम के आयुक्त को रघुनाथपल्ली विधानसभा क्षेत्र के तहत फर्टिलाइजर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। उक्त मांग पत्र में कहा गया है कि फर्टिलाइजर क्षेत्र के लोगों को राउरकेला जाने के लिए मो बस सेवा मंगला चौक तक जाती है। आईडीएल, लोकनाथ मार्केट से तारापुर गेट तक यह सेवा उपलब्ध कराने से उस क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होता। मॉडर्न इंडिया, लेबर कॉलोनी, लक्ष्मी मार्केट बस्ती क्षेत्र में यदि सरकार एक-एक कूड़ेदान की सुविधा मुहैया करा दे तो कूड़ा एक जगह फेंके क्षेत्र की साफ-सफाई कायम रखी जा सकती है। यदि क्षेत्र के निवासी वाहन में कचरा का उचित निपटान कर सकें तो कचरा संग्रहण वाहन भी क्षेत्र में भेजेने से अंचल साफ सफाई और अच्छा हो सकते हैं। इस अवसर पर बिनता जेना, सरोज नयाक, विश्व रंजन राउत, तन्मय सेठी, प्रताप पाढ़ी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## राउरकेला में तैयार हो रहा विशाल दीपक, जलाया जाएगा श्रीराम मंदिर लोकार्पण के दिन



**ROURKELA :** शहर में एक विशाल दीपक बनाया जा रहा है। 22 तारीख को अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का उद्घाटन के दिन इस विशाल दीपक को जलाया जाएगा /शहर में इस दिन को मनाने के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा उत्सव का तैयारी किये जा रहे हैं।इसी कड़ी में शहर की एक अग्रणी संस्था द्वारा 5 फीट ऊंचा और 12 फीट गोल दिया तैयार किया जा रहा है। 22 तारीख को यह दीपक हनुमान बाटिका में जलाया जाएगा।इससे पहले दीप को स्माइल फाउंडेशन की ओर से शहर का भ्रमण कराया जाएगा। राउरकेला-बंडामुंडा रोड पर शंभू मूर्ति स्टोर ने इसका निर्माण कार्य अपने हाथ में ले लिया है।

## वेदांता में प्रोजेक्ट पिची किया लांच




**JHARSUGURA :** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में 'प्रोजेक्ट पिची' का तीसरा चरण लॉन्च किया है। वेदांता के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल के दूरदर्शी नेतृत्व में, प्रोजेक्ट पंछी वेदांता का अभिनव कॉपोरेट भर्ती अभियान है, जिसका लक्ष्य पूरे भारत में विभिन्न व्यवसायों में आर्थिक रूप से वंचित पिछड़े समुदायों की 1,000 लड़कियों को रोजगार देना है। इसका उद्देश्य कम आय वाले परिवारों की लड़कियों की मदद करना है जो वित्तीय और सामाजिक बाधाओं के कारण आगे की पढ़ाई करने और एक अच्छा करियर बनाने में असमर्थ हैं। परियोजना के तीसरे चरण के हिस्से के रूप में, झारसुगुड़ा में भर्ती के लिए 45 महिलाओं की पहचान की गई है। युवा महिलाओं को उनके प्रस्ताव पत्र दिए गए और जिला श्रम अधिकारी सुनीता किसान और जिला रोजगार विनिमय अधिकारी संगीत मेहर द्वारा समर्पित किए गए, जबकि झारसुगुड़ा विधायिका दीपाली दास, विधायक और कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट अबोली सुनील नरवणे ने प्रमुख आभासी मोड में भाग लिया। इस पहल ने 200 से अधिक लड़कियों का चयन किया है, जिनमें से कई पहली पीढ़ी के छात्र हैं जिन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा के अंतिम चरण तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण बाधाओं को पार किया है।

# नोट्रेडेम स्कूल में बच्चे बेहोश होकर गिरे

## टीचर-पैरेंट्स गोद में लेकर भागे, खून की उल्टियां हुई

एजेंसी

**मुंगेर ।** मुंगेर के नोट्रेडेम स्कूल में अचानक बच्चे बेहोश होकर गिरने लगे। बच्चे गिर गए। टीचर, स्टाफ और पैरेंट्स बच्चों को गोद में उठाकर भागने लगे। स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा आदिति राज ने बताया कि 100 बच्चे बेहोश हुए हैं। कुछ बच्चों को खून की उल्टियां हुई हैं। स्कूल प्रबंधन ने प्रशासन को सूचना दी। मौके पर एंबुलेंस भेजी गई। बच्चों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक बच्चों की स्थिति ठीक है।स्कूल में बेहोश होने को लेकर दो बातें सामने आई हैं। पहला- कमेस्ट्री लैब में गैस लीक होना, जबकि स्कूल प्रबंधन का कहना है कि पौधों पर कीटनाशक



के छिड़काव की वजह से बच्चे बेहोश हुए हैं।आनन-फानन में स्कूल की छुट्टी कर दी गई है। इसके बाद सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चों को घर लेकर चले गए हैं। स्कूल में अब भी प्रशासनिक अधिकारी जमे हुए हैं। एसडीआरफ टीम के अलावा कई विभाग के अधिकारी मौजूद हैं। अफसरों ने बताया कि स्थिति सामान्य है, जो बच्चे बेहोश हुए थे, उनकी स्थिति सामान्य है।मैके पर



पहुंचे अधिकारी घटना के संबंध में स्कूल प्रबंधन में बताया कि स्कूल परिसर के पौधों पर कीटनाशक का छिड़काव किया जा रहा था। उसी दौरान मैदान में खेल रहे बच्चे बेहोश हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यालय डीएसपी आलोक कुमार, सदर डीएसपी राजेश कुमार, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी चंदन कुमार के अलावा स्वास्थ्य कर्मी अग्निशमनकर में और एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंचे और सभी बच्चों को रेस्क्यू करते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। गैस लिक होने से बेहोश हुए बच्चे विद्यालय के छात्रों ने बताया कि स्कूल के अंदर कैमेस्ट्री का प्रयोगशाला के कमरे से काफी दिनों गैस लीक कर रहा था।इसी कारण से सभी बच्चे बेहोश हो गए हैं। करीब 100 बच्चे बेहोश हुए हैं।घटना की जानकारी के बाद मुंगेर विधायक प्रणव कुमार भी अस्पताल पहुंच गए। स्थिति से अवगत होने के बाद लोगों को पैनिक ना होने की अपील की है। सभी बच्चों को हिम्मत देते हुए उन्होंने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। स्थिति सामान्य है।सभी स्वस्थ चिकित्सक डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि बच्चे किस कारण से बेहोश हुए थे, यह अभी तो क्लियर नहीं कहा जा सकता है।

## कार ने 11 साल की स्कूली बच्ची को रौंदा, मौत



**दरभंगा ।** दरभंगा में स्कूल जा रही तीसरी कक्षा की बच्ची की सड़क हादसे में मौत हो गई। उसे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने रौंद डाला। बच्ची का स्कूल सड़क के उस पार था। जो घर से काफी नजदीक है। वहां जाने के लिए बच्ची सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान हादसा हो गया। बच्ची को कुचलने के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया।आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को 3 घंटे तक जाम कर दिया। यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। सूचना पर सीओ और पुलिस अधिकारी पहुंचे। काफी समझाने के बाद मामला शांत हुआ। घटना बिरौल थाना क्षेत्र के सिसौनी मोड़ पर की है।बच्ची 11 वर्षीय मनीषा कुमारी उर्फ खुशी है। उसका स्कूल मोहल्ले में ही है। सुबह करीब साढ़े सात बजे वो विद्यालय जा रही थी। इसी दौरान उल्टी दिशा से आ रहे वाहन उसे कुचल दिया। हादसे के बाद लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले के शांत कराया। अंचल अधिकारी विमल कुमार कारण, बिरौल थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश झा, अन्य अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कई घंटों तक लोगों को समझाया। जिसके बाद सड़क से जाम हटा। यातायात बहाल हुआ। बिरौल थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश झा ने कहा कि लोगों को समझा-बूझकर यातायात सुचारू कर दिया गया है। लाश को कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आवेदन मिलने के बाद अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## मगध मेडिकल से लापता बच्ची बरामद

**गया ।** गया मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल से लापता हुई पांच वर्षीय बच्ची सकुशल बरामद कर ली गई है। बच्ची के बरामद होते ही मगध मेडिकल और रामपुर थाने की पुलिस ने राहत की सांस ली है। हालांकि बच्ची की बरामदगी रामपुर थाना की पुलिस ने देर रात रोते बिलखते हुए की थी। फिर बच्ची को चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया था। इसके बाद किसी तरह रामपुर थाने की पुलिस को जानकारी मिली कि बच्ची मगध



मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल खो गई थी। फिर इसके बाद किसी तरह परिजन को रामपुर थाना बुलाया गया और चाइल्ड लाइन और रामपुर थाने की पुलिस टीम ने बच्ची को उसके माता-पिता को सौंप दिया है। वहीं बच्ची मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली है। वहीं बच्ची की मां ने रामपुर पुलिस और चाइल्ड लाइन को धन्यवाद किया है। जिले गुरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमिया गांव की रहने वाली अर्चना कुमारी पति रौशन कुमार ने बताया कि वे गुरुवार को सर में दर्द रहने के कारण इलाज करने 5 वर्षीय बेटी अंशु के साथ मगध मेडिकल अस्पताल को आई थी। वह पुर्जा काटने के लिए लाइन में लगी हुई थी इस दौरान बच्ची को भीड़ होने की वजह से साइड में चेयर पर बैठा दिया था।

## सीट बंटवारा तो होगा ही ये इंटरनल मामला

एजेंसी

**पटना ।**बिहार में इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जेडीयू पहले ही 16 सीटों पर दावा कर चुकी है। लेकिन सीटों शेयरिंग को लेकर क्या फॉर्मूला तय होगा ये अबतक साफ नहीं हो पाया है। इनसब के बीच डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को कहा है कि सीटों का बंटवारा तो होगा ही। लेकिन इस मसले पर पत्रकारों से क्यों बात करें? ये सब इंटरनल है। इसके साथ ही जब उनसे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के न्योता को लेकर सवाल किया गया तो वो टाल गए। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के बिहार दौरे पर उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति कहीं आ जा सकता है।हमने



नौकरी देने का जो वादा किया उसे पूरा कर रहेतेजस्वी यादव ने कहा है कि हम लोगों ने जो वादा किया था। उस वादा को पूरा कर रहे हैं। लोग कहते थे कि नियोजित शिक्षकों का कुछ नहीं हो सकता। पहले भी हम लोगों ने 1 लाख से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्ति की और कल फिर महागठबंधन की सरकार अपना वादा पूरा करने में लगी है।नियोजित शिक्षकों को भी राज्यकर्मी का दर्जा दे दिया गया है। बिहार पहला राज्य है जो इतनी नौकरी दे रहा है। किसी को दिखे, नहीं दिखे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।बता दें जेडीयू सोशल मीडिया के जरिए ही नहीं बल्कि बयान देकर भी 16-17 सीटों के लिए इंडिया गठबंधन के अंदर दबाव बनाए हुए है। सीपीआई तीन सीटों की मांग कर रही है और माले पांच सीटों की। लेकिन लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव सहित आरजेडी के तमाम नेता सीटों की दावेदारी के आंकड़ा सामने नहीं रख रही। इसे आरजेडी के संयम, जेडीयू का दबाव को इंडी गठबंधन के अंदर की तनातनी के तौर पर देखा जा रहा है। दो दिन पहले माले के नेताओं ने तेजस्वी यादव से मुलाकात के बाद कहा था कि जेडीयू नेता गैरजरूरी बयानों से भ्रम की स्थिति बना रहे हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### घूसखोर दारोगा बर्खास्त, 35 हजार रुपए लिया था नजराना

**पूर्णिया ।** पूर्णिया के डीआईजी विकास कुमार ने घूसखोर दारोगा पर



कार्रवाई की है, उन्हें बर्खास्त कर दिया। करीब डेढ़ साल पहले रंगे हाथों घूस लेते बायसी थाना के सब इंस्पेक्टर प्रणय मरांडी को गिरफ्तार किया गया था। भ्रष्ट दारोगा पॉक्सो एक्ट से नाम हटाने और केस को मजबूत करने के एवज में बायसी अनुमंडल कोर्ट के पास चाय की दुकान में 35 हजार रुपए घूस ले रहे थे। तभी निगरानी ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया था।डीआईजी विकास कुमार ने बताया कि 17 जून 2022 को बायसी थाना के दारोगा प्रणय मरांडी को एक केस के सिलसिले में अजीबुर्र रहमान नामक युवक से 35 हजार घूस लेते निगरानी की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।फरियादी अजीब्रु रहमान ने निगरानी में शिकायत की थी कि सितंबर में कुछ अपराधियों ने उनके भाई की हत्या कर दी थी। जिसमें आरोपी पक्ष ने अपनी नाबालिग बेटी से रेप का झूठा केस कर दिया था। इसी मामले में बायसी थाना के एसआई प्रणय मरांडी ने उनसे पॉक्सो एक्ट से नाम हटाने और केस को मजबूत करने के एवज में 35 हजार घूस मांगे। निगरानी की टीम ने इसे गंभीरता से लिया और इसकी जांच की। जांच में आरोप सही निकला।पटना से आई निगरानी की 10 सदस्यीय टीम बायसी पहुंची थी। 17 जून 2022 को बायसी में अनुमंडल कोर्ट के सामने एक चाय की दुकान पर दारोगा प्रणय मरांडी को अजीबुर्र रहमान से 35 हजार रुपए घूस लेते निगरानी की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इधर शुरू की गई विभागीय कार्रवाई में आरोप सही पाए गए। जिसके बाद भ्रष्ट दारोगा पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्होंने सेवा से बर्खास्त कर दिया।।

### वार्ड सदस्य और उसके सहयोगी को किया गिरफ्तार



**समस्तीपुर ।** समस्तीपुर जिले के हसनपुर प्रखंड के अहिलवार पंचायत के मुखिया पर अविश्वास लगा था। इस दौरान पीपड़ा निवासी वार्ड सदस्य विजय यादव ने दहशत फैलाने के लिए 2 राउंड फायरिंग की थी। मामले की सूचना लोगों ने पुलिस को दे दी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वार्ड सदस्य विजय समेत दो लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। एक बोलेरो, 2 देसी कट्टा के अलावा 9 लीटर विदेशी शराब भी बरामद की है। गिरफ्तार लोगों में वार्ड सदस्य विजय यादव के अलावा इसी प्रखंड के वार्ड-4 निवासी और रणवीर प्रसाद सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है।रोसरा के एसडीपीओ शिवम कुमार ने कहा कि पंचायत के मुखिया पर लगे अविश्वास के कारण हसनपुर पिपरा में वार्ड सदस्य विजय ने गोली चलाई थी। गोली चलाने के बाद विजय अपने एक सहयोगी के साथ बोलेरो से निकल रहा था। इसी दौरान पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 2 कट्टा के अलावा कारतूस बरामद किया गया। जब बोलेरो की तलाशी ली गई तो विभिन्न कंपनियों की 9 लीटर विदेशी शराब भी मिली थी।

### महिला ने दो प्रेमी संग मिलकर तीसरे की हत्या की



**खगड़िया ।**खगड़िया में एक महिला ने अपने दो प्रेमियों से मिलकर तीसरे प्रेमी की हत्या करा दी। महिला के तीन बच्चे थे। पति दिल्ली में कॉरपेंटर का काम करता है। हत्या की साजिश रचने के बाद महिला ने तीसरे प्रेमी को बुलाया था।फिर एक प्रेमी ने डंडे से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। बाद में दूसरा प्रेमी को फोन करके बुलाया गया। दोनों प्रेमियों ने तीसरे को दूर ले जाकर केबल बॉक्स में छिपा दिया। पुलिस ने इस मामले में महिला और उसके दो प्रेमियों को गिरफ्तार कर लिया है।घटना जिले के परबत्ता प्रखंड स्थित भरतखंड थाना क्षेत्र के थेभाय गांव की है। भरतखंड के थानाध्यक्ष रोशन प्रसाद ने बताया कि मनोज शर्मा की हत्या मामले में पूजा देवी नामक महिला और उसके दो प्रेमी भरसों पंचायत के थेभाय गांव निवासी अखिलेश दास और मिथुन शर्मा को गिरफ्तार किया गया है।थानाध्यक्ष रोशन प्रसाद ने बताया कि महिला पूजा देवी तीन बच्चों की मां है। मनोज शर्मा उसका तीसरा प्रेमी था, जिसके साथ महिला का अवैध संबंध था। 8 जनवरी की रात महिला के बुलावे पर मनोज गांव के ही बगीचे में गया था।

## धू-धू कर जल गया भाजपा का लव कुश रथ

एजेंसी

**बेगूसराय।** सबके सिया, सबके राम, चलो अयोध्या धाम के नारा के साथ पटना से निकला भाजपा का रथ बेगूसराय में जल कर राख हो गया है। इस घटना में रथ वाहन का चालक भी घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना सिंघौल सहायक थाना क्षेत्र के हर्ष गार्डन के समीप की है। लव कुश रथ का आज बेगूसराय में कार्यक्रम था। इसके लिए रथ रात में पहुंचा तथा हर्ष गार्डन में रुका हुआ था। रात में अचानक करीब 12 बजे रथ में आग लग गया तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में लोगों ने आग



बुझाने का प्रयास किया तथा घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक रथ जलकर राख हो गया। इस दौरान रथ चालक बुरी तरह से झुलस गया।सूचना मिलते ही सदर डीएसपी अमित कुमार मौके पर पहुंचे तथा जांच पड़ताल किया है। झुलसे ड्राइवर का इलाज बगल के निजी अस्पताल में चल रहा है। एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया कि रथ यात्रा का ठहराव हर्ष गार्डन सिंघौल में हुआ था। एक खुले ट्रक में हवन कुंड बनाया गया था। हवन कुंड जलते रहने के कारण अचानक ट्रक में आग लग गई।आग बुझाने के क्रम में ट्रक का चालक का झुलस गया। घटना की सूचना मिलते ही महज दस मिनट के अंदर सदर डीएसपी एवं सिंघौल थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे तथा ग्रामीणों एवं अग्निशमन के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। सिंघौल सहायक थाना की पुलिस के द्वारा ही चालक को नजदीकी निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। फिलहाल आग से चल जाने के कारण भाजपा की यह महत्वपूर्ण रथ यात्रा स्थगित हो गई है।

## दलित के घर में लगाई आग



**बेगूसराय ।** बेगूसराय में दबंगों ने एक दलित के घर में आग लगा दिया। जिससे उसकी पूरी घर जलकर खाक हो गया। वही घर के अंदर रखे लाखों के सामान भी जलकर खाक हो गए। वही इस घटना के बाद लोगों ने घर से निकाल कर अपना जान बचाई और चिल्लाना शुरू कर दिया की आग लगा दिया। घटना नावकोठी थाना क्षेत्र के छतौना गांव की है। पीड़ित की पहचान नावकोठी थाना क्षेत्र के छतौना निवासी बटोरन महतो के रूप में की गई है। वहीं बटोरन के परिवार का आरोप है कि दिन में ही गांव के अंशु कुमार एवं रोहन कुमार नाम जो गांव के दबंग है। उनपर आग लगाने का आरोप लगाया है।

## बेतिया में एक शिक्षक ने लगाई फांसी

एजेंसी

**बिहार ।** बेतिया में शुक्रवार को एक शिक्षक ने सुसाइड किया है। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के कोतवाली थाने क्षेत्र का रहने वाला शिक्षक था। राजकीय मध्य विद्यालय जगिराहां में 2022 से पोस्टेड था। कमरे से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सुसाइड नोट में लिखा है आई लव यू बेबी..मेरी मां का रखना ख्याल...मां और बहन के लिए लिखा आप लोग मुझे माफ कर देना...आप लोगों ने मुझे बहुत समझाया लेकिन मैं समझ नहीं पाया।बेतिया में शुक्रवार को एक शिक्षक ने सुसाइड किया है। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के कोतवाली थाने क्षेत्र का रहने वाला शिक्षक था। राजकीय मध्य विद्यालय



जगिराहां में 2022 से पोस्टेड था। कमरे से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सुसाइड नोट में लिखा है आई लव यू बेबी..मेरी मां का रखना ख्याल...मां और बहन के लिए लिखा आप लोग मुझे माफ कर देना...आप लोगों ने मुझे बहुत समझाया लेकिन मैं समझ नहीं पाया।

## पिता ने रेप के बाद बेटी को उतारा मौत के घाट

एजेंसी

**समस्तीपुर ।** समस्तीपुर में पिछले दिनों झाड़ी से एक बच्ची की लाश मिलने से हड़कंप मच गया था। अब इस मामले में गुरुवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, बच्ची के पिता ने ही नशे की हालत में रेप के बाद उसकी हत्या कर दी थी। पूरी घटना जिले के खानपुर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही लाश को ठिकाने लगाने वाले एक युवक को भी हिरासत में लिया गया है। युवक बच्ची के परिवार का ही सदस्य बताया जा रहा है। वहीं, गिरफ्तारी के बाद आरोपी पिता ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, उसे जेल भेजने की तैयारी चल रही है।पुलिस ने बताया कि बच्ची के साथ रेप की घटना



हुई थी। रेप के कारण उसके निचले अंग में काफी रक्तस्राव हुआ था। पेट में रक्त भर जाने के कारण उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पहले बच्ची की मां पर हत्या का आरोप लगा था। हालांकि, पुलिस ने खुलासा करते हुए पिता को हत्यारा बताया है। एएसपी संजय पांडे ने बताया कि पिछले दिनों बच्ची की लाश मिलने के बाद ग्रामीणों ने बच्ची की मां पर ही कई तरह के गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद, पुलिस ने बच्ची की मां को गिरफ्तार किया था और उससे पूछताछ शुरू की थी। इस दौरान उसने पूरी घटना की जानकारी दी थी।एएसपी ने



कहा, महिला ने ही पुलिस को बताया है कि बच्ची की हत्या उसके पिता ने ही की थी। वह हमेशा नशे में रहता था। हत्या से पहले उसने अपनी ही बेटी का रेप किया था, जिसमें उसकी मौत हो गई थी। बच्ची की हत्या का मामला उजागर नहीं हो, इसलिए उसने बच्ची की लाश को बोरी में पैक कर उसे झाड़ी में फेंक दिया। हालांकि, जब मामले का खुलासा हुआ तो वह घटनास्थल से फरार हो गया। बता दें कि मामले का खुलासा होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा था। पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट में बच्ची के साथ रेप की जानकारी मिली थी। रिपोर्ट में बच्ची के इंटरनल बिल्डिंग के चलते मौत की जानकारी मिली है। पिता ने कबूल किया अपना अपराध एएसपी संजय पांडे ने बताया कि पुलिस ने बच्ची के पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान उसके अपना अपराध स्वीकार किया। अब इस मामले में उसे जेल भेजा जा रहा है। पूछताछ के दौरान उसने पूरी घटना के बारे में जानकारी दी है।साथ ही इसमें सहयोगी बने आरोपी के एक परिवार के युवक को भी हिरासत में लिया गया है। एएसपी ने बताया कि नशे के आदि रहने के कारण इस घटना को उसने अंजाम दिया था और सुबह जब उसे जानकारी मिली की बच्ची की मौत हो गई है तो उसने लाश को ठिकाना भी लगाया।

## जे.एस हिंदू इंटर कॉलेज में धूमधाम के साथ
# मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

**संवाददाता**

**अमरोहा।** अमरोहा शहर के जेएस हिंदू इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया तथा सभी शिक्षकों ने अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक अमरोहा दिनेश कुमार चिकारा ने छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं उनके दर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा आगामी लोक सभा के



चुनाव में युवाओं की भूमिका एवम दायित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर जीपी सिंह ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वह स्वामी विवेकानंद जी को अपना जीवन आदर्श बनाएं तथा उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर के उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर एक सफल युवक के रूप में देश के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करें। युवाओ से आह्वान किया की युवा देश का भविष्य है जिस तरफ देश को ले जाना चाहे यह उनके हाथ में है। उन्होंने दो लाइनों के माध्यम से छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया । ₹तलवारों की धारों पर इतिहास हमेशा बनता है, जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में मोहम्मद जुनेद सचिन सानिया अंजुम आदि छात्र छात्राओं ने अपने विचार प्रकट किये ।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डॉ0 राजवीर सिंहअनिल कुमार, शैलेश कुमार पंकज, सुधीर गुप्ता, डॉक्टर नरेश कुमार, शंभूनाथ कश्यप, राधेश्याम, करतार सिंह, सावित्री देवी आदि सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### ओम प्रकाश जायसवाल ने भाजपा प्रदेश महामन्त्री को भेंट किया राम मंदिर का चित्र



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी ओमप्रकाश जायसवाल ने भाजपा के प्रदेश महामंत्री, पूर्व क्षेत्रीय प्रभारी गोरखपुर, पार्टी प्रभारी कानपुर, विधानपरिषद सदस्य व आईटी सेल प्रदेश प्रभारी अनूप गुप्ता से लखनऊ में मुलाकात कर पुष्प गुच्छ व राम मंदिर का चित्र भेंट किया। मंगलवार को लखनऊ पहुंचे श्री जायसवाल ने आईटी सेल प्रदेश प्रभारी अनूप गुप्ता से भेंट की और पुष्प गुच्छ व राम मंदिर का चित्र देकर उन्हें सामाजिक व राजनैतिक जीवन की सफलता की शुभकामनाएं दी।

### स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज में जगाया स्वाभिमान: दीपक मल्ल



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के टेकुआटार में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री पटेल दीपक मल्ल ने कहा कि गुलामी के कालखंड में विवेकानंद ने भारतीय समाज में स्वाभिमान जगाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज के लोगों में अस्पृश्यता निवारण, शिक्षा, उद्योग विकास, साहित्य उत्थान आदि विषयों पर उन्होंने भारत के विकास को नई दृष्टि दी जो आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक है। पूर्व मण्डल अध्यक्ष अमरनाथ मदेशिया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारतीय समाज में एक अलग पहचान बनाई जो आज भी उनके द्वारा कार्य को स्मरण किया जाता है कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्रशाल मदेशिया व संचालन अजय कुमार ने किया आये सभी आगुंतकों को आभार कार्यक्रम के आयोजक मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा के आदित्य तिवारी ने किया। इस अवसर पर यशवंत, सतीश कुमार, राजू सिंह, मुन्ना, मुलायम यादव, शुभम आदि मौजूद रहे7

### सस्ते भूखंड होने पर गाजियाबाद-मुरादाबाद के लोगों ने भी दिखाई दिलचस्पी




**संवाददाता**

**बरेली।** विकास प्राधिकरण (बीडीए) की नाथधाम टाउनशिप में गाजियाबाद, मुरादाबाद, अलीगढ़ समेत आसपास के कई जनपदों के लोग भूखंड लेना चाहते हैं। भूखंड के लिए पांच जनवरी से आवेदन शुरू हुए थे। मात्र सात दिन में 515 आवेदन आए हैं। इसमें 50 से अधिक पंजीकरण दूसरे जिलों के लोगों ने कराए हैं। भूखंडों के आवंटन के लिए पांच फरवरी को लकी ड्रॉ निकाला जाएगा। रामगंगा नदी के पार बदायूं रोड पर 650 एकड़ में नाथधाम के नाम से नई टाउनशिप बनाई जानी है। इसमें 72 से 200 वर्गमीटर तक के भूखंड हैं। भूखंड के लिए ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसमें शहर के अलावा गाजियाबाद, अलीगढ़, मुरादाबाद जैसे शहरों के लोग भी दिलचस्पी ले रहे हैं। पंजीकरण के आंकड़े इसकी पुष्टि कर रहे हैं। सीवर सिस्टम के साथ नाथधाम टाउनशिप में 35-40 मीटर चौड़ी सड़कें प्रस्तावित हैं। रामगंगा नदी पर रिवर फ्रंट भी विकसित किया जाना है। सेंट्रल पार्क, नेबरहुड पार्क, आउटडोर व इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम, कन्वेंशन सेंटर टाउनशिप की शान बनेंगे। प्रत्येक चौराहे पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए जगह आरक्षित की गई है। नर्सिंग होम, अस्पताल, स्कूल के लिए भूखंड आवंटित किए जाएंगे। टाउनशिप में 20 सेक्टर होंगे। आवासीय भूखंड 21 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से मिलेंगे। बीडीए उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने बताया कि नाथधाम इंटीग्रेटेड टाउनशिप शहरवासियों के लिए नई आवासीय सुविधा है। इसमें महानगरों की तर्ज पर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसीलिए अन्य शहरों के लोग भी भूखंड खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं।

## इटावा में बहू ने ससुर की रिवाल्वर से मारी गोली, मौत :पति से विवाद के बाद उठाया कदम



**इटावा ।** थाना चौबिया इलाके में बुधवार शाम को पति से अनबन के बाद एक महिला ने ससुर की लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। महिला को नाजुक हालत में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उनकी मौत हो गई। पुलिस ने लाइसेंसी हथियार से गोली मारने और असलहा का दुरुपयोग करने के मामले में लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। माला बसरेहर थाना क्षेत्र चौबिया के गांव बीना का है। यहां बहू राजकुमारी ने बुधवार शाम अपने ससुर की रिवॉल्वर सेस गोली मार ली थी। घटना की जानकारी पर पुलिस टीम जांच पड़ताल शुरू की। हालांकि मायके पक्ष के लोगों ने किसी भी तरह की कार्रवाई से इंकार कर दिया। राजकुमारी का अपने पति से विवाद चल रहा था। वहीं घटना से परिवार में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में महिला को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती करवाया गया। जहां महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद आगरा निजी अस्पताल के लिए परिजन ले गए। बताया जा रहा है कि महिला के सिर में गोली फंसी हुई थी। आगरा निजी अस्पताल से परिजन सैफई मेडिकल के लिए महिला को वापस लेकर पहुंचे, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। इटावा एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि एक महिला ने गृह कलेश के चलते खुद को ससुर की रिवाल्वर से गोली मार ली थी। किसी ने कार्रवाई के लिए कोई तहरीर नहीं दी है। लेकिन लापरवाही और असलहा का दुरुपयोग करने के मामले में वेपन का लाइसेंस निरस्त किया जा रहा है। महिला का उपचार सैफई मेडिकल में किया जा रहा है। महिला की हालत नाजुक है।

## बाइक सवार पति पत्नी के ऊपर गिरा ट्राले से गन्ना, हादसे में पति गंभीर रूप से घायल



**बस्ती।** जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के बनकटी ब्लॉक के देई सांड मोड पर बाइक सवार दंपती के ऊपर सामने चल रहे ट्राली से गन्ने का बोझ गिर गया, जिसके नीचे दबकर दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची लालगंज थाने की पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां बाइक सवार युवक की हालत नाजुक देख चिकित्सक ने मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया' संतकबीर नगर जिले के दौलतपुर निवासी भोला निषाद उम्र लगभग 42 वर्ष अपनी पत्नी सरोज के साथ ओपेक चिकित्सालय से घर वापस लौट रहे थे। अभी वह देई सांड मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि सामने चल रही गन्ना लदे ट्राले की रस्सी टूटने से गन्ने का बोझ उनके ऊपर ही गिर गया, जिसके नीचे दोनों दब गए। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के ऊपर से गाने का बोझ हटाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा दोनों को जिला अस्पताल पहुंचा, जहां महिला की स्थिति सामान्य है। उसे हल्की चोट आई है। वही उसके पति की हालात नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। घटना में घायल सरोज ने बताया कि ओपेक चिकित्सालय कैली में उनके युट्रेस का ऑपरेशन हुआ था, यहां से वे अपने पति के साथ घर लौट रही थीं, जिसके बाद यह हादसा हो गया ' घटना को लेकर रड लालगंज जितेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचा गया, पति-पत्नी गन्ने के बोझ के नीचे दबे हुए थे, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकला गया, एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया।

## घर में घुस कर बुजुर्ग दुकानदार की हत्या

**अलीगढ़।** बुजुर्ग दुकानदार की घर में घुस कर अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। मृतक पत्नी की मौत के बाद अकेला रहता था, बच्चे दिल्ली रहते थे। मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञातों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। अलीगढ़ चंडौस कस्बे के डाबर रोड़ पर गांव भोजपुर निवासी 65 वर्षीय रमेश चंद गुप्ता उर्फ भूरा सेठ पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता घर में ही खलचुनी की दुकान करते थे। वे पिछले 15 वर्षो से अधिक समय से कस्बे में रह रहे थे। पत्नी की मौत करीब छह वर्ष पहले हो चुकी थी और तीन बेटे अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। बुर्जुग दुकान के अलावा लोगों को पैसे के लेन- देन करने की बात सामने आ रही है। 11 जनवरी रात करीब दस बजे तक रमेश चंद गुप्ता ने अपने घर पर एक पड़ोसी के साथ टीवी पर किक्रेट मैच देखा। उसके बाद पड़ोसी के घर चले जाने के बाद रमेश चंद गुप्ता अपने कमरे में बेड पर सो गये । 12 जनवरी को सुबह करीब सात बजे घर में रह रहे किरायेदार की पत्नी ने पड़ोसी के यहां पर जाकर बताया कि बाबा बेड से नहीं उठ रहे हैं और आवाज भी नहीं दे रहे हैं। पड़ोसी की बेटी घर के अंदर देखने आई, तो देखा कि बुर्जुग दुकानदार बेड पर अचेत अवस्था में पड़े थे। शरीर में कोई हरकत नहीं हो रही थी। पड़ोसी ने घटना की सूचना मृतक के भाई और चंडौस पुलिस को दी। एएसपी अमृत जै,न चंडौस कोतवाल विनोद कुमार मौके पर पहुंच गये और घटना की पूरी जानकारी की।

## मिड- डे- मील का स्वाद चखेंगे श्री श्री ज्ञान मंदिरों के बच्चे

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा संचालित श्री श्री ज्ञान मंदिरों के बच्चों को मिड - डे - मील के रूप में गर्मागर्म भोजन खाने को मिलेगा। उक्त जानकारी संस्था के जिला समन्वयक राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को नापप कुशीनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 20 शहीद भगत सिंह (अनिरुद्धवा) स्थित श्री श्री ज्ञान मन्दिर विद्यालय में किचेन, स्टोर रूम, मेस आदि व्यवस्था को लेकर आर्किट्रैक्टे ई0 एसयू अंसारी



के साथ स्थल का निरीक्षण कर रहे थे। बताया कि देश में श्री श्री ज्ञान मन्दिर विद्यालयों की राष्ट्रीय संयोजिका भानु नरसिंघम उर्फ भानु दीदी के निर्देश पर जनपद के सभी ज्ञान मन्दिरों में बच्चों को मिड - डे - मील के तहत प्रतिदिन निःशुल्क गर्म भोजन दिया जाएगा। बच्चों के मीनू के अनुसार फल व बिस्कुट भी शामिल होगा। मिड डे मील बनाने के लिए विद्यालयों में कीचेन, स्टोर रूम की व्यवस्था की गई है। संस्था द्वारा बच्चों को पहले से ही गणवेश व स्टेशनरी निःशुल्क दिया जाता है। इस क्रम में सिसवा - महन्थ, शामपुर हतवा बाड़ी पुल, परसौनी खुर्द स्थित विद्यालयों का भी निरीक्षण किया गया तथा विद्यालय प्रबंधकों से इस बावत चर्चा कर निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक/प्रधानाध्यापक पीएन सिंह, आमोद कुमार सिंह, सुरेन्द्र मिश्रा, हरेंद्र यादव मौजूद रहे।

## केन्द्र व प्रदेश सरकार ने सबको दिया है सम्मान: सुधीर राव

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** शुक्रवार को हाटा ब्लाक के गांव नैकाछपरा और भरवलिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा के चौपाल कार्यक्रम में मुख्यअतिथि प्रमुख प्रतिनिधि हाटा सुधीर राव ने कार्यक्रम की शुभारंभ सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उन्होंने अपने संबोधन में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को बताया। उन्होंने कहा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड,




किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास, विधवा, वृद्धा पेंशन, आदि योजनाएं संचालित हो रही है।

पात्र लोगो को इसका मिल रहा है। आयुष्मान भव, प्रदर्शन प्रक्षेत्र, स्वास्थ्य विभाग का स्टाल और बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा अन्नप्राशन और गोद भराई कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष विनोद गुप्ता व संचालन धीरज राव ने किया। आये सभी आगुंतकों को आभार ग्राम प्रधान रविंद्र यादव व प्रधान प्रतिनिधि इस्तायाक अहमद ने किया ।

इस अवसर पर वैन नोडल प्रभारी दीपक पाण्डेय, दिवस नोडल अधिकारी रितेश गुप्ता, हरिनाथ भाई, अखिलेश सोनकर, मनोज शुक्ल, मोनू राव, शिशिर पाण्डेय, प्रदीप मिश्र, अजय पाण्डेय, उपेंद्र जायसवाल, साजिद खान, योगेंद्र सिंह, विजय कुमार, धर्मेंद्र गौड़ आदि उपस्थित रहे ।

## प्राण प्रतिष्ठा पर यूपी में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**अयोध्या।** 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा पर यूपी में उट योगी ने सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। स्कूलों में छुट्टी के बाद अब सभी विभागों में भी छुट्टी का आदेश उट ने दिया है। वहीं, आबकारी विभाग ने भी आदेश जारी किया कि 22 जनवरी को सभी शराब की दुकानें बंद रहेंगी। गुरुवार को योगी ने आने वाले त्योहारों को लेकर समीक्षा बैठक की। विशेष बैठक में अयोध्या, गोरखपुर और प्रयागराज के मंडलायुक्त ने अलग-अलग प्रेजेंटेशन से तैयारियों के बारे में सीएम को जानकारी दी। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नर, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान भी इस बैठक में ऑनलाइन जुड़े थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा का समारोह होने वाला है। देश-विदेश से धर्म, राजनीति, उद्योग, विज्ञान, सिनेमा, साहित्य, कला सहित अनेक क्षेत्रों के प्रतिष्ठित जन, संत समाज इसके



साक्षी होंगे। मकर संक्रांति से गोरखपुर में खिचड़ी मेला, प्रयागराज में माघ मेला प्रारंभ हो रहा है। फरुर्खाबाद में भी प्राचीनकाल से कल्पवास की व्यवस्था है। इसी माह 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन है, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह है। कानून-व्यवस्था की दृष्टि से आने वाला समय अत्यंत संवेदनशील है। ऐसे में हमें पुख्ता इंतजाम करने होंगे। यह समय हमारे लिए प्रदेश की ग्लोबल ब्रांडिंग का भी सुअवसर है। अयोध्या में श्रीरामलला के विराजने के अवसर पर जनभावनाओं का गहरा जुड़ाव है। भव्य-दिव्य मंदिर में भगवान के विराजने के इस अवसर पर दिन में लोग देव मंदिरों में भजन-कीर्तन करेंगे और सायंकाल 'श्रीरामज्योति जलाकर दीपोत्सव मनाएंगे। आस्था, और आनंद के इस ऐतिहासिक अवसर पर शिक्षण संस्थाओं और शासकीय कार्यालयों सहित पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश होगा। मदिरा आदि की दुकानें बंद रहें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में यह निर्देश दिया कि प्रयागराज में त्रिवेणी तट पर माघमेला की तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। माघ मेले का पहला स्नान 15 जनवरी को होगा। हर श्रद्धालु-हर कल्पवासी अपने व्रत-संकल्प की पूर्ति अपनी आस्था अनुरूप कर सकें, इसके लिए हमें अच्छी व्यवस्था देनी होगी, उनकी जरूरतों का ध्यान रखना होगा। साधु-संतों और कल्पवासियों से संवाद बनाएं। भूमि-आवंटन बेहतर ढंग से करें। यह आयोजन प्रयागराज कुम्भ 2025 का पूर्वाभ्यास है। प्रयागराज माघ मेले में प्रयास हो कि श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े। गोरखपुर में श्रीगोरखनाथ मन्दिर के आस-पास की सड़कों का सुदृढ़ीकरण करा लिया जाए। मेला परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंध कड़ाई से लागू करें। मेला परिसर में निर्बाध बिजली आपूर्ति कराई जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर की कानून व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए और कि खिचड़ी मेला, गोरखपुर की सुरक्षा के लिए पूरे क्षेत्र को सुपर जोन/जोन में बांटकर कार्ययोजना लागू करें। हर सुपर जोन की जिम्मेदारी एएसपी स्तर के अधिकारी को दें। जगह-जगह पब्लिक एड्रेस सिस्टम, फायर सेफ्टी, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। 14 जनवरी से अयोध्या से प्रदेशव्यापी स्वच्छता का विशेष अभियान प्रारंभ हो रहा है। मैं स्वयं अयोध्या में उपस्थित रहूंगा। इस अभियान से शिक्षकों, विद्यार्थियों, मंगल दलों, सामाजिक कार्यकताओं को जोड़ें। हर देव मन्दिर, चिकित्सालय, विद्यालय, सड़क, गली की साफ-सफाई हो। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने के लिए जनजागरुकता बढाएं।

## युवाओ के आर्दश, विश्व शान्ति के संवाहक स्वामी विवेकानन्द के विचार आज भी प्रांसगिक: डॉ0 राजीव त्यागी

**संवाददाता**

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में युवाओ के प्रणेता, युग प्रवर्तक, भारतीय संस्कृति के वैश्विक संवाहक स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती पर वेंक्टेश्वरा युवा महोत्सव-2024 का शानदार शुभारम्भ हुआ। तीन दिनो तक चलने वाले इस युवा महोत्सव में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताऐ, सांस्कृतिक आयोजन, रक्तदान शिविर, यातायात जागरूकता, महिला सशक्तीकरण समेत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के सी0वी0 रमन सभागार में








वेंक्टेश्वरा युवा महोत्सव-2024 का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, अपर जिलाधिकारी, सुरेन्द्र सिंह, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके एवं स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाकर भारत को विश्व पटल पर विश्व गुरू के रूप में स्थापित किया। उन्होने युवाओ से उनके आदर्शो पर चलकर देश सेवा करने का आवहान किया। इस अवसर पर आज पहले दिन एकता दौड़, यातायात जागरूकता रैली एवं रक्तदान शिविर व रस्साकाशी प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने कहा कि अकेले स्वामी जी ने देश की छवि को विश्व पटल पर पाश्चात्य देशो के सामने विश्व गुरू के रूप में प्रस्तुत कर भारत का मान बढाया, निसन्देह वो यूथ आईकन है। हमे उनके दिखाये गये शान्ति सदभाव एवं वैश्विक एकता के मार्ग पर चलकर पूरी दुनिया का सिरमौर बनने की ओर जाना है। इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, सलाहकार आर. एस. शर्मा, कुलसचिव डॉ0 पीयूष पाण्डेय, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. राजेश सिंह, सी.ओ.ई. डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, एस. एस. बघेल, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, अभिषेक जैन, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, आदि लोग रहे।

## महिला सशक्तिकरण से प्रशस्त होता ग्रामीण समृद्धि का मार्ग

इसमें कोई संदेह नहीं कि महिला सशक्तिकरण एक मजबूत एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण की कुंजी है। यह सशक्तिकरण तब और अधिक उद्देश्यपूर्ण हो जाता है जब महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध होती हैं और ग्रामीण समृद्धि में योगदान देती हैं। नमो ड्रोन दीदी, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 नवंबर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों के साथ बातचीत के दौरान घोषित एक पहल है, उसका उद्देश्य कृषिगत प्रयोजनों के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने हेतु 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करना है। यह ग्रामीण समृद्धि के एक नए युग की शुरूआत करने की दिशा में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु तकनीकी नवाचार का उपयोग करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह बहुआयामी योजना हमारी कृषि पद्धतियों को आधुनिक बनाने और ग्रामीण महिलाओं के हाथों में अत्याधुनिक तकनीक देकर कृषि उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से पूरा करती है। यह पहल महिलाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का केन्द्र बिंदु बनाती है और नई कृषि क्रांति को प्रेरित करती है। यह योजना देश के युवा, जीवंत, सक्रिय एवं उत्साही स्टार्टअप को असीम संभावनाओं वाले ड्रोन एयरोनॉटिक्स के उभरते क्षेत्र में प्रवेश करने के नए अवसर प्रदान करती है। पौधे की पत्तियों पर अनुप्रयोग योग्य नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नवीन तरल उर्वरकों के आगमन ने कुशल फर्टिगेशन विधि के विकास की आवश्यकता को बढ़ा दिया है। यह प्रधानमंत्री ही थे जिन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिला पायलटों के हाथों में ड्रोन तकनीक देने के ऐसे शानदार विचार की परिकल्पना की। भले ही भारत उर्वरकों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन गैस, फॉस्फेटिक और पोटाश खनिज आदि जैसे प्राकृतिक संसाधनों की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण यह उर्वरकों का दूसरा सबसे बड़ा आयातक भी है। आयात पर इस निर्भरता को दूर करने हेतु सरकार ने कई बंद पड़े उर्वरक संयंत्रों के पुनरुद्धार की सुविधा प्रदान की है और ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न योजना के तहत नए उर्वरक संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहित किया है। इन कदमों ने भारतीय किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उर्वरकों की अस्थिर कीमतों से सफलतापूर्वक बचाया है। उर्वरक सब्सिडी के जरिए सरकार यह सुनिश्चित करने में समर्थ रही है कि किसानों को सही समय पर सही कीमत पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो। कोविड महामारी और हाल की वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति ने कुछ कठिनतम चुनौतियां प्रस्तुत कीं, जब दुनिया भर में उर्वरकों की कीमतें बेतहाशा बढ़ गईं। हमने इन चुनौतियों को अवसरों में बदलने का निर्णय लिया। सरकार ने वैकल्पिक उर्वरकों के विकास के लिए स्वदेशी अनुसंधान को प्रोत्साहित किया, जिसकी परिणति तरल नवोन्मेषी नैनो उर्वरकों में हुई। इस नए आविष्कार की अगली चुनौती उर्वरकों के छिड़काव की कुशल प्रणाली विकसित करना था, इसका समाधान इस उभरती ड्रोन तकनीक ने प्रस्तुत किया। किसान-ड्रोन के उद्भव ने कृषि पद्धतियों में क्रांति लाने की अपार संभावनाएं प्रस्तुत की हैं। पंप को हाथ में पकड़ कर कीटनाशकों और तरल उर्वरकों का छिड़काव करने की पारंपरिक प्रणाली न केवल समय की अधिक खपत वाली और बोझिल होती हैं, बल्कि खेतों में जहरीले सरीसृपों और छिपे हुए जंगली जानवरों जैसे अनेक खतरों से भरपूर भी होती हैं। कृषि ड्रोन के माध्यम से छिड़काव प्रणाली का स्वचालन समय की बचत और कुशल अनुप्रयोग प्रणाली प्रदान करता है। किसान ड्रोन की आवश्यकता ने युवा स्टार्टअप के लिए अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अवसरों की नई श्रृंखला प्रस्तुत की है। ड्रोन निर्माण की गतिविधि ने देश के युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसरों का सृजन किया है। इसके अलावा, यह नया क्षेत्र ग्रामीण महिला पायलटों, मैकेनिकों और स्पेयर पार्ट डीलरों के लिए भी अवसरों का सृजन करेगा। मेरा दृढ़ विश्वास है कि 'विकसित भारत' की अवधारणा प्राप्त करने के लिए महिला सशक्तिकरण पूर्व शर्त है। नमो ड्रोन दीदी योजना महिलाओं के लिए काम के नए अवसर प्रदान करती है, ताकि उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बनाया जा सके। यह हमारी कृषि पारिवारिक संस्कृति को अधिक न्यायसंगत और मजबूत बनाने में पर्याप्त मदद करेगा। महिला ड्रोन पायलट कृषि उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। ड्रोन के माध्यम से कीटनाशकों और तरल उर्वरकों के छिड़काव से न केवल किसानों को शारीरिक मेहनत और कठिनाई से राहत मिलेगी, बल्कि इसकी गति भी त्वरित होगी और कीमती समय की भी बचत होगी, जिसका उपयोग अधिक उत्पादक कार्यों के लिए किया जा सकता है। नमो ड्रोन दीदी निश्चित रूप से आमूल-चूल बदलाव लाने वाली साबित होगी। यह योजना महिला सशक्तिकरण के एक नए अध्याय का सूत्रपात करेगी और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों और ग्रामीण समृद्धि के केंद्र में रहने का अवसर प्रदान करके कई मुद्दों का प्रभावी ढंग से समाधान करेगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि एक छत के नीचे कृषि सेवाएं प्रदान करने वाले प्रधानमंत्री कृषि समृद्धि केंद्रों के नव निर्मित नेटवर्क द्वारा समर्थित यह योजना, हमारे जैसे बड़े पैमाने पर कृषि प्रधान देश में आधुनिक कृषि क्रांति और समृद्धि का अग्रदूत साबित होगी।

# स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार करती मोदी सरकार

ANALYSIS



शिव प्रकाश

11 सितंबर 1893 को शिकागो (अमेरिका) में आयोजित कार्यक्रम के ऐतिहासिक भाषण से यह संत संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गया। स्वामी जी का यह भाषण हिंदू धर्म की विशेषताओं एवं मान्यताओं को विश्व भर में पुनर्प्रतिष्ठित करने में सफल हुआ। गुलामी के कालखंड में भारतीय समाज में स्वाभिमान जगाने का कार्य उनके द्वारा हुआ। उनके इस प्रयास का परिणाम हुआ कि स्वतंत्रता के आंदोलन में सक्रिय सेनानियों की प्रेरणा के केंद्र स्वामी विवेकानंद बन गए। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अपने जीवन की घटना का उल्लेख किया मैंने स्वामी विवेकानंद से शक्ति देने के लिए कहा ताकि मैं अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कर सकूं। अस्पृश्यता निवारण, अशिक्षा को दूर करना, उद्योगों का विकास एवं महिला उत्थान जैसे अनेक विषयों पर उन्होंने भारत के विकास की नई दृष्टि दी। जो आज भी हमारे लिए प्रेरक मार्गदर्शन है। भोग-विलासिता एवं सांप्रदायिकता के संघर्ष में फंसे वैश्विक समुदाय को भी उन्होंने विश्व शांति का मार्ग दिखाया।

12 जनवरी 1863 को कोलकाता के संभ्रांत परिवार विश्वनाथ दत्त एवं भुवनेश्वरी देवी के यहां एक बालक का जन्म हुआ। भगवान शिव की तपस्या के बाद जन्मे इस बालक को बचपन में नाम मिला नरेंद्रनाथ दत्त। जिसको प्रेम से परिवार के लोग नरेन के नाम से बुलाते थे। संन्यास दीक्षा के बाद नरेन स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। 11 सितंबर 1893 को शिकागो (अमेरिका) में आयोजित कार्यक्रम के ऐतिहासिक भाषण से यह संत संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गया। स्वामी जी का यह भाषण हिंदू धर्म की विशेषताओं एवं मान्यताओं को विश्व भर में पुनर्प्रतिष्ठित करने में सफल हुआ। गुलामी के कालखंड में भारतीय समाज में स्वाभिमान जगाने का कार्य उनके द्वारा हुआ। उनके इस प्रयास का परिणाम हुआ कि स्वतंत्रता के आंदोलन में सक्रिय सेनानियों की प्रेरणा के केंद्र स्वामी विवेकानंद बन गए। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अपने जीवन की घटना का उल्लेख किया मैंने स्वामी विवेकानंद से शक्ति देने के लिए कहा ताकि मैं अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कर सकूं। अस्पृश्यता निवारण, अशिक्षा को दूर करना, उद्योगों का विकास एवं महिला उत्थान जैसे अनेक विषयों पर उन्होंने भारत के विकास की नई दृष्टि दी। जो आज भी हमारे लिए प्रेरक मार्गदर्शन है। भोग-विलासिता एवं सांप्रदायिकता के संघर्ष में फंसे वैश्विक समुदाय को भी उन्होंने विश्व शांति का मार्ग दिखाया। स्वामी जी भक्ति के साथ भारत के आधुनिक विकास के अद्भुत संगम थे। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। अपने विद्यार्थी काल में ही नरेन्द्र मोदी रामकृष्ण मिशन (राजकोट) से जुड़ गए थे।



राजकोट शाखा के तत्कालीन प्रमुख स्वामी आत्मस्थानंद से उन्होंने संन्यास दीक्षा की इच्छा भी व्यक्त की थी। स्वामी आत्मास्थानंद ने ही उन्हें समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। यह प्रेरणा ही प्रधानमंत्री के लिए गरीब कल्याण एवं स्वाभिमानी समृद्ध भारत गढ़ने की प्रेरणा बन गई। रामकृष्ण मिशन के साथ उनका संबंध आज भी जीवंत बना है। स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे। आत्महीनता का परिणाम यह हुआ कि हमको हमारे महापुरुष, इतिहास, ज्ञान, कला एवं संस्कृति सभी में दोष देखने की प्रवृत्ति एवं विदेशी नकल को आधुनिकता का पर्याय मान लिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने भाषण में विकसित भारत बनाने का संकल्प दोहराया। अमृतकाल की इस बेला में उन्होंने प्रत्येक भारतीय को पंच प्रण का पालन करने का आग्रह किया। जिसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा इसी स्वाभिमान को जगाने के अनेक प्रयासों में से एक है। स्वामी विवेकानंद शिक्षा द्वारा मनुष्य की लौकिक एवं पारलौकिक दोनों प्रकार की उन्नति चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि पाठ्यक्रम में आधुनिक विषयों के साथ-साथ स्वास्थ्य, राष्ट्र सेवा जैसे विषय शामिल हो। नई शिक्षा नीति के माध्यम से सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा एवं भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने का संकल्प स्वामी जी के विचारों का शिक्षा में प्रकट रूप है। स्वामी विवेकानंद गरीबों की पीड़ा को देखकर बहुत व्यथित थे। अमेरिका के वैभव से भारत की गरीबी की तुलना करते हुए वह रात्रिभर रोते रहे। इसी पीड़ा को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा था कि अब हमारा एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए कि दरिद्र देवो भवह्न। स्वामी जी ने भारत की उन्नति का घोषणा पत्र ही जैसे लिखा हो, उन्होंने कहा- इस देश को उठने दो गरीबों की झोपड़ी से, मल्लाह की नौकाओं से, लोहार की भट्ठियों से, किसानों के खेत-खलिहानों से, मोचियों की झोपड़ी से, गिरिकन्दराओं से, यह देश तो वहीं बसता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घोषणा पत्र को साकार रूप देना प्रारंभ किया। समाज के अलग-अलग वर्ग के गरीबों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की। स्वच्छता अभियान, उज्ज्वला योजना, प्रत्येक गांव को विद्युत आपूर्ति के लिए उजाला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन आदि अनेक योजनाएं गरीब उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित हुई। 4 करोड़ से अधिक परिवार को आवास देना, 1 करोड़ 36 लाख युवाओं को कौशल विकास विभाग रोजगार उपलब्धि का माध्यम बना। 80 करोड लोगों को प्रतिमाह अन्न पहुँचाना, गरीब की रोटी की समस्या का समाधान है। गरीब की रोटी के विषय पर स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि गरीब को पहले रोटी दो तब गीता सुनाओ क्योंकि उसकी आवश्यकता रोटी है। समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हमारे छोटे-छोटे शिल्पकार जिसको प्रधानमंत्री ने भारत का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा कहा। इसमें बढई, लोहार, सोनार, सुतार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, धोबी आदि श्रेणी के लोग आते हैं। ऐसे वर्ग के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से 30 लाख परिवारों को लगभग 1.5 करोड़ लोगों को सहायता मिलेगी। देश में ठेला लगाकर एवं रेहड़ी -पट्टी के माध्यम से बेचने वाले वेंडर जैसे लघु उद्योगों के माध्यम से जीवन यापन करने वाले लोगों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराकर उसके घर में रोशनी पहुंचने का कार्य किया है। शिकागो धर्मसभा के अवसर पर अपने भाषण में शिव महिमा स्त्रोत से एक मंत्र को उद्धत करते हुए उन्होंने कहा था कि - रुचीनां वैचित्र्याद्दजुकुटिल नानापथजुषां। नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव।।- समस्त धर्मों में एक ही परमात्मा का दर्शन एवं सबका लक्ष्य एक ही गंतव्य है, यह भाव उन्होंने व्यक्त किया था। संपूर्ण विश्व में योग की प्रतिष्ठा, कोरोना में जान भी जहान भी के आधार पर विश्व को सहायता, जी-20 में वसुधैव कुटुंबकम का आदर्श वाक्य यह स्वामी विवेकानंद जी द्वारा प्रस्तुत विचारों का प्रकटीकरण है। स्वामी विवेकानंद का यह आह्वान उठो जागो और अपने लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको को नरेन्द्र मोदी जी ने अपने जीवन का आदर्श मान लिया है। बिना रुके, बिना थके यह कर्मयोद्धा उत्तिष्ठत भारत के लक्ष्य प्राप्ति में लगा है। हम सभी भारतवासी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने कदम-ताल मिलाएं एवं अमृतकाल में भारत को समृद्ध, सुरक्षित, गौरवयुक्त, स्वाभिमानी भारत बनाकर विश्व का तमस हटाने का संकल्प लें। स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**लेखक, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।**

# युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद

युग प्रवर्तक, भारत के गौरव पुरुष, वेदांत दर्शन के मर्मज्ञ, कर्मयोगी, भारत माता के सच्चे सपूत, युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी,1863 में कोलकाता में हुआ था। इनका मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्त था । इनके पिता विश्वनाथ दत्त उच्च न्यायालय कोलकाता में वकील थे। मां भुवनेश्वरी देवी ग्रहणी थी। 12 जनवरी को संपूर्ण भारत में विवेकानंद जी का जन्मदिन युवा दिवस के रूप मे मनाया जाता है। सर्वप्रथम 1984 में भारत सरकार ने स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी तब से प्रत्येक साल संपूर्ण देश में इसे युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। युवा किसी भी देश का भविष्य होते हैं इन्हीं के दृढ़ कंधों पर एक राष्ट्र का भविष्य निर्भर होता है। यह युवा वर्ग जितना प्रतिभाशाली होगा उतनी ही तेजी से देश विकास के पथ पर अग्रसर होगा और वैश्विक फलक पर नवीन कीर्तिमान स्थापित करेगा। युवा किसी भी राष्ट्र के भूत एवं भविष्य के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं । यह शक्ति ही किसी भी राष्ट्र को जीवन मूल्य एवं सांस्कृतिक आधार प्रदान करती है। यदि युवा अपने मस्तिष्क को ऊंचे विचारों और उच्चतम आदर्शों से भर ले तो वे जो भी कार्य करेंगे वह महान ही होगा। इस दिन को युवा दिवस के रूप में मनाने का ध्येय आने वाली पीढ़ी में स्वामी जी के पवित्र आदर्शों को उत्पन्न करना है। स्वामी जी के आदर्श और जीवन दर्शन देश के करोड़ों युवाओं को प्रेरित करते हैं। उन्होंने देश के कोने -कोने में भारतीय धर्म और संस्कृति के प्रचार हेतु कार्य किया । राजस्थान स्थित खेतड़ी के महाराजा अजीतसिंह ने उन्हें विवेकानंद नाम प्रदान किया और उन्हें शिकागो में आयोजित होने वाली विश्व धर्म परिषद में हिंदू धर्म और संस्कृति का परचम लहराने हेतु भेजा। धर्म संसद में उन्हें बोलने हेतु पर्याप्त समय नहीं दिया गया। बाद में एक प्रोफेसर की मदद से शून्य में बोलने के लिए थोड़ा समय मिला। वहाँ अपने भाषण की शुरूआत उन्होंने' अमेरिकी भाइयों और बहनों' से की तो संपूर्ण सभा मंडल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ब्रिटेन के अखबारों ने उनके भाषण के बाद लिखा कि भाषण के बाद उनका सम्मान और चर्चे पूरे यूरोप ,अमेरिका में होने लगे और उन्होंने वहां कई व्याख्यान दिए। यह वह समय था जब पाश्चात्य देश हमें व हमारे धर्म को हीन भावना से देख रहे थे ।लोग पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण कर रहे थे । ऐसे समय में उन्होंने हिंदू धर्म और देश को गौरव प्रदान किया और वैश्विक फलक पर हमारी सभ्यता और समृद्धि को गौरवान्वित किया। विवेकानंद ने युवा शक्ति के लिए कहा था- समस्त शक्तियां तुम्हारे पास है। तुम कुछ भी कर सकते हो और सब कुछ कर सकते हो। यह विश्वास करो। मत विश्वास करो कि तुम दुर्बल हो। तत्पर हो जाओ। जीर्ण -शीर्ण होकर थोड़ा-थोड़ा करके मरने की बजाय वीर की तरह, दूसरों के कल्याण के लिए नष्ट होकर उसी समय मर जाना क्या अच्छा नहीं है। उनका मानना था कि एक युवा का जीवन सफल होने के साथ-साथ सार्थक भी होना चाहिए। उनका कहना था कि युवा सफल होना चाहते है पर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शारीरिक रूप से तैयार नहीं होते। इसलिए उन्होंने कहा कि युवाओं को निर्भर बनने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शक्ति ही जीवन है कमजोरी मृत्यु है और कोई भौतिक जीवन का सुख नहीं ले सकता अगर ताकतवर नहीं है। मत सोचो कि तुम कमजोर हो। उठो जागो और तब तक ना रुको जब तक तुम्हें लक्ष्य प्राप्त ना हो जाए। उन्होंने शिक्षा के विषय में कहा कि शिक्षा कोई जानकारियों का बंडल नहीं है जो दिमाग में रख दिया जाए और जिंदगी भर परेशान करते रहे। हमें ऐसे विचारों को संजोना है जो समाज निर्माण, व्यक्ति निर्माण एवं चरित्र निर्माण करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो जीवन के संकटों से निपटने में मददगार हो। चरित्र निर्माण से परोपकार का भाग जगाएं और सिंह का साहस दें। स्वामी जी के शब्दों में -व्यक्ति का चरित्र और कुछ नहीं उसकी आदतों और वृत्तियों का सार भर है। हमारी आदतें और वृत्ति ही चरित्र का स्वरूप निर्धारित करती हैं । वृत्तियों की श्रेष्ठता और निष्क्रियता के अनुरूप ही चरित्र की सबलता और निर्बलता सुनिश्चित होती हैं। श्रेष्ठ चिंतन और आचरण के सतत अभ्यास द्वारा वृत्तियों का शोधन होता है और चरित्र गठन का कार्य मनोवांछित दिशा में आगे बढ़ता है। उन्होंने सदैव युवाओं को आध्यात्मिक रहने के लिए प्रेरित किया। उनका मानना था कि भारत की आध्यात्मिकता का कोई सानी नहीं है। वह सदैव आध्यात्मिक चेतना के रूप में सामाजिक चेतना को भी जागृत कर समाज हित, देश हित हेतु निरंतर कार्य करते रहें । आज के दौर में युवा कई समस्याओं से ग्रसित है। वह अपने भविष्य के निर्माण हेतु कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अतः आज स्वामी जी के विचार उनके लिए और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। वे अपने विचारों, आदर्शों लक्ष्यों के वजह से आज भी प्रासंगिक है। किसी शायर ने क्या खूब कहा है-

**युवाओं के कंधों पर युग की कहानी चलती है।**

**इतिहास उधर मुड़ जाता है जिस ओर जवानी चलती है।।**

युवा देश की ताकत हैं, उर्जा हैं। युवाओं की सामर्थ्य शक्ति किसी भी राष्ट्र को आसमान की बुलंदियों तक पहुंचाने की ताकत रखती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत की युवा शक्ति स्वामी जी के दिखाए आदर्शों पर चलें और उनके मार्ग का अनुसरण कर अप्पो दीपो भव की अवधारणा पर कार्य करें। यदि युवा पीढ़ी अपनी उर्जा का संतुलित एवं सकारात्मक उपयोग राष्ट्र निर्माण में करेगी तो भारत अगले 100 साल में विश्व गुरु के रूप में पुनः स्थापित होगा और वैश्विक फलक पर अपना आलोक बिखेर कर ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान, तकनीक के प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम फहराएगा।

## Social Media Corner

सच के हक में...



यह हमारी सरकार की साफ नीयत और देश के प्रति निष्ठा है कि एक तरफ जहां गरीबों का जीवन बेहतर बनाने के लिए कई महा-अभियान हैं, तो दूसरी तरफ हम विकास की अनेक महा-परियोजनाएं भी चला रहे हैं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



मैं स्वामी विवेकानन्द को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। एक महान आध्यात्मिक नेता और सुधारक, स्वामी जी ने भारतीयों को उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराने के लिए देश भर में यात्रा की। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए काम करने और मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महान भारतीय आध्यात्मिक संदेश को पश्चिम तक फैलाया था। उनकी शिक्षाएं और विचार भावी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 'एक्स' पर पोस्ट)**



उन्नाव उत्तरप्रदेश के लोकसभा सांसद श्री साक्षी महाराज जी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# दो क्राँतिकारियों सूर्यसेन और तारकेश्वर दत्त का बलिदान

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास साधारण नहीं है। इसमें बलिदान के कुछ ऐसे प्रसंग भी हैं, जिन्हें पढ़कर आत्मा कांप उठती है। क्राँतिकारी सूर्यसेन और तारकेश्वर दत्त को फांसी देने से पहले अमानवीय यातनाएं दी गई। हथौड़े से दांत तोड़े गये नाखून उखाड़े गये और फांसी के बाद शव समन्दर में फेंक दिये गये। इतिहास के पन्नों में अधूरी सी यह कहानी उन क्रान्तिकारियों की है, जिन्होंने चटगांव बंदरगाह पर अंग्रेजों का शस्त्रागार लूटकर सशस्त्र क्रान्ति की योजना बनाई थी। इस अभियान के नायक क्रांतिकारी सूर्यसेन थे। वे शिक्षक थे। उन्होंने अपने पचास से अधिक विद्यार्थियों का यह क्राँतिकारी दल बनाया था । सूर्य सेन के पिता रमानिरंजन चटगांव के नोआपाड़ा क्षेत्र के निवासी थे । 22 मार्च, 1894 को जन्मे सूर्यसेन छात्र जीवन से ही क्रांतिकारी आंदोलन से जुड़ गये थे । 1916 में इंटरमीडिएट की पढ़ाई के दौरान अनुशीलन समूह से जुड़े और बहरामपुर में बीए की पढ़ाई क्रांतिकारी संस्था युगान्तर से जुड़े। समय के साथ शिक्षक बने लेकिन अपने शिक्षकीय दायित्व के साथ युवाओं में भारत की स्वाधीनता के लिये क्रांतिकारी आँदोलन से जोड़ने लगे। जब इनका समूह बड़ा हो गया तब इसका नाम भारतीय रिपब्लिकन सेना रखा गया । रिपब्लिकन सेना ने सशस्त्र अभियान से अंग्रेजों को बाहर करने की योजना बनाई । इसके लिए शस्त्र जुटाने के लिये अंग्रेजों का चटगांव शस्त्रागार लूटा गया । चटगांव में दो शस्त्रागार थे । योजनानुसार 18 अप्रैल, 1930 की रात दस बजे कुल 65 क्रांतिकारियों ने दोनों शस्त्रागारों पर धावा बोल दिया । सूर्यसेन ने क्रातिकारियों की तीन टुकड़ियाँ बनाईं। पहली टुकड़ी के सोलह क्राँतिकारियों के समूह ने पुलिस शस्त्रागार पर धावा बोला। इसका नेतृत्व गणेश घोष कर रहे थे। तो लोकेन्द्र नाथ के नेतृत्व में दूसरी टुकड़ी ने सेना के शस्त्रागार पर अपना अधिकार कर लिया। तीसरी सशस्त्र टुकड़ी ने इन दोनों दलों को कवर करके सुरक्षा दी ताकि ये शस्त्र लेकर सुरक्षित निकल सकें। भारतीय रिपब्लिकन सेना के इस अभियान की एक सफलता यह थी कि शस्त्रागार पर धावा बोलने से पहले क्रांतिकारियों ने टेलीफोन, टेलीग्राफ और रेलवे लाइन आदि संपर्क के सभी सूत्र काट दिये थे लेकिन एक असफलता यह थी कि हथियार तो मिले पर गोला बारूद नहीं मिला, जिससे इन हथियारों की उपयोगिता ही न रह गई थी । दूसरी सबसे बड़ी चूक यह रही कि शस्त्रागार में एक गुप्त अलार्म भी था, जिसकी जानकारी क्रांतिकारियों को नहीं थी। जब क्रांतिकारी हथियार एकत्र करके गोला बारूद ढूंढ रहे थे, तब वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने चुपके से अलार्म बजा दिया। हथियार लूटकर सभी क्रांतिकारी पुलिस शस्त्रागार के बाहर एकत्र हुए, जहां सबने इस अभियान के नायक क्रांतिकारी सूर्यसेन को सैन्य सलामी दी और राष्ट्रीय ध्वज फहरा दिया। यहीं एक अस्थायी क्रांतिकारी सरकार की घोषणा भी कर दी गई। सुबह होते होते सभी क्रांतिकारियों ने चटगांव नगर छोड़ दिया और कुल चार समूहों में विभाजित होकर अलग-अलग दिशाओं में चले गये । लगभग तीन वर्षों तक इस समूह ने बंगाल के विभिन्न स्थानों पर धावा बोला और अनेक अत्याचारी अंग्रेज अफसरों को मौत के घाट उतारा। अंग्रेजों ने सूर्यसेन पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया और मुखबिर भी तलाशे । किसी विश्वासघाती के कारण क्रांतिकारियों के छिपे होने की सूचना अंग्रेजों को मिल गई। सेना ने घेर लिया । मुकाबला हुआ । सेना के सत्तर जवान और चौदह क्रांतिकारी बलिदान हुए। नायक सूर्यसेन और तारकेश्वर सहित कुछ क्रांतिकारी सुरक्षित निकल गये लेकिन 16 फरवरी, 1933 को ये दोनों भी गिरफ्तार कर लिये गये।

## युवाओं को सदैव प्रेरित करते रहेंगे स्वामी विवेकानंद के विचार

युवा वर्ग सही मार्ग से न भटके, इसके लिए युवा शक्ति को जागृत कर उसे देश के प्रति कर्तव्यों का बोध कराते हुए सही दिशा में प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना और उचित मार्गदर्शन बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगिकता बहुत बढ़ जाती है, जो प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को मनाया जाता है। हमें भूलना नहीं चाहिए कि देश की आजादी की लड़ाई में अपना सब कुछ बलिदान कर क्रांति का बीजारोपण करने वाले अधिकांश युवा ही थे। स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरु इत्यादि देश के अनेक युवाओं ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने निजी जीवन के समस्त सुखों का त्याग कर दिया और अपना समस्त जीवन देश के लिए न्यौछावर कर दिया था। आधुनिक युग में हम स्वार्थी बनकर ऐसे क्रांतिकारी युवाओं की जीवन गाथाओं को भूल रहे हैं और हम सब धीरे-धीरे भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा बन रहे हैं। ऐसे ही क्रांतिकारी युवा महापुरुषों की जीवन गाथाओं के जरिये देश की युवा पीढ़ी को समाज में व्याप्त गंदगी से बचाकर देश के विकास में उसका सदुपयोग किया जा सके, इसी उद्देश्य से आधुनिक भारत के महान चिंतक, दार्शनिक, समाज सुधारक, युवा सन्यासी स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को ही प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो बहुत कम आयु में अपने विचारों के चलते समस्त जगत में विशेष पहचान बनाने में सफल हुए थे। स्वामी विवेकानंद के वक्तव्यों का आम जनमानस और खासकर युवाओं के मस्तिष्क पर कितना प्रभाव पड़ता था, इसका उनके शिकागो भाषण से बेहतर उदाहरण नहीं मिल सकता।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# एआईएसबीए ने सरकार से घटिया स्टील वैक्यूम फ्लास्क का आयात रोकने का किया आग्रह

**नई दिल्ली ।**

ऑल इंडिया स्टील बॉटल एसोसिएशन (एआईएसबीए) ने सरकार से भारत में घटिया और सस्ते स्टील वैक्यूम फ्लास्क के आयात पर रोक लगाने के लिए आग्रह किया है। उद्योग निकाय ने आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि चीन और अन्य देशों से वैक्यूम स्टील की बोतलों का आयात बढ़ रहा है। देश में 2019-20 से 2022-23 तक उत्पाद के आयात में 35 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। एआईएसबीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सरकार को बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) के आदेश के तहत आयात छूट का विस्तार नहीं करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आदेशानुसार 14 जनवरी आखिरी तारीख है जब आयात किए जाने वाले उत्पादों को बीआईएस द्वारा अनुमोदित किया जाना है। उत्पाद बीआईएस मानकों के अनुरूप नहीं हैं, इसलिए सरकार को स्थानीय निर्माताओं के समक्ष पेश होने वाली समस्याओं को देखते हुए छूट नहीं बढ़ानी चाहिए, जिन्होंने भारतीय बाजार में लगभग 1,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि हम अपनी वास्तविक विनिर्माण लागत से कम कीमत पर भारत में आने वाले आयात की चुनौतियों के कारण अपनी 100 प्रतिशत क्षमता का इस्तेमाल करने में भी असमर्थ हैं। हमारे पास प्रतिदिन 1,90,000 इकाई की स्थापित क्षमता है और हम प्रति दिन 38,000 इकाई का उत्पादन करते हैं, जो निर्धारित क्षमता का 20 प्रतिशत है। उद्योग निकाय के अनुसार सरकारी हस्तक्षेप से घरेलू कंपनियों को सालाना आधार पर अपनी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी और छह महीने के भीतर रोजगार के 25,000 अवसर मिलेंगे। वर्तमान में उद्योग लगभग 9,500 लोगों को रोजगार देता है। उन्होंने कहा कि हम कनाडा, रूस जैसे ठंडे इलाकों और ब्राजील जैसे गर्म स्थानों वाले अपतटीय बाजारों की भी पहचान कर रहे हैं। 204 ग्रेड की आयातित स्टील बोतलों के विपरीत, भारत में निर्मित बोतलें बीआईएस अनुमोदित 304 ग्रेड की हैं, जो पानी के तापमान को 12-18 घंटे तक समान रखती हैं।

# दिसंबर में चीन का निर्यात 2.3 प्रतिशत बढ़ा

**हांगकांग ।**

चीन में लगातार दूसरे दिसंबर में महीने निर्यात में थोड़ी वृद्धि हुई, जो 2023 में असमान सुधार को रेखांकित करता है। सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार दिसंबर में निर्यात सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत बढ़कर 303.6 अरब डॉलर हो गया। यह इस बात का संकेत है कि साल की शुरुआत में महीनों की गिरावट के बाद मांग बढ़ी। आयात भी दिसंबर 2023 में सालाना आधार पर 0.2 प्रतिशत बढ़कर 228.2 अरब डॉलर हो गया। नवंबर में इसमें 0.6 प्रतिशत की से अधिक गिरावट आई थी। चीन दिसंबर में कुल व्यापार अधिशेष 75.3 अरब डॉलर रहा, जो नवंबर के 68.3 अरब डॉलर से 10.1 प्रतिशत अधिक है। उप निदेशक वांग लिंगजुन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निरंतर सुस्त बाहरी मांग अब भी निर्यात वृद्धि को रोकने का मुख्य कारक है। संरक्षणवाद और एकतरफावाद जैसे कारकों का भी निर्यात पर प्रभाव पड़ता है, जिससे अब भी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो की ओर से हाल ही में जारी ` किए गए आंकड़ों के अनुसार चीन में दिसंबर में उपभोक्ता कीमतों में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। लगातार तीसरे महीने इसमें गिरावट दर्ज की गई। चीन का दिसंबर के लिए उत्पादक मूल्य सूचकांक में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई। यह उन कीमतों को मापता है जो कारखाने थोक विक्रेताओं से वसूलते हैं। इसमें लगातार 15वें महीने गिरावट आई है। जापान, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों, यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार में इस वर्ष गिरावट आई। यूरोप और एशिया में फेडरल रिज़र्व तथा केंद्रीय बैंकों के मुद्रास्फीति को कम करने के लिए पिछले साल ब्याज दरें बढ़ाना शुरू करने के बाद से चीनी निर्यात की मांग कमजोर रही है।



# मध्यम और छोटी आभूषण कंपनियों के शेयरों में तेजी रही



**नई दिल्ली ।**

बीएसई पर भारी ट्रेडिंग वॉल्यूम के साथ उच्च स्तर पर मांग बढ़ने के कारण छोटी ज्वैलरी कंपनियों के शेयरों में 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी देखी गई। मोटिसन्स ज्वैलर्स, आरबीजेड ज्वैलर्स, सेंको गोल्ड और गोब्लिन इंडिया में 10 से 20 फीसदी तक की बढ़त देखी गई। सेंको गोल्ड को छोड़कर, अन्य तीन शेयरों ने बीएसई पर अपनी ऊपरी सर्किट सीमा को पार कर लिया, जो मजबूत मांग को दर्शाता है क्योंकि इन शेयरों के लिए कोई विक्रेता नहीं देखा गया।

सेंको गोल्ड अपने औसत ट्रेडिंग वॉल्यूम में छह गुना से अधिक की वृद्धि के कारण 14 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 840 रुपए की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। कंपनी ने दिसंबर तिमाही के लिए अपने अब तक के सबसे ज्यादा राजस्व की सूचना दी। यह स्टॉक सभी क्षेत्रों और चैनलों में लगातार रुझान हासिल कर रहा है। इसने` दिसंबर` तिमाही में 24 फीसदी साल-दर-साल राजस्व वृद्धि और 9 महीने की अवधि में 26 फीसदी साल-दर-साल वृद्धि हासिल की। सोने की कीमतों में वृद्धि के बावजूद, कंपनी ने तीसरी तिमाही के दौरान सोने के जेवरों में 9 फीसदी और हीरे के जेवरों में लगभग 27 फीसदी की वॉल्यूम ग्रोथ दर्ज की। 14 जुलाई, 2023 को शेयर बाजार में डेब्यू के बाद से सेनको गोल्ड का बाजार मूल्य 165 फीसदी बढ़ गया है, जो इसकी शुरुआती कीमत 317 रुपए प्रति शेयर से दोगुने से भी अधिक है। बीएसई पर आरबीजेड ज्वैलर्स के शेयर लगातार दूसरे दिन 20 फीसदी अपर सर्किट में रहे और 211.05 रुपए पर पहुंच गए। पिछले तीन दिनों में, स्टॉक में 51 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो 27 दिसंबर, 2023 को स्टॉक मार्केट में अपनी शुरुआत के बाद से 100 रुपए के अपने इश्यू मूल्य से दोगुने से भी अधिक है।

# दवाएं महंगी होने से पिछले साल बढ़ा देसी फार्मा बाजार

**- देसी फार्मा उद्योग में कुल 6.8 फीसदी वृद्धि रही**

नई दिल्ली ।

दवाओं की कीमत बढ़ने से देसी फार्मास्युटिकल उद्योग का बाजार पिछले साल 6.8 फीसदी बढ़कर 1.93 लाख करोड़ रुपए सालाना तक पहुंच गया लेकिन बिकने वाली दवाओं की मात्रा के मामले में इस दौरान 0.9 फीसदी कमी देखी गई। पिछले 12 महीने के कारोबार में कीमत वृद्धि 5.1 फीसदी रही और नए उत्पादों में वृद्धि 2.6 फीसदी ही रही। कुल बिक्री में इस दौरान 0.9 फीसदी कमी आई। एक बाजार शोध फर्म के आंकड़ों के अनुसार देसी फार्मा उद्योग में कुल 6.8 फीसदी वृद्धि रही। हृदय रोग, संक्रमण और पेट की बीमारियों के उपचार में काम आने वाली दवाओं की मांग सबसे ज्यादा रही। कुल कारोबार में मूल्य के लिहाज से हृदय रोग के उपचार वाली दवाओं में 6.3 फीसदी, संक्रमण-रोधी दवा में 8 फीसदी और गैस्ट्रो की दवा में 5.2 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई। देसी दवा उद्योग की कुल बिक्री में इन तीनों रोगों की दवाओं की हिस्सेदारी करीब 38 फीसदी रही। मगर हृदय और गैस्ट्रो रोगों की दवाओं की बिक्री मात्रा के लिहाज से कम रही। फार्माट्रैक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा` कि संक्रमण-रोधी दवा की बिक्री में 10.3 फीसदी इजाफा हुआ और कुल बिक्री में इसकी हिस्सेदारी ज्यादा रही। इससे संकेत मिलता है कि इस श्रेणी की दवाओं की मांग बढ़ी है। ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मा (जीएसके) की ऑग्मेंटिन लगातार दूसरे साल इस श्रेणी में सबसे ज्यादा बिकने वाली दवा रही। 2023 में ऑग्मेंटिन की बिक्री 9.9 फीसदी बढ़कर 804 करोड़ रुपए रही और मात्रा में करीब 12 फीसदी बढ़ोतरी हुई। जीएसके इंडिया के प्रवक्ता ने बिज़नेस स्टैंडर्ड को बताया, 'ऑग्मेंटिन चार दशक से भी ज्यादा समय से गुणवत्ता और नवोन्मेष का पैमाना गढ़ रही है और चिकित्सक इलाज के लिए इसे गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक मानते हैं।' उन्होंने कहा कि पिछले साल कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो में ऑग्मेंटिन ईएस शामिल की थी, जिसे बच्चों में जीवाणु संक्रमण के अल्पावधि उपचार में दिया जाता है। देसी बाजार में इस उद्योग की कुछ कंपनियों की बिक्री बढ़ी है और कुछ की घटी है। मैकलॉयड्स, एरिस्टो, मैनकाइंड फार्मा, सिप्ला और यूएसवी की बिक्री में ज्यादा इजाफा हुआ है। फार्मा उद्योग में शीर्ष 5 पायदानों पर वे कंपनियां ही हैं, जो 2022 में थीं मगर बाकी कंपनियों का क्रम बदल गया है। टॉरेंट फार्मा सातवें स्थान से उठकर छठे पर आ गई है और अलकेम आठवीं पायदान से चढ़कर सातवीं पर पहुंच गई। इसी तरह ल्यूपिन छठे से फिसलकर आठवें स्थान पर रह गई।

# शेयर बाजार भारी उछाल के साथ बंद

**सेंसेक्स 847 अंक , निफ्टी 247 अंक ऊपर आया**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही आईटी कंपनियों के शेयरों में उछाल से बाजार ऊपर आया। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए शीर्ष स्तर पर पहुंच गए। एक समय तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 999.78 अंक उछलकर 72,720.96 के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। वहीं इसी तरह पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 281.05 अंक बढ़कर 21,928.25 के अपने नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। व्यापक बाजारों में मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 0.3 फीसदी और 0.5 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स 847.27 अंक करीब 1.18 फीसदी की भारी बढ़त के साथ 72,568.45 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 247.35 अंक तकरीबन 1.14 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई और ये अंत में 21,894.55 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह बैंकिंग और आईटी कंपनियों के शेयरों की अगुवाई में बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ खुले। दूसरी ओर अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े उम्मीद से थोड़ा अधिक रहने से अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरों में शुरुआती और आक्रामक कटौती को लेकर निवेशकों की राय प्रभावित नहीं हुई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 600 अंकों की मजबूत उछाल के साथ 72,300 के लेवल पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी में 160 अंकों की बढ़त के साथ 21,800 के स्तर पर कारोबार होता दिखा।




## चीन का निर्यात दिसंबर में 2.3 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** चीन में दिसंबर में लगातार दूसरे महीने निर्यात में थोड़ी वृद्धि हुई, जो 2023 में आसमान सुधार को रेखांकित करता है। सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में निर्यात सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत बढ़कर 303.6 अरब डॉलर हो गया। यह इसका संकेत है कि साल की शुरुआत में महीनों की गिरावट के बाद मांग बढ़ी। आयात भी दिसंबर 2023 में सालाना आधार पर 0.2 प्रतिशत बढ़कर 228.2 अरब डॉलर हो गया। नवंबर में इसमें 0.6 प्रतिशत की से अधिक गिरावट आई थी। चीन दिसंबर में कुल व्यापार अधिशेष 75.3 अरब डॉलर रहा, जो नवंबर के 68.3 अरब डॉलर से 10.1 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, चीन में दिसंबर में उपभोक्ता कीमतों में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। लगातार तीसरे माह इसमें गिरावट दर्ज हुई हैं। चीन का दिसंबर के लिए उत्पादक मूल्य सूचकांक में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई। यह उन कीमतों को मापता है, जो कारखाने थोक विक्रेताओं से वसूलते हैं। इसमें लगातार 15वें महीने गिरावट आई है।



## सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी


**नई दिल्ली ।** सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुवात शुक्रवार से भी तेज रही। हालांकि इस सप्ताह ज्यादातर दिन सोने-चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुलने के बाद गिरावट पर बंद हुए। सोने के वायदा भाव शुक्रवार की तेजी के बाद फिर से 62 हजार रुपये पार कर गए हैं। गुरुवार को ये भाव 62 हजार रुपये से नीचे बंद हुए थे और आज खुले भी इससे नीचे ही। लेकिन खबर लिखे जाने के समय 62 हजार रुपये से ऊपर कारोबार कर रहे थे। चांदी के वायदा भाव शुक्रवार की तेजी के बावजूद 72 हजार रुपये से नीचे कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने–चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट शुक्रवार को 137 रुपये की तेजी के साथ 61,925 रुपये के भाव पर खुला। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत भी शुक्रवार को तेजी के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट शुक्रवार को 507 रुपये की तेजी के साथ 71,861 रुपये के भाव पर खुला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। कोमॉक्स पर सोना 2,033.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,019.20 डॉलर था। खबर लिखने तक यह 18.50 डॉलर की तेजी के साथ 2,037.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कोमॉक्स पर चांदी के वायदा भाव 22.92 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 22.70 डॉलर था।

## विदेशी बाजारों में तेजी से तेल-तिलहन कीमतों में सुधार रहा

**नई दिल्ली।** देश के तेल-तिलहन बाजारों में गुरुवार को सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) तथा पामोलीन तेल कीमतों के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए जबकि सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल कीमतें पूर्वस्तर पर बंद हुईं। बाजार सूत्रों के अनुसार शिकॉगो एक्सचेंज और मलेशिया एक्सचेंज में मजबूती का रुख था। बाजार के जानकारों ने कहा कि विदेशी बाजारों में डॉलर में सीपीओ का दाम मजबूत हुआ है। पश्चिम एशिया में भूराजनीतिक तनाव की वजह से खाद्य तेल परिवहन में व्यवधान रहने के कारण देश में जिस सोयाबीन डीगम तेल का दाम पहले 940-942 डॉलर टन बैठता था, वह अब बढ़कर 950-952 डॉलर प्रति टन बैठ रहा है। इसी प्रकार यात्रा व्यवधान के कारण सूरजमुखी तेल का दाम भी आयात करने में महंगा बैठ रहा है।


## जेएलआर ने अप्रैल-दिसंबर में रिकॉर्ड 3,582 गाड़ियां बेचीं

**नई दिल्ली ।** लक्जरी वाहन विनिर्माता जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में रिकॉर्ड 3,582 गाड़ियों की बिक्री की। कंपनी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में उसकी बिक्री सालाना आधार पर 93 प्रतिशत बढ़ी है। वाहन विनिर्माता ने कहा कि रेंज रोवर और डिफेंडर सालाना आधार पर 250 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे आगे हैं। कुल ऑर्डर बुक में इनका योगदान 75 प्रतिशत से अधिक है।




## गूगल ने सैकड़ों युवाओं की नौकरियों में कटौती की

सैन फ्रांसिस्को । गूगल ने हार्डवेयर, कोर इंजीनियरिंग और गूगल असिस्टेंट टीमों में कई सौ नौकरियों में कटौती की है। एक रिपोर्ट के अनुसार छंटनी से गूगल की हार्डवेयर और केंद्रीय इंजीनियरिंग टीमों के कर्मचारियों के साथ-साथ गूगल असिस्टेंट के कर्मचारी भी प्रभावित होंगे। नई छंटनी से कंपनी के अन्य हिस्से भी प्रभावित हुए हैं। कंपनी ने कहा कि वह दक्षता पर जोर देती है और अपनी सबसे बड़ी उत्पाद प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करती है। गूगल के एक प्रवक्ता ने कहा कि इन अवसरों के लिए हमें सर्वोत्तम स्थिति में लाने के लिए 2023 की दूसरी छमाही के दौरान हमारी कई टीमों ने अधिक कुशल बनने और बेहतर काम करने और अपने संसाधनों को अपनी सबसे बड़ी उत्पाद प्राथमिकताओं के साथ संरेखित करने के लिए बदलाव किए। कंपनी ने कहा कि कुछ टीमें इस प्रकार के संगठनात्मक बदलाव जारी रख रही हैं, जिसमें वैश्विक स्तर पर कुछ भूमिकाएं खत्म करना भी शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है` कि गूगल ने पिछले साल विविधता, समानता और समावेशन कार्यक्रमों में भी महत्वपूर्ण कटौती की। अल्फाबेट वर्कर्स यूनियन ने नवीनतम छंटनी पर निराशा जताई।




# एलआईसी को 3,528 करोड़ का आयकर मांग आदेश प्राप्त हुआ

**नई दिल्ली ।**

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को सहायक आयकर आयुक्त, मुंबई द्वारा जारी आयकर मांग के संबंध में आयकर अधिकारियों से 3,528 करोड़ रुपए का आदेश मिला है। एलआईसी ने कहा कि निगम निर्धारित समय सीमा में उक्त आदेशों के खिलाफ आयुक्त (अपील), मुंबई के समक्ष अपील दायर करेगा। उपरोक्त आदेशों के कारण निगम की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई भौतिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। आईटीएटी के आदेश को प्रभावी करते हुए आदेश जारी करने के क्रम में आयकर विभाग ने 25,464.46 करोड़ रुपए की वापसी के लिए सूचना जारी की है। आईटीएटी ने मूल्यांकन अधिकारी को अधिशेष के तथ्यात्मक मैट्रिक्स/उपयोग की जांच करने और मूल्यांकन आदेश में किए गए अंतरिम बोनस के कारण अस्वीकृति/अतिरिक्त जारी करने के संबंध में कानून के अनुसार निर्णय लेने का निर्देश दिया था। पुनर्विचार करने पर निर्धारण अधिकारी ने इसे अस्वीकार कर दिया। इस तरह की अस्वीकृति का कर प्रभाव 2,133.67 करोड़ रुपए बैठता है। यह निर्धारण वर्ष 2012-13, 2013-14, 2014-15, 2016-17, 2017-18, 2018-19 और 2019-20 से संबंधित है। आईटीएटी ने मूल्यांकन अधिकारी को अधिशेष के तथ्यात्मक मैट्रिक्स/उपयोग की जांच करने और मूल्यांकन आदेश में किए गए अंतरिम बोनस के कारण अस्वीकृति/अतिरिक्त जारी करने के संबंध में कानून के अनुसार निर्णय लेने का निर्देश दिया था। पुनर्विचार करने के अनुरोध को निर्धारण अधिकारी ने अस्वीकार कर दिया और 1,395.08 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस जारी किया। यह निर्धारण वर्ष 2015-16 से संबंधित है।




# अंबानी ने एक छलांग लगाकर गौतम अदाणी को किया पीछे

**मुंबई ।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी का नाम फिर से दुनिया के 12वें सबसे अमीर और भारत सहित एशिया के सबसे ज्यादा अमीर इंसान के तौर पर उभरा है।

मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में गुरुवार को 2.76 अरब डॉलर का इजाफा हो गया और वे एक रैंक की छलांग लगाकर गौतम अदाणी को पीछे करने में कामयाब हो गए। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत के बाद अदाणी ग्रुप के चेयरमैन अदाणी का नाम दुनिया के सबसे अमीर इंसानों की लिस्ट में 12वें नंवर पर और मुकेश उनसे एक रैंक पीछे यानी 13वीं रैंक पर आ गए थे। लेकिन कुछ ही समय में गौतम अदाणी की नेटवर्थ में 64 करोड़ डॉलर की कमी आई और वे 12वीं रैंक से 14वीं रैंक पर पहुंच गए। वहीं भारत और एशिया की बात करें, तब अदाणी दूसरे नंबर के सबसे अमीर इंसान बन गए।

बता दें कि 13वीं रैंक पर दुनिया की सबसे बड़ी कॉस्मेटिक कंपनी लॉरियल में एक-तिहाई हिस्सेदारी रखने वाली फ्रेंकोइस बेटनकोर्ट मेयर्स आ गईं। उनकी नेटवर्थ में 33.9 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गुरुवार को 2.6 फीसदी की रिकॉर्ड तेजी आई। इसके साथ कल वे जून 2022 के बाद पहली बार 100 अरब डॉलर के क्लब में शामिल हो गए।

गौरतलब है कि रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी के पास कंपनी की 42 फीसदी हिस्सेदारी है। रिलायंस इंजस्ट्रीज का एनर्जी से लेकर टेलीकॉम और रिटेल सेक्टर तक, कई क्षेत्रों में बिजनेस है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के 12वें नंबर के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति इस समय 102 अरब डॉलर है।

उनकी नेटवर्थ में सालाना आधार पर (साल दर साल) 5.47 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। वहीं गौतम अदाणी की नेटवर्थ में 64 करोड़ डॉलर की गिरावट आ गई और अब उनकी कुल संपत्ति पहले के मुकाबले कम होकर 96.2 अरब डॉलर हो गई। हालांकि सालाना आधार पर उनकी संपत्ति में 11.9 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

तेल रिफाइनिंग से लेकर सुपरमार्केट तक और अब टेक्नोलॉजी सेक्टर में अपनी पैठ जमा रहे मुकेश अंबानी अब अमीरी के मामले में दुनिया के टॉप अमीर लोगों में से एक हो गए हैं। अदाणी की रैंकिंग में गिरावट की वजह शेयरों में हो रहे काफी परिवर्तन और उतार-चढ़ाव मानी जा रही है। शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद 2023 में अदाणी ने किसी भी दूसरे उद्योगपति के मुकाबले ज्यादा संपत्तियां खो दी और अब इंडेक्स में अंबानी से दो रैंक पीछे चले गए।

सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को भी रिलायंस इंडस्केट्रीज के शेयरों में इजाफा देखने को मिला।

## फिर महंगा हुआ मक्का और गेहूं, पशु चारे में भी आएगी तेजी




**नई दिल्ली ।** लोगों को खाने-पीने की चीजों की महंगाई से राहत मिलना मुश्किल ही नजर आ रहा है। गेहूं की कीमतों में तेजी के साथ मक्का भी महंगा हो गया है, जिसकी वजह से पशु चारा और भी महंगा होने की आशंका है। बाजार के जानकारों का कहना है कि सप्लाई में कमी, एथेनाल उत्पादन में गन्ने के स्थान पर मक्के का उपयोग होना और पशु चारा बनाने वाली कंपनियों तथा स्टार्च मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियों में मांग बढ़ने से अक्टूबर के बाद से मक्का की कीमतों में 25 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं गेहूं 5.5 फीसदी से ज्यादा महंगा हो गया है। कारोबारियों का कहना है कि खरीफ मक्का की फसल खत्म हो चुकी है और मंडियों में आवक 25 से 27 प्रतिशत कम है। मानसून के अनियमित होने से भी मक्के की फसल पर प्रभाव पड़ा है। आवक में कमी से कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मक्के का फैक्ट्री डिलीवरी भाव 24000 से 25000 रुपए प्रति टन के बीच है, जो तीन महीने पहले 21000 रुपए प्रति टन था।



# मधुमेह है डायबिटिक रेटिनोपैथी का मुख्य कारण

जीवनशैली से जुड़ी कई बीमारियां हमें अपनी चपेट में ले रही है। मधुमेह भी ऐसी ही एक बीमारी है, जो लोगों को अपने शिकंजे में ले रही है। हमारे ह्रदय और लीवर को मधुमेह के कारण कितना नुकसान पहुंचता है, यह तो हम अच्छी तरह जानते हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि हमारी आंखों की रोशनी के लिए भी कि मधुमेह उतना ही नुकसानदायक है। मधुमेह होने कि वजह से आंखों का एक गंभीर रोग पैदा हो सकता है, जिसे चिकित्सकों की भाषा में डायबिटिक रेटिनोपैथी कहा जाता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी होने से अगर आंखों की दृष्टि चली गई तो उसे वापस नहीं लाया जा सकता है।

## ऐसे होती है डायबिटिक रेटिनोपैथी



नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव जैन के अनुसार डायबिटिक रेटिनोपैथी एक हल्की बीमारी के रूप में शुरू होती है। बीमारी के शुरुआती चरण के दौरान रेटिना में छोटी रक्त वाहिकाएं कमजोर हो जाती हैं और यह छोटे बुल्गेस को विकसित करती है जिसे माइक्रोएनिअरीसम्स कहते है। इस बीमारी में रक्त में शुगर की मात्रा अधिक हो जाती है, जो आंखों सहित पूरे शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। रक्त में मधुमेह अधिक बढ़ने से रेटिना में रक्त वाहिकाओं को नुकसान होता है, जिसके कारण डायबिटिक रेटिनोपैथी हो सकती है। इस बीमारी से रेटिना के ऊतकों में सूजन हो सकती है, जिससे दृष्टि धुंधली होती है। जिस व्यक्ति को लंबे समय से मधुमेह होता है, उसे डायबिटिक रेटिनोपैथी होने की संभावना उतनी ही अधिक हो जाती है। इतन ही नहीं डायबिटिक रेटिनोपैथी का इलाज नहीं कराने पर यह अंधेपन का कारण भी बन सकती है।

### डायबिटिक रेटिनोपैथी के लक्षण

- आंखों का बार-बार संक्रमित होना।
- चश्मे के नंबर बार-बार बदलना।
- सुबह उठने के बाद कम दिखाई देना।
- सिर में हमेशा दर्द रहना।
- आंखों की रोशनी अचानक कम हो जाना।
- रंग को पहचानने में कठिनाई।



## डायबिटिक रेटिनोपैथी का उपचार



डायबिटिक रेटिनोपैथी के रोगियों का इलाज कैसे किया जा सकता है, इस पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव जैन कहते हैं कि समस्या से निजात पाने के लिए लेजर उपचार का प्रयोग किया जाता है, इस उपचार विधि के दौरान रेटिना के पीछे की नई रक्त वाहिकाओं के विकास के इलाज के लिए और आंखों में रक्त और द्रव के रिसाव को रोकने के लिए किया जाता है। इलाज प्रक्रिया के दौरान आंखों को सुन्न करने और पुतलियों को बड़ा करने के लिए विशेष रूप की आई ड्रॉप डाली जाती है, इसके बाद आंखों का लेजर किरणों से इलाज किया जाता है। इलाज के दौरान लगभग 30.40 मिनट लगते हैं। इसमें आम तौर पर दृष्टि का धुंधला होना और प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता का बढ़ जाना जैसे कुछ दुष्प्रभाव हो सकते हैं। **इंजेक्शन से उपचार:** डायबिटिक रेटिनोपैथी से निजात पाने के दूसरे तरीके में आंखों में इंफ्लामेशन को कम करने या आंखों के पीछे नयी रक्त वाहिकाओं को बनने से रोकने के लिए आंखों में ल्यूसेंटिस, अवास्टिन जैसे इंजेक्शन लगाए जाते है। इंजेक्शन आम तौर पर एक महीने में एक बार लगाया जाता है और एक बार जब दृष्टि स्थिर हो जाती है तो इंजेक्शन लगाना बंद कर दिया जाता है। इलाज की इस विधि में जलन या बेचैनी आंखों के अंदर रक्तस्राव आंखों में खुजली, आंखों में कुछ तैरने या आंखों में कुछ होने का अहसास हो सकता हैं। **सर्जरी से उपचार:** लेजर और इंजेक्शन उपचकर की विधि से जब इलाज संभव नहीं होता है तो विट्रेक्टॅमी नामक सर्जरी से इलाज किया जाता है, जो इसके इलाज के लिए एक कारगर तरीका है।

## डायबिटिक रेटिनोपैथी से ऐसे करें बचाव

आंखों पर मधुमेह के अधिक बढ़ने से प्रभाव शुरू हो जाता है, इसलिए इससे बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि मधुमेह का पता लगते ही ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ने से रोकें। इसके लिए डॉक्टर के बताए नुस्खों का पालन करें और दवाएं लेते रहें। इसके अलावा डायबिटीज होने पर आपको साल में एक-दो बार आंखों की जांच करानी चाहिए, जिससे आंखों पर अगर किसी तरह का प्रभाव शुरू हो जाए, तो उसका समय पर इलाज किया जा सके। आपको अगर डायबिटीज बहुत समय से हैं तो आपको हर 3 महीने में आंखों की जांच करानी चाहिए।

## रेसिपी



### वेजिटेबल फिंगर्स

**सामग्री**

- अरहर दाल: 1 कप
- लाल मिर्च- 2
- छोटा प्याज (छिला हुआ): 1 कप
- कटे हुए टमाटर: 2
- इमली का गूदा: 4 चम्मच
- सांबर पाउडर- 1 चम्मच
- नमक: स्वा के अनुसार
- सरसों: 1 चम्मच
- हींग: चुटकी भर
- करी पत्ता: 6
- बारीक कटी धनिया पत्ती: 4 चम्मच

**विधि**

अरहर दाल को धोकर दस मिनट के लिए भिगो दें। दाल को कुकर में दो कप पानी के साथ डालें और तीन से चार सीटी लगाएं। जब दाल पक जाए तो उसे अच्छी तरह से मैश कर दें। अब कुकर में टमाटर, इमली का गूदा, सांबर पाउडर, नमक और एक चौथाई कप पानी डालें। कुकर बंद करके दो सीटी लगाएं। अब दाल और इमली के मिश्रण को एक बड़े पैन में डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। एक छोटे पैन में एक चम्मच तेल गर्म करें और छौंक की सभी सामग्री डालें। एक मिनट बाद इस छौंक को तैयार सांबर में डाल दें। अब सांबर वाले पैन को गैस पर चढ़ाएं। एक उबाल आने के बाद आंच धीमी कर दें और मध्यम आंच पर पांच मिनट तक उबालें। अगर सांबर गाड़ा है तो उसमें थोड़ा-सा पानी मिलाएं और उबालें। नमक चख लें। धनिया पत्ती से गार्निश करें और सर्व करें।



### आलू कुल्चा

**सामग्री**

- मैदा: 2 कप
- चीनी: 1 चम्मच
- बेकिंग सोडा: 1/4 चम्मच
- गाढ़ा दही: 1/4 क
- तेल: 2 चम्मच
- गुनगुना पानी: गूंदने के लि
- भरावन के लिए
- उबले आलू: 2
- कटी मिर्च 1
- कश्मीरी लाल मिर्च: 1/2 चम्म
- गरम मसाला: 1/4 चम्मच
- अदरक: 1 चम्म
- अमचूर: 1/4 चम्मच
- अजवाइन: 1/4 चम्म
- नमक: स्वादानुसार
- काले तिल: 2 चम्म
- हरा धनिया चम्मच
- बेकिंग पाउडर: 1 चम्म
- बटर- 2 चम्मच

**विधि**

मैदा, चीनी, बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा, नमक और दही को एक बरतन में डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। गुनगुने पानी की मदद से मैदा को गूंद लें। गीले सूती कपड़े से ढककर दो घंटे के लिए छोड़ दें। एक बाउल में मैश किया आलू और भरावन की सभी साम्रगी डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। गूंदे हुए मैदे से लोई काटें। उसके बीच में हल्का गड्ढा-सा करें और उसमें थोड़ा-सा आलू वाला मिश्रण डालें। लोई को सील करें। लोई के ऊपर थोड़ा-सा तिल और धनिया पत्ती डालें और हल्के हाथों से लोई को अंडाकार आकार में बेल लें। तवा गर्म करें। कुल्चे में एक ओर से ब्रश की मदद से पानी लगाएं और कुल्चे को गर्म तवे में चिपका दें। एक मिनट बाद तवा को पलट दें और कुल्चे को सीधे आग से सुनहरा होने तक पकाएं। कुल्चे के ऊपर हल्का-सा बटर लगाएं और सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे। शुभांक-5-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक-5-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें। शुभांक-6-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। शुभांक-3-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। ''आगे-आगे गौरख जागे'' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

## काकुरो पहेली - 3063




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

10 → 1 2 3 4
6 ↑ 1 2 3

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3062 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज ने अभियुक्त से कहा- 'तुम पर मोटर तेज चलाने का इल्जाम है. क्या तुम अपना इल्जाम स्वीकार करते हो?'
'जी हां, मीलार्ड, मगर ?'
'मैंने कोई अपराध नहीं किया.' अभियुक्त सफाई देते हुए बोला- 'मेरी मोटर के ब्रेक खराब थे, इसलिये मैंने सोचा कि जल्दी से घर पहुँच जाऊं. कहीं ऐसा न हो कि कोई एक्सीडेंट हो जाए !'

□ □ □


एक सेठ बीमार पड़ गया.
डाक्टरों ने उसे राय दी कि वह विदेश जाकर दवा कराये तो उसने अपने मुंशी से पूछा- 'मुंशी जी ! विदेश जाकर दवा कराने में कितना खर्च होगा ?'
'लगभग बीस हजार !'
'और क्रिया-कर्म में ?'
'लगभग पांच हजार !'
'तो फिर इलाज से मरना ही ज्यादा फायदेमंद रहेगा.' सेठ ने ठण्डी सांस लेते हुए कहा.

□ □ □

रमेश ने महेश से पूछा- 'जब सेब पेड़ से नीचे गिरा तो न्यूटन को बहुत आश्चर्य हुआ.'
महेश- 'पागल था वह ?'
रमेश- 'वह कैसे ?'
महेश- 'आश्चर्य की बात तो तब होती जब सेब नीचे से ऊपर जाता.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3063



**बायें से दायें:-**

१. संजीव कुमार, वहीदा रहमान की 'ऐ मेरी आँखों के पहले सपने' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'चलो एक बार फिर से अजनबी बन जायें' गीत वाली फिल्म-४
६. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
८. 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
१०. जीतेंद्र, आदित्य, संगीता की १९९३ की एक फिल्म-५
१३. ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१४. 'किसी को किसी' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता की फिल्म-३
१६. शाहरूख, पूजा भट्ट, रम्या की फिल्म-३
१९. विवाह से पूर्व टीना अंबानी का सरनेम क्या था-३
२१. अमोल, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'सरकाय लेओ' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
२४. अनिल कपूर, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२६. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२
२७. संजय दत्त, कुमार गौरव, पूनम की 'तेरे दिल की तू' गीतवाली फिल्म-२
२९. 'मैं लव तुम से' गीत वाली तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
३१. सुनील दत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला तेरी राह तके ब्रजबाला' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली राज बब्बर, राखी, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
३३. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की 'ओ ऐसी कोई बात' गीत वाली फिल्म-१

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, वैजयंती की फिल्म-४
२. 'मेरो गाम काथा पारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली फिल्म-२
४. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'रूठ कर हम उन्हें भूल जाने लगे' गीत वाली फिल्म-३
५. फिल्म 'आज का अर्जुन' में 'लक्ष्मी' की भूमिका किस अभिनेत्री ने की थी-३
७. राजेंद्र कुमार, माला सिन्हा की फिल्म-२
९. 'मेरे चेहरे पे' गीत वाली फिल्म-३
११. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१२. अमोल, राखी की 'जो राह चुनी तूने राही' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कभी खुशियों की सरगम' गीत वाली अमिताभ, अरबाज, डिम्पल की फिल्म-४
१६. वी. शांताराम की प्रेमकुमार, मास्टर सुशांत, रंजना, गौरी कामथ अभिनीत फिल्म-२
१७. 'प्यार कर इकरार कर' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय, अमीषा की फिल्म-४
१८. अक्षय कमार, प्रीति जिंटा की फिल्म-३
१९. 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने निभाई है-३
२३. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२५. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
२६. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो अक्सर याद आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेई, उर्मिला मातोंडकर अभिनीत रामगोपाल वर्मा की एक सस्पेंस फिल्म-३
३०. 'माई हार्ट इज बीटिंग गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3062



## सूडोकु -3063


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3062 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3063




**बाएँ से दाएँ**

1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम,चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.छापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1.इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निर्झरणशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2

### शब्द पहेली -3062 का हल



# दिग्गज क्रिकेटर क्लाइव लॉयड ने की टी20 वर्ल्ड कप में विराट-रोहित को खिलाने की वकालत

**कोलकाता (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्लाइव लॉयड ने भारत की टी20 विश्व कप टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली को शामिल करने की वकालत करते हुए शुक्रवार को कहा कि इन दोनों का अनुभव अहम रहेगा क्योंकि टीम को सिर्फ युवाओं से भरना समझदारी नहीं है। भारतीय चयनकर्ताओं ने हाल में इन दोनों को अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चुना है जिससे संकेत मिला कि ये दोनों अब भी छोटे प्रारूप की योजनाओं में शामिल हैं।

कोहली व्यक्तिगत कारणों से मोहाली में श्रृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाये थे। बहस चल रही है कि आईसीसी ट्राफी के सूखे के ध्यान में रखते हुए इन दोनों को युवाओं के लिए जगह बनानी चाहिए या खेलना चाहिए। ताजा झटका भारत का पिछले साल नंबर में वनडे विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से हारना रहा। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान लॉयड ने यहां मीडिया से कहा, ''आप अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनना चाहते हो, आप सिर्फ युवा खिलाड़ियों से अपनी टीम नहीं भर सकते। आपको अनुभव भी चाहिए।''

यहां सतगाछिया हाई स्कूल के 75वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे लॉयड ने कहा, ''कोहली अब भी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। रोहित बतौर कप्तान काफी अच्छे हैं। इसलिये आप अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनो। आपके पास कुछ युवा खिलाड़ी भी होंगे क्योंकि आपके पास यहां बहुत सारे क्रिकेटर हैं और वे उम्रदराज खिलाड़ियों की जगह ले रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''ऐसा ही होना चाहिए। लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि आपकी मजबूत टीम होगी।'' भारतीय टीम में अपने पसंदीदा बल्लेबाज के तौर पर लॉयड ने शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर को चुनते हुए कहा, ''मुझे गिल पसंद है, वह अच्छा क्रिकेटर लगता है और श्रेयस अय्यर भी। भारत में इस समय काफी क्रिकेटर हैं।''

उन्हें हालांकि लगता है कि भारतीय काफी ज्यादा क्रिकेट खेल रहे हैं जिससे खेल में रूचि कम हो सकती है। लॉयड ने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के बारे में क्रिकेट समुदाय की चिंता व्यक्त करते हुए कहा,''मुझे लगता है कि टीम





काफी अच्छी है और अगर ऐसा ही खेलते रहे तो वे अच्छा करेंगे। लेकिन समस्या यह है कि वे शायद ज्यादा क्रिकेट खेल रहे हैं जिससे दिलचस्पी कम हो सकती है।

# मलेशिया ओपन : सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची, चीन जोड़ी को दी मात



**कुआलालम्पुर (एजेंसी)।** विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की अनुभवी भारतीय जोड़ी शुक्रवार को कुआलालंपु में आयोजित मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में चीन के रेन जियांग यू और हे जी टिंग की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर लगातार दूसरे सेमीफाइनल में पहुंची।

पिछले साल एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय जोड़ी ने मैच के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण दिखाते हुए विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज यू और टिंग की जोड़ी को महज 35 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-11, 21-8 से पराजित किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को फाइनल में पहुंचने के लिए कोरिया के कांग मिन ह्युक तथा सियो सेउंग जे और मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त आरोन चिया तथा सोह वूई यिक की जोड़ी के विजेता से भिड़ना होगा।

अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने इससे पहले शीर्ष रैंकिंग और दो बार की विश्व चैंपियन मायू मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा की जोड़ी को हराकर सुर्खियां बटोरी थी।

भारतीय जोड़ी हालांकि उस प्रदर्शन को जारी नहीं रख सकी और इवानागा और नाकानिशी की जोड़ी से 39 मिनट तक चले मैच को 15-21, 13-21 से हार गयी। यह भारतीय जोड़ी की विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज जापान की जोड़ी के खिलाफ दूसरी हार थी। इवानागा तथा नाकानिशी ने पिछले महीने लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 के फाइनल में अश्विनी और तनीषा की जोड़ी को हराया था।

इस भारतीय जोड़ी ने पिछले महीने लखनऊ और ओडिशा में दो प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने के अलावा गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने में सफल रही थी। सात्विक और चिराग के लिए बीता साल (2023) छह खिताबों के साथ शानदार रहा था उन्होंने उस लय को इस टूर्नामेंट में जारी रखा है। चीन की इस जोड़ी ने पिछले साल चाइना मास्टर्स में भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन सात्विक और चिराग की तेज रैली का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

भारतीयों ने अपने नियंत्रण और खेल से चीन की जोड़ी को संभालने का कोई मौका नहीं दिया और शुरुआती गेम में 7-0 की बड़ी बढ़त बना ली। ब्रेक के समय सात्विक और चिराग 11-2 से आगे थे और पहला गेम जल्दी ही खत्म कर दिया। ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी 11-2 से आगे थी। ब्रेक के बाद चीन की जोड़ी ने वापसी की कोशिश लेकिन चिराग और सात्विक के सामने उनकी एक ना चली। भारतीयों ने छोर बदलने के बाद भी अपनी गति जारी रखी और ब्रेक तक 11-4 से आगे रहे। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी को 2 मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने दूसरे मौके पर ही इसे भुनाकर अंतिम चार में जगह पक्की की।

# बीबीएल में वापसी पर हेलीकॉप्टर से मैदान पर उतरेंगे वार्नर



**सिडनी (एजेंसी)।** हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले ऑस्ट्रेलियई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर अब घरेलू क्रिकेट लीग बिग बैश (बीबीएल) में सिडनी थंडर के लिए सत्र के अंतिम तीन गेम खेलेंगे। वार्नर की बीबीएल में वापसी के लिए भव्य इंतजाम किये गये हैं। वह शाही अंदाज में हेलीकॉप्टर से सिडनी मैदान में उतरेंगे।


सिडनी थंडर के लिए अंतिम तीन मैचों के बाद वार्नर आईएलटी20 लीग में दुबई कैपिटल्स में शामिल होने के लिए संयुक्त अरब अमीरात जाएंगे। उनके हालांकि वेस्टइंडीज के खिलाफ 9 से 13 फरवरी तक होने वाली ट्वेंटी 20 श्रृंखला के लिए वापसी की उम्मीद है। ये जून में टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया में उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। बीबीएल में वार्नर की वापसी इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि टीम में शामिल इंग्लैंड के ऑलराउंडर टॉम करन चोटिल होकर बाहर हो गये हैं। करन सिडनी सिक्सर्स के साथ मुकबले में घुटने की चोट के कारण बाहर हो गये हैं। वह अंपायर से विवाद के कारण लगे प्रतिबंध के कारण आईएलटी20 में भी नहीं खेल सकेंगे।

# विश्व कप टीम में जगह बनाने पर अक्षर की नजरें, टेस्ट श्रृंखला और आईपीएल में छोड़ना चाहेंगे छाप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोहाली -चोट के कारण वनडे विश्व कप से बाहर रहे स्पिनर अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी नजरे आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करके जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में जगह बनाने पर लगी है। अक्षर ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए।

उन्होंने कहा, 'मेरा काम अपना 100 प्रतिशत देना है। मैं विश्व कप टीम चयन के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा। अगर सोचूंगा तो दबाव में आ जाऊंगा।' उन्होंने कहा, 'अभी मेरा फोकस आईपीएल पर है और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला भी खेलनी है।' भारत को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप से पहले दो और टी20 मैच खेलने हैं। अक्षर ने कहा, 'हमें विश्व कप से पहले दो ही टी20 और खेलने है जिसके बाद आईपीएल है। मुझे पता है कि प्रतिस्पर्धा कड़ी है लेकिन मेरी स्पर्धा खुद से ही है। मैं अपने हुनर पर मेहनत करना चाहता हूं।'

उन्होंने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि मैं चोट के कारण विश्व कप नहीं खेल सका लेकिन इस दौरान मैंने अपने खेल पर मेहनत की। मैं एनसीए में अपने खेल पर काम कर रहा था। मेरे पास लेग स्पिनर की तरह विविधता नहीं है लिहाजा बाएं हाथ के स्पिनर के तौर पर मैने अपनी गेंदबाजी पर मेहनत की।'





# पहले टी20 मुकाबले में कई सकारात्मक चीजें हुईं : रोहित

## -रन आउट पर बोले, हमेशा आपके अनुसार नहीं होता

**मोहाली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले कई सकारात्मक चीजें देखने को मिली हैं। उन्होंने कहा कि हमारे स्पिनरों और तेज गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की है। भारतीय टीम को इस मैच में शिवम दुबे के अर्धशतक से जीत मिली है जिससे वह तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गयी है। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा पहले ही ओवर में तेजी से रन लेने के प्रयास में रन आऊट गए थे क्योंकि शुभमन ने उनका साथ नहीं दिया। इससे रोहित ने मैदान पर ही शुभमन से नाराजगी जतायी हालांकि बाद में रोहित ने कहा कि इस प्रकार के मामले होते रहते हैं क्योंकि सब कुछ आपके अनुसार नहीं होता। रोहित ने इस दौरान कैच छूटने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि गेंद मेरी उंगली की नोक पर लगी थी जिस कारण तेज दर्द हुआ पर धीरे धीरे यह ठीक हो गया। रोहित ने शुभमन के साथ हुए रन आऊट विवाद पर कहा कि ये चीजें होती रहती हैं। रोहित बोले, आप वहां रहना चाहते हैं और टीम के लिए रन बनाना चाहते हैं। सब कुछ आपके अनुसार नहीं होगा।मैं चाहता था कि शुभमन आगे बढ़ें। रोहित ने कहा कि आज अच्छी चीजें देखने को मिलीं। शिवम और जीतेश ने अच्छी बल्लेबाजी की। तिलक और रिंकू अच्छी फॉर्म में हैं। हम उन क्षेत्रों में अपने को चुनौती देना चाहते हैं जिनमें हम थोड़े असहज हैं। हम यह पक्का करना चाहते हैं कि हम शीर्ष पर आएं।

# वेस्टइंडीज का ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अनुभवहीन टीम भेजना गलत : डुजॉन




किंग्स्टन। वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर जेफरी डुजॉन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए युवा खिलाड़ियों की टीम भेजने पर नाराजगी जतायी है। डुजॉन के अनुसार इस अनुभवहीन टेस्ट टीम भेजने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। उन्होंने कहा कि इस दौरे में केवल कप्तान क्रैग ब्रैथवेट, केमार रोच, अल्ज़ारी जोसेफ, जोशुआ दा सिल्वा और टैगेनारिन चंद्रपॉल ही अनुभवी हैं। जेसन होल्डर और काइल मेयर्स अभी फ्रेंचाइजी टी20 लीग खेल रहे हैं जबकि जेडन सील्स कंधे की चोट के कारण बाहर हैं। ऐसे में टेस्ट टीम में 15 खिलाड़ियों में से 7 गैरअनुभवी हैं। अनुभवहीन खिलाड़ी हैं बल्लेबाज जाचरी मैकास्की, विकेटकीपर टेविन इमलाच, ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, केविन सिंक्लेयर, तेज गेंदबाज अकीम जॉर्डन और शमर जोसेफ। डुजॉन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की हालत हमारे समान नहीं हैं। हो सकता है कि उनके खिलाड़ी अधिक देशभक्त हों और राष्ट्रीय टीम से खेलने को अधिक वरीयता देते हों। अन्होंने कहा कि अगर हमने युवा टीम को किसी कमजोर देश से खेलने के लिए भेजा होता तो बेहतर होता पर ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ युवाओं को भेजना कहीं से भी सही नहीं है। वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 17 जनवरी को एडिलेड में शुरू होगा। उसके बाद 25 जनवरी से गाबा में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। अंतिम बार वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया में 1992/93 में टेस्ट सीरीज जीती। वहीं टेस्ट क्रिकेट को लेकर डुजॉन ने कहा कि जब तक आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं खेलेंगे तब तक क्रिकेट में सुधार नहीं हो सकता।

# तिलक को शायद ही दूसरा मैच खेलने को मिले : आकाश



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा के हाल के प्रदर्शन पर निराशा जतायी है। तिलक अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में बड़ी पारी नहीं खेल पाये। चोपड़ा ने कहा कि तिलक ने अवसरों का पूरी तरह से फायदा नहीं उठाया है। इससे तीन मैचों की सीरीज के आगामी मैचों में विराट कोहली और यशस्वी जयसवाल को जगह मिलनी तय है। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में भारतीय टीम की जीत के बाद आकाश ने कहा, रोहित शर्मा और शुभमन गिल के आउट होने के बाद तिलक वहां थे और शिवम दुबे को ऊपरी क्रम में भेजा गया। तिलक ने कुछ समय तक अच्छा खेला पर फिर वह संयम खोकर आउट हो गये। तिलक ने अपने अवसर का पूरी तरह से फायदा नहीं उठाया है। उन्होंने कहा, क्या तिलक अगला मैच खेलेंगे? मुझे लगता है कि उन्हें बाहर किया जा सकता है क्योंकि अगर विराट कोहली और यशस्वी जयसवाल दोनों उपलब्ध हो जाते हैं, तो कौन बाहर जाएगा? कोई भी शिवम को बाहर नहीं रखेगा है और न ही कोई रिंकू सिंह को। शुभमन के बारे में नहीं पता लेकिन मुझे लगता है कि तिलक वर्मा को अगले मैच के लिए बाहर किया जा सकता है। अब तक 16 टी20आई में तिलक ने 15 पारियों में 33.60 की औसत और 139.41 की स्ट्राइक रेट से दो अर्धशतकों के साथ 336 रन बनाए हैं पर वेस्टइंडीज में शानदार पदार्पण श्रृंखला के बाद तिलक का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है और वह 10 पारियों में 23.28 की औसत से केवल 163 रन ही बना पाये हैं।

# भारतीय निशानेबाज अखिल श्योराण ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में जीता स्वर्ण पदक

**जकार्ता (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाजों अखिल श्योराण और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में शुक्रवार को क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। श्योराण ने 460 . 2 स्कोर करके आठ निशानेबाजों का फाइनल जीता। वहीं तोक्यो ओलंपिक खेल चुके तोमर 459 . 0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। थाईलैंड के टी वोंगसुकदी ने कांस्य पदक मिला। श्योराण, तोमर और स्वप्निल कुसाले ने मिलकर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने 1758 अंक हासिल किये। चीन 18 अंक पीछे दूसरे ओर दक्षिण कोरिया तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में तोमर 588 अंक लेकर तीसरे और श्योराण 586 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। भारत के नीरज कुमार चैन सिंह ने भी क्वालीफिकेशन में भाग लिया लेकिन सिर्फ रैंकिंग अंक हासिल करने के लिये। वह फाइनल में प्रवेश की पात्रता नहीं रखते थे। भारत के अब दस स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक हो गए हैं। 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में तीनों भारतीयों ने फाइनल में प्रवेश किया। क्वालीफाइंग दौर में ऐश्वर्य दूसरे, श्योराण तीसरे और कुसाले चौथे स्थान पर रहे जबकि चीन के यू हाओ शीर्ष रहे। फाइनल में श्योराण ने नीलिंग पोजिशन में 153, प्रोन में 154 और स्टैंडिंग में 100.9 अंक बनाये। 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा शनिवार को होगी। भारत के आदर्श सिंह और विजयवीर सिद्धू क्वालीफाइंग के पहले दिन छठे और सातवें स्थान पर हैं। भारतीयों के पास ओलंपिक कोटा हासिल करने का मौका है चूंकि शीर्ष छह क्वालीफाई करेंगे और कोरिया तथा जापान के कम से कम तीन निशानेबाज उनके ऊपर हैं जो इस चरण में कोटा हासिल करने की पात्रता नहीं रखते।



# पेरिस ओलंपिक पर भारतीय महिला हॉकी टीम की नजरें, अमेरिका के खिलाफ अभियान का आगाज

**नोएडा (एजेंसी)।** एशियाई खेलों में तीसरे स्थान पर रहने की निराशा से उबरते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो उसकी नजरें अपने मैदान पर खेलने का फायदा उठाते हुए पेरिस का टिकट कटाने पर लगी होंगी। मेजबान भारत, जर्मनी, चेक गणराज्य, इटली, जापान, अमेरिका, चिली और न्यूजीलैंड यहां पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में खेलेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जायेंगे। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को सर्वोच्च रैंकिंग मिली है जबकि भारत छठे स्थान पर है। न्यूजीलैंड रैंकिंग में नौवे स्थान पर है जबकि जापान 11वें, चिली 14वें, अमेरिका 15वें, इटली 19वें और चेक गणराज्य 25वें स्थान पर है। भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली, अमेरिका के साथ रखा गया है। वहीं जर्मनी, पूर्व एशियाई चैम्पियन जापान, चिली और चेक गणराज्य पूल ए में हैं। अमेरिका के बाद भारत को 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से खेलना है। सेमीफाइनल 18 जनवरी को और फाइनल 19 जनवरी को होगा। भारत और अमेरिका ने 1983 के बाद से एक दूसरे के खिलाफ 15 बार खेला है जिसमें से नौ बार अमेरिका ने जीत दर्ज की जबकि भारत चार ही बार जीत सका और दो मैच ड्रॉ रहे। रैंकिंग में नीचे होने के बावजूद अमेरिकी टीम खतरनाक साबित हो सकती है। भारत की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, '' हम एशियाई खेलों के जरिये ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने से चूक गए लेकिन अब वह बीती बात है।'' उन्होंने कहा, '' हमें इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। हमें पहले से बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अगर ऐसा कर सके तो हम ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर पायेंगे।'' टूर्नामेंट से नौ दिन पहले भारत की अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया अभ्यास के दौरान चेहरे की हड्डी में फ्रेक्चर के कारण बाहर हो गई। हाल ही में भारत के लिये 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने वाली वंदना फॉरवर्ड पंक्ति की धुरी थी। उनकी जगह बलजीत कौर ने ली। टीम को वंदना की कमी खलेगी जो एक दशक से भारतीय टीम का अभिन्न अंग रही है और रियो ओलंपिक से तोक्यो ओलंपिक तक सारे बड़े टूर्नामेंट खेले हैं। वह ओलंपिक में हैट्रिक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। भारत को पेनल्टी कॉर्नर में भी सुधार करना होगा जो लंबे समय से समस्या रही है। टूर्नामेंट से ठीक पहले भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह ने खिलाड़ियों को अभ्यास कराया है। शॉपमैन ने कहा, '' रूपिंदर काफी अनुभवी खिलाड़ी है और उसे पता है कि डी के भीतर दबाव का सामना कैसे करना है। उसके सत्र से गुरजीत कौर और दीपिका को काफी मदद मिली।'' वंदना की गैर मौजूदगी में लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका और बलजीत पर दबाव होगा जबकि डिफेंस में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और मोनिका होंगे।

# अब ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से पारी की शुरुआत करेंगे स्मिथ

सिडनी। डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद अब अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को पारी की शुरुआत का अवसर मिलना तय है। इसका कारण ये है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) स्मिथ को वार्नर के बेहतर विकल्प के रुप में देखता है। सीए चाहता है कि उस्मान ख्वाजा के जोड़ीदार के तौर पर स्मिथ उतरें। स्वयं वॉर्नर ने भी अंतिम टेस्ट मैच खेलने के बाद कहा था कि स्मिथ पारी की शुरुआत के लिए बेहतर रहेंगे। वहीं चयनकर्ता भी स्मिथ के अनुभव को देखते हुए ये जिम्मेदारी उन्हें देना चाहते हैं। स्मिथ ने साल 2010 में टेस्ट करियर की शुरुआत लेग स्पिनर के रूप में की थी। इसके बाद वह नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते-करते तीसरे नंबर पर पहुंचे। वहीं अब वह पारी की शुरुआत के लिए तैयार हैं। स्मिथ ने भी हाल ही में इच्छा जताई थी कि वह टेस्ट में पारी की शुरुआत करना चाहते हैं। स्मिथ ने सबसे ज्यादा नंबर 4 पर बल्लेबाजी की है। अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैचों में ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करते हुए नजर आयेंगे। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए 13 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए कहा कि स्मिथ टेस्ट मे शुरुआत करेंगे। स्मिथ की गिनती आज विश्व के शीर्ष बल्लेबाजों में होती है। उन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट मैच में आठवे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। स्मिथ टीम के कप्तान भी रहे हैं। स्मिथ आज ऑस्ट्रेलियाई टीम के अहम सदस्य हैं। उनकी गिनती वर्तमान समय के पसंदीदा चार बल्लेबाजों में होती है। इस सूची में विराट कोहली, स्टीव स्मिथ, केन विलियम्सन और बाबर आजम जैसे नाम हैं।



# सौरव गांगुली पर बायोपिक बनना फाइनल, विक्की डोनर फेम एक्टर आयुष्मान खुराना निभाएंगे लीड रोल

**मुंबई (एजेंसी)।** क्रिकेट जगत में बॉलीवुड बायोपिक बनाने का सिलसिला आगे बढ़ने जा रहा है। अब इस लिस्ट में सौरव गांगुली का नाम आया है जिनके लीड रोल में विक्की डोनर फेम एक्टर आयुष्मान खुराना फाइनल हो गए हैं। बॉलीवुड में क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल के खिलाड़ियों पर कई बायोपिक्स बनी हैं। अब इसे आगे बढ़ाते हुए निर्माता लव रंजन और अंकुर गर्ग गांगुली आगे बढ़ चुके हैं। बायोपिक का निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी करेंगे जोकि उड़ान, लुटेरा, जुबली आदि फिल्में बना चुके हैं।

निर्माता लव रंजन और अंकुर गर्ग ने आयुष्मान खुराना और विक्रमादित्य मोटवाने को एक-साथ लाकर चर्चा बटोरी है। गांगुली की तरह आयुष्मान भी बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते रहे हैं। फिल्म की आधिकारिक घोषणा जल्द होगी। बताया जा रहा है कि गांगुली की भूमिका के लिए पहले रणबीर कपूर को एप्रोच किया गया था, लेकिन किसी कारण बात बन नहीं पाई। फिल्म के लिए कास्ट होकर आयुष्मान खुराना दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत, इमरान हाशमी, श्रेयस तलपड़े और तापसी पन्नू की श्रेणी में पहुंच गए हैं जिन्होंने स्क्रीन पर वास्तविक जीवन के क्रिकेटर की भूमिका निभाई है।

बॉलीवुड और क्रिकेट का नाता बहुत पुराना है। 1960 के दशक से भारत के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी ने बॉलीवुड अभिनेत्री शर्मिला टैगोर के साथ शादी की थी। इसके बाद दोनों जगत से कई जोड़ियां बनीं। इसी क्रम में विराट कोहली और अनुष्का शर्मा देश की पसंदीदा सेलिब्रिटी जोड़ी बनी। इस दौरान कई भारतीय फिल्में क्रिकेट या क्रिकेटरों पर आधारित रही, जिनमें लगान, एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी, 83 और शाबाश मिठू शामिल हैं। बता दें कि सौरव चंडीदास गांगुली जिन्हें दादा के नाम से भी जाना जाता है, भारत को 20 साल बाद 2003 के क्रिकेट विश्व कप फाइनल में लेकर गए थे। उन्होंने बतौर कप्तान टीम इंडिया को ऐतिहासिक उपलब्धियां दिलाईं। कप्तान के रूप में उन्होंने 2002 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इसके अलावा 2003 क्रिकेट विश्व कप और 2000 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व किया। उन्हें आधुनिक भारतीय टीम का जन्मदाता माना जाता है।





## ओपन एआई के सीईओ ऑल्टमैन ने ओलिवर से की शादी

सैन फ्रांसिस्को । ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने गुप्त समुद्र तटीय समारोह में अपने साथी ओलिवर मुलहेरिन से शादी कर ली है। 38 वर्षीय ऑल्टमैन ने अपनी शादी की तस्वीरें प्रसारित होने के बाद इस खबर की पुष्टि की। तस्वीरों में जोड़े को समुद्र तट पर प्रतिज्ञा लेते हुए, ताड़ के पेड़ों से घिरे हुए और लगभग एक दर्जन मेहमानों के एक समूह को कैद किया गया है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि पिछले साल, ऑल्टमैन और मुलहेरिन (पूर्व में मेटा में एक ऑस्ट्रेलियाई सॉफ्टवेयर इंजीनियर) ने व्हाइट हाउस में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा आयोजित रात्रिभोज में अपनी पहली सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज की थी। पिछले साल सितंबर में एक साक्षात्कार में, जोड़े ने जल्द ही एक परिवार शुरू करने की अपनी इच्छा साझा की थी। ओपनएआई के सीईओ, जिन्हें नवंबर में भूमिका से हटा दिया गया था और बाद में बहाल कर दिया गया था, ने साक्षात्कार में रोलर-कोस्टर अनुभव को प्रतिबिंबित किया, जिसने बाद में उन्हें वर्ष का सीईओ नामित किया। ऑल्टमैन ने एलन मस्क सहित कई तकनीकी अरबपतियों के साथ 2015 में एक गैर-लाभकारी संगठन के रूप में ओपनएआई की सह-स्थापना की और सीईओ के रूप में, उन्होंने कंपनी को दुनिया के सबसे लोकप्रिय स्टार्टअप में से एक बनने में मार्गदर्शन किया है।

## दो देशों की जंग में मारे गए साढ़े 23 हजार लोग

गाजा। जंग के कारण कुछ भी हो सकते हैं लेकिन नतीजा सिर्फ हानि ही होती है। इजराइल और हमास के बीच छिड़ी जंग का भी यही परिणाम है कि 23,469 लोगों की जान चली गई। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों में कम से कम 112 फिलिस्तीनी मारे गए, जिससे मरने वालों की कुल संख्या बढ़ गई, जबकि 194 लोग घायल भी हुए। मंत्रालय ने अपने नवीनतम अपडेट में कहा कि कुल हताहतों में से लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं। 7 अक्टूबर 2023 को गाजा में युद्ध छिड़ने के बाद से कुल 59,604 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने कहा कि कुल घायलों में से 6,200 लोगों को गाजा के बाहर इलाज कराने की तत्काल आवश्यकता थी। उन्होंने कहा, घायलों और हजारों विस्थापित लोगों की भीड़ के कारण दक्षिणी गाजा पट्टी के अस्पतालों में स्थिति बेहद भयावह है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार गाजा के 36 अस्पतालों में से 15 आंशिक रूप से काम कर रहे हैं। अस्पतालों को विशेष सर्जन, न्यूरोसर्जन और गहन देखभाल स्टाफ सहित चिकित्सा कर्मचारियों की कमी के साथ-साथ चिकित्सा आपूर्ति की कमी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और यहां ईंधन भोजन और पीने के पानी की तत्काल आवश्यकता है। दक्षिण में 9 आंशिक रूप से कार्यात्मक अस्पताल बुनियादी आपूर्ति और ईंधन की गंभीर कमी का सामना करते हुए अपनी क्षमता से तीन गुना अधिक काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार आंतरिक रोगी विभागों में अधिभोग दर 206 प्रतिशत और गहन देखभाल इकाइयों में 250 प्रतिशत तक पहुंच रही है। इस बीच अल केदरा ने संयुक्त राष्ट्र संस्थानों से आपदा आने से पहले विस्थापितों को पानी, भोजन और आश्रय प्रदान करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने का भी आह्वान किया है।

## 24 घंटे के अंदर 3 भूकंप से अफगानिस्तान में दहशत

काबुल ।अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में शुक्रवार तड़के 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, सुबह 9.40 बजे आये इस नये भूकंप का केंद्र 180 किलोमीटर की गहराई पर था। इससे पहले भूकंप सुबह 4.51 बजे आया और 17 किलोमीटर की गहराई पर था। जिससे क्षति या हताहत की कोई रिपोर्ट नहीं थी। गुरुवार दोपहर 2.50 बजे अफगानिस्तान के इसी क्षेत्र में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया जिसके झटके दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों, पाकिस्तान के लाहौर और पुंछ सहित जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में महसूस किए गए। बता दें कि अफगानिस्तान के पश्चिम में पिछले साल अक्टूबर में आये 6.3 तीव्रता के भूकंप में सात लोगों की मौत हो गई थी, जबकि हजारों घायल हो गए थे। इस आपदा में जीवित बचे लोग तीन माह बाद भी अपने जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हेरात प्रांत में आये भूकंप ने जिंदा जान जिले में सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया था, इस जिले में ऐसा कोई घर नहीं बचा है, जो सही सलामत हो। ऐसे में अब यहां कई परिवार तंबुओं में रह रहे हैं। लोग फिलहाल दान में मिली धनराशि की मदद से अपना गुजारा कर रहे हैं, लेकिन भविष्य को लेकर काफी चिंचित हैं, उन्हें नहीं पता आगे क्या होगा। हबीब रहमान (43) ने बताया कि जिस दिन भूकंप आया वह अपने ससुर के घर पर टीवी देख रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भी उस दिन मची चीख-पुकार उनके कानों में गूंजती है। चाहकर भी वह इस खौफ से नहीं निकल पा रहे हैं। 'इसका बच्चों के मस्तिष्क पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है। कभी-कभी मैं उनका ध्यान भटकाने और भूकंप के बारे में भूलने के लिए उनके साथ खेलता हूं। जिंदा जान में इस कड़कड़ाती ठंड में सिर छिपाने के लिए लोगों के पास तंबू ही एकमात्र सहारा हैं, लेकिन आंधी-तूफान इन्हें भी क्षतिग्रस्त कर रहे हैं।

## पाबंदी के बावजूद ट्रंप ने अदालत में प्रस्तुत किया तथ्य

### -राष्ट्रपति चुनाव में मेरी भागीदारी से किया जा रहा उत्पीड़न

वाशिंगटन । अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ न्यूयॉर्क की अदालत में धोखाधड़ी के दीवानी मामले में बृहस्पतिवार की सुनवाई के दौरान समापन जिरह करने पर आधिकारिक रूप से रोक लगाई गई थी, इसके बावजूद उन्होंने संक्षेप में अपनी बात रखने का मौका खोज लिया। न्यायाधीश द्वारा उन्हें बोलने से रोके जाने से पहले ट्रंप को यह कहने का मौका मिल गया कि सुनवाई प्रक्रिया उनके साथ धोखाधड़ी है। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, ''हमारे पास ऐसी स्थिति है जहां मैं एक निर्दोष हूं। मेरा राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल किसी व्यक्ति द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है।'' ट्रंप के करीब छह मिनट बोलने के बाद न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन ने उन्हें रोक दिया और दोपहर के भोजनावकाश की घोषणा कर दी। इससे पहले न्यायाधीश ने ट्रंप को मुकदमे में अंतिम दलीलों के दौरान उनका पक्ष रखने की अनुमति रद्द कर दी थी। इससे कुछ घंटे पहले अधिकारियों ने न्यायाधीश के घर में बम रखा होने की धमकी पर कार्रवाई की थी। पुलिस ने एंगोरोन के लांग आइलैंड स्थित आवास पर तलाशी ली।

## पिछले माह 10 हजार लोगों की कोविड से गई जान

जिनेवा। कोरोना के बढ़ते खतरे के बीच एक और डराने वाली खबर आई है जिसमें कहा गया है कि बीते माह में दस हजार लोगों की मौत सिर्फ कोरोना के कारण हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक ने जिनेवा में अपने मुख्यालय से पत्रकारों से कहा, ''हालांकि महामारी के चरम के हिसाब से एक महीने में 10,000 लोगों की मौत का आंकड़ा कम है।'' उन्होंने कहा कि यह निश्चित है कि मामले अन्य जगहों पर भी बढ़े हैं जिनकी सूचना नहीं मिली है। उन्होंने सरकारों से निगरानी बनाए रखने और उपचार एवं टीके उपलब्ध कराने की अपील की। टेड्रोस ने कहा कि जेएन.1 स्वरूप अभी दुनिया में वायरस का सबसे प्रमुख स्वरूप बन गया है। यह वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप से उत्पन्न हुआ है। डब्ल्यूएचओ में कोविड-19 के लिए तकनीकी प्रमुख मारिया वान केरखोव ने कोरोना वायरस के साथ-साथ फ्लू, राइनोवायरस और निमोनिया के कारण दुनिया भर में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि का हवाला दिया। डब्ल्यूएचओ के अधिकारियों ने सलाह दी है कि लोगों को टीका लगवाना चाहिए, मास्क पहनना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि घर के अंदर हवा आने जाने की अच्छी व्यवस्था हो।स्वास्थ्य एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि छुट्टियों के दौरान लोगों की भीड़-भाड़ और दुनियाभर में फैल रहे वायरस के नए स्वरूप के कारण पिछले महीने संक्रमण के मामले बढ़े। टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने कहा कि संक्रमण के कारण दिसंबर में करीब 10,000 लोगों की मौत हुई जबकि करीब 50 देशों में अस्पतालों में मरीजों के भर्ती होने का आंकड़ा 42 प्रतिशत बढ़ गया। इनमें ज्यादातर यूरोप और अमेरिका से हैं।





ताइपे में सत्ताधारी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के समर्थक एक रैली में शामिल हुए।

## वाशिंगटन में रामायण की शिक्षाओं पर आधारित कार्यक्रम आयोजित

न्यूयॉर्क । अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में कैपिटोल हिल में शुक्रवार के शासन में रामायण की शिक्षाओं को एकीकृत करने पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समकालीन भूराजनीति में सांस्कृतिक विरासत की महत्ता पर जोर दिया गया। एक गैर लाभकारी संगठन 'हिंदूएक्शन' द्वारा कैपिटोल हिल में 'रामायण अक्रॉस एशिया एंड बियॉन्ड कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राजनयिक और सांसद शामिल हुए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह सम्मेलन समकालीन भूराजनीति में सांस्कृतिक विरासत की महत्ता पर जोर देता है। इसका मुख्य संदेश आज के शासन में रामायण की शिक्षाओं को एकीकृत करना है। अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू भी कार्यक्रम में शामिल हुए। संधू ने कहा, ''यूएस कैपिटोल में कांग्रेस सदस्य मैक्स मिलर, श्री थानेदार और अमेरिका में थाइलैंड के राजदूत तानी संगरत के साथ 'एशिया में रामायण ~ हिंद-प्रशांत की साझा सांस्कृतिक विरासत' कार्यकम में शामिल होकर खुशी हुई।'' उन्होंने कहा, ''रामायण का कालातीत ज्ञान हिंद-प्रशांत और उससे आगे की भौगोलिक सीमाओं से परे है।'' विज्ञप्ति के अनुसार, अफगानिस्तान के हजारा समुदाय के सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने अफगानिस्तान में तालिबान से बौद्ध और हिंदू स्मारकों की रक्षा करने के अपने अनुभव साझा किए।



# लौट कर अमेरिका रूस पर आया, कभी भारत को दिया था ज्ञान

### -अब 17 माह बाद तेल आयात करना फिर से शुरू कर दिया

**गाजा (एजेंसी)।** यूक्रेन में सैन्य हस्तक्षेप को लेकर मॉस्को पर लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद, अमेरिका ने एक साल से अधिक समय में पहली बार रूस से तेल आयात करना फिर से शुरू कर दिया है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) के अनुसार, अमेरिका ने अक्टूबर में 36,800 बैरल और नवंबर में 9,900 बैरल रूसी तेल का आयात किया, जिनकी कीमत क्रमशः 2.7 मिलियन डॉलर और 749,500 डॉलर थी। आयात अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) द्वारा दिए गए विशिष्ट लाइसेंसों द्वारा संभव हुआ, जो प्रतिबंधों के प्रवर्तन की देखरेख करता है।

ईआईए डेटा से यह भी पता चला है कि अमेरिका ने रूसी तेल के लिए प्रीमियम का भुगतान किया है, क्योंकि अक्टूबर में एक बैरल की कीमत 74 डॉलर और नवंबर में 76 डॉलर थी, जो 2022 में अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा निर्धारित 60 डॉलर प्रति बैरल की ÷मूल्य सीमा÷ से काफी ऊपर है। मूल्य सीमा क्रीमिया पर कब्जे और पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादियों के समर्थन की प्रतिक्रिया के रूप में तेल निर्यात से रूस की आय को कम करने के लिए अमेरिका, जी7 देशों, यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के समन्वित प्रयास का हिस्सा थी।





अमेरिका ने मार्च 2022 में रूस से तेल, गैस और अन्य ऊर्जा संसाधनों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया, साथ ही रूसी व्यक्तियों, संस्थाओं और क्षेत्रों को लक्षित करने वाले अन्य प्रतिबंध भी लगाए। हालाँकि, ओएफएसी के पास कुछ लेनदेन के लिए लाइसेंस जारी करने का अधिकार है जो अन्यथा मामले-दर-मामले आधार पर प्रतिबंधों द्वारा निषिद्ध हैं। रूसी तेल का आयात फिर से शुरू करने के अमेरिकी फैसले के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन कुछ विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि यह वैश्विक ऊर्जा संकट, चीन के साथ भू-राजनीतिक तनाव या यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के राजनयिक प्रयासों से संबंधित हो सकता है।

## 2025 में चांद पर जाने के लिए नासा ने नाम किए फायनल

**वॉशिंगटन(एजेंसी)।** आने वाले साल 2025 में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चांद पर भेजने के लिए नामों का चयन कर लिया है। इसमें कनाडाई स्पेस एजेंसी के जेरेमी हैनसेन, नासा की क्रिस्टीन कोच, विक्टर ग्लोवर और रीड वाइसमैन को शामिल किया गया है। ये चारों आर्टेमिस-2 मिशन का हिस्सा होंगे। जो चांद के चारों तरफ चक्कर लगाकर वापस धरती पर आएगा। सितंबर 2026 में जब आर्टेमिस-3 मिशन भेजा जाएगा, तब एस्ट्रोनॉट्स चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पर लैंड करेंगे। इसके बाद साल 2028 में आर्टेमिस-4 में वो मिशन जाएगा, जो चांद पर गेटवे लूनर स्पेस स्टेशन बनाएगा।

नासा एडमिनिस्ट्रेटर बिल नेल्सन ने कहा कि हम जिस तरह से इस बार चांद पर जा रहे हैं, वैसा पहले कभी नहीं हुआ है। लेकिन इन मिशनों से पहले हमारे एस्ट्रोनॉट्स की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है। इसलिए सभी मिशन की जमकर जांच की जा रही है। अगर शुरूआती मिशन सफल होते हैं तो हमारे अंतरराष्ट्रीय और व्यापारिक समझौतों को भी मदद मिलेगी। बिल नेल्सन ने कहा कि ये कोई एक देश या एजेंसी का प्रोजेक्ट नहीं है। यह पूरी दुनिया का मिशन है। हम किसी भी एस्ट्रोनॉट की सेहत या जान के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। इसलिए हह्लदृद्बद्बह्य-ढ्ढ मिशन को आगे बढ़ाया गया है। ओरियन स्पेसक्राफ्ट को कई तरह के टेस्ट से गुजरना है। उसके लाइफ सपोर्ट सिस्टम की जांच होनी है।

ओरियन स्पेसक्राफ्ट के बैटरी से संबंधित समस्याओं को दूर किया जा रहा है। साथ ही एयर वेंटिलेशन और तापमान नियंत्रण करने वाले यंत्रों की बाकायदा जांच की जा रही है। आर्टेमिस-1 मिशन के लौटने के बाद ओरियन स्पेसक्राफ्ट में लगे चार की परत उतर गई थी। ये हीटशील्ड में होता है। उसकी जांच हो रही है। इसके अलावा सेंसर्स और इमेजरी की जांच हो रही है। आर्टेमिस-2 मिशन के बाद ही तीसरे मिशन की डेट को तय किया जाएगा। फिलहाल उसे सितंबर 2026 के लिए रखा गया है ताकि उस समय तक सारी तैयारियां पूरी हो सकें। तीसरे मिशन में चांद के दक्षिणी ध्रुव के पास नासा के एस्ट्रोनॉट्स उतरेंगे। चौथे मिशन में नासा चांद पर अपना स्पेस स्टेशन बनाने का प्रयास शुरू करेगी।

## पर्यटन बढ़ावा के लिए मालदीव ने मांगी चीन से मदद

### -पीएम मोदी की यात्रा से उत्पन्न तनाव से प्रभावित उद्योग को बचाने मालदीव ने लगाई चीन से गुहार

**माले (एजेंसी)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा से उत्पन्न तनाव के बाद मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू का चीनी दौरा सुर्खियों में हैं। पांच दिन के बींजिग प्रवास को लेकर मोइज्जू ने चीनी नेताओं और उनकी मेहमाननवाजी की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की है। इस दौरान मोइज्जू ने चीन के साथ कई अहम समझौते के साथ ही मालदीव में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चीन से मदद मांगी। क्योंकि भारतीयों द्वारा सोशल मीडिया पर मालदीव के बायकॉट की बातें कही जा रही हैं। चीन में दिया गया मालदीव के राष्ट्रपति का ये बयान चर्चा में है, जिसमें उन्होंने कहा, चीन और मालदीव के रिश्ते बहुत पुराने और प्रगाढ़ हैं। दोनों देशों के बीच संबंध इस तथ्य से पता चलता है कि कोविड महामारी से पहले पर्यटन के लिहाज से मालदीव में सबसे ज्यादा चीनी पर्यटक आते थे। मोहम्मद मोइज्जू ने अनुरोध किया कि चीन इस शानदार रिश्ते की ओर फिर से लौटें और एक बार फिर उसी तरह सबसे ज्यादा चीनी हमारे यहां आएं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू के बयान को कई विशेषज्ञ भारतीयों के मालदीव की बजाय लक्षद्वीप की यात्रा करने से हो रहे नुकसान की भरपाई के तौर पर देख रहे हैं। दरअसल मालदीव की अर्थव्यवस्था में एक बड़ा हिस्सा पर्यटकों से आता है। भारतीय भी बड़ी संख्या में मालदीव जाते हैं लेकिन हाल में नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के बाद दोनों देशों के रिश्तो में तनाव आया है। ऐसी कई रिपोर्ट सामने आई हैं, जो बताती हैं काफी बड़ी संख्या में भारतीयों ने मालदीव की अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द कर दिया है, जिसका असर मालदीव के पर्यटन उद्योग पर पड़ा है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू बीते साल चुनाव जीतने के बाद से ही भारत की बजाय चीन की ओर झुकाव रख रहे हैं। मोइज्जू के कई बयानों की वजह से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव बना था। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर मालदीव के कुछ नेताओं और मंत्रियों की टिप्पणियों के बाद ये तनाव काफी बढ़ गया है। इसका असर ये हुआ है कि भारत में एक वर्ग मालदीव के बायकॉट की बात कह रहा है और काफी लोगों ने अपनी मालदीव यात्रा कैंसिल कर दी है।

## हुती विद्रोहियों के हमले को लेकर अमरीका ने भारत से की ''साझा चिंताओं'' पर चर्चा

### -लाल सागर हमलों पर ब्लिंकन और एस. जयशंकर के बीच संवाद

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** हुती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में किये हमलों को लेकर अमरीका ने भारत से ''साझा चिंताओं'' पर चर्चा कर क्षेत्र में नौवहन स्वतंत्रता की रक्षा में दोनों देशों के बीच ''बढ़ते सहयोग'' का स्वागत किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को फोन पर बातचीत की और दक्षिणी लाल सागर और अदन की खाड़ी में हुती के हमलों को लेकर अमेरिका तथा भारत की साझा चिंताओं पर चर्चा की।



इन हमलों ने वाणिज्यिक जहाजों के निर्बाध आवागमन, निर्दोष नौसैनिकों की जान खतरे में डाल दी है और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान में कहा कि ब्लिंकन ने कहा कि लाल सागर एक प्रमुख वाणिज्यिक गलियारा है जहां से अंतरराष्ट्रीय व्यापार होता है और उन्होंने ''क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने में भारत के साथ बढ़ते सहयोग का स्वागत किया।''

बयान में कहा गया है कि जयशंकर और ब्लिंकन ने इजराइल-हमास संघर्ष, तनाव बढ़ने से रोकने के प्रयासों और गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता की आपूर्ति में वृद्धि पर भी चर्चा की। ब्लिंकन ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध पर भी चर्चा की। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने ''अपने मित्र'' ब्लिंकन से ''अच्छी बातचीत'' की।

उन्होंने कहा, ''हमारी बातचीत में समुद्री सुरक्षा चुनौतियों, विशेष रूप से लाल सागर क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। गाजा समेत पश्चिम एशिया में मौजूदा हालात पर उनके दृष्टिकोण को सराहा।'' जयशंकर ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, कि साल 2024 के लिए हमारे व्यापक सहयोग एजेंडे को हासिल करने के लिए उत्साहित हूं। मिलर ने 'एक्स' पर कहा कि ब्लिंकन ने जयशंकर के साथ ''सार्थक बातचीत की और अहम समुद्री क्षेत्रों में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए अमेरिका-भारत साझेदारी पर चर्चा की।

## मिडिल ईस्ट में अमेरिकी बेस पर हमले की योजना में हिज्जबुल्ला

वाशिंगटन। अमेरिकी ठिकानों पर हिज्जबुल्ला हमला कर सकता है। हिज्जबुल्ला को लेकर अमेरिकी खुफिया विभाग ने चेतावनी दी है। मिडिल ईस्ट में अमेरिकी बेस पर हिज्जबुल्ला की नजर बनी हुई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हिज्बुल्ला-इजरायल टकराव से अमेरिकी एजेंसियां चिंतित हैं। विदेश में अमेरिकी सैनिकों या राजयिकों पर हमले का डर बाइडेन प्रशासन को सताने लगा है। बता दें कि ईरान समर्थित समूह की तरफ से पहले से ही अमेरिकी बेस को निशाना बनाया जा रहा है। बता दें कि बीते हफ्ते ही लेबनान के हिजबुल्लाह ने इजरायली सैन्य अड्डे पर 60 से अधिक रॉकेट दागे। समूह ने कहा कि इस हमले को बेरूत में हमास के उप नेता की हत्या की प्रतिक्रिया के रूप में वर्णित किया गया है। ईरान समर्थित समूह ने कहा कि महान नेता शेख सालेह अल-अरुरी की हत्या के अपराध की प्रारंभिक प्रतिक्रिया के हिस्से के रूप में विभिन्न प्रकार की मिसाइलों से मेरोन वायु नियंत्रण अड्डे को निशाना बनाया गया।

## पाकिस्तान में लाशों पर हो रहे आम चुनाव,इमरान समर्थकों की चुन चुनकर हो रही हत्या

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में जिस तरह से ताबड़तोड़ हत्याएं हो रहीं हैं। लोग कह रहे हैं कि ये चुनाव लाशों के ढेर पर हो रहे हैं। पूर्व पीएम इमरान खान के समर्थकों को ढूंढ ढूंढकर मारा जा रहा है उनकी हत्याएं की जा रहीं हैं। बता दें कि अगले माह यहां चुनाव होना है और राजनीतिक हत्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ने लगी हैं। पाकिस्तान प्रशासन पूरी तरह इमरान खान और उनकी पार्टी के खिलाफ खड़ा नजर आ रहा है। पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं एक अन्य उम्मीदवार पर ताबड़तोड़ हमला किया गया। इसके अलावा इमरान खान की पार्टी के पूर्व सांसद को हाईकोर्ट में पीट दिया गया।

पाकिस्तान में होने वाले चुनाव में पाकिस्तान प्रशासन इमरान खान की पार्टी तहरीके इंसाफ के खिलाफ एक तरफा खड़ा नजर आ रहा है। गत दिवस इमरान खान की पार्टी की नेता और बिजनेसमैन शाह खालिद की गोली मारकर हत्या कर दी गई, वह छोटा लाहौर के रहने वाले थे. हमलावर एक मोटरसाइकिल पर आए थे और उन्होंने खालिद पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। दिलचस्प है कि पुलिस ने इस बाबत कहा कि यह हत्या आपसी रंजिश के कारण हुई है और अपनी एफआईआर में भी पुलिस ने इसी बात का जिक्र किया है। लेकिन यदि यह हत्या व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण हुई थी तो फिर वह दुश्मन कौन था और हमलावर कौन थे? इस बारे में पुलिस पूरी तरह से खामोश है।दूसरे मामले में अज्ञात हमलावरों ने एक अन्य राजनीतिक पार्टी जमीयत उलेमा ए इस्लामएन) के उम्मीदवार कारी महार उल्लाब को निशाना बनाया। अज्ञात हमलावरों ने क्वेटा बलूचिस्तान में आगामी आम चुनाव में चुनाव क्षेत्र पीबी 45 के लिए लड़ रहे इस उम्मीदवार पर गोलियां बरसाई। लेकिन कारी महार इस हमले में बाल-बाल बच गए। अज्ञात हमलावर गोली चलाने के बाद फरार हो गए।

तीसरे मामले में इमरान खान की पार्टी के पूर्व सांसद फजल मोहम्मद खान को एक दूसरी राजनीतिक पार्टी अवामी नेशनल पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने पेशावर हाई कोर्ट में जमकर पीट दिया। फसल मोहम्मद खान ने आगामी नेशनल पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष के खिलाफ एक याचिका हाई कोर्ट के सामने दाखिल की थी, जिसके आधार पर हाईकोर्ट ने अवामी नेशनल पार्टी के नेता को तलब किया था। इस बात से नाराज अवामी नेशनल पार्टी के




कार्यकर्ताओं ने कोर्ट परिसर में ही इमरान खान की पार्टी के सांसद को जमकर पीटा और पुलिस पूरे मामले में मूक दर्शक बनी रही. यहां तक की खुद सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को यह कहना पड़ा कि जब तक शांति नहीं होती, वह सुनवाई नहीं करेंगे।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Saturday, 13 January 2024



# नोरा के ठुमके के बाद अब स्त्री 2 की तमन्ना बनी दर्शकों की पहली पसंद

बॉलीवुड में हाई बीट्स गानों पर डांस का क्रेज है। इस सिलसिले में नोरा फतेही के डांस मूव्ज ने दर्शकों को खासा आकषित किया है। उन पर फिल्माए कई गाने बेहद हिट साबित हुए थे लेकिन लगता है उनके ठुमके अब कुछ फीके हो गए हैं। अब उनकी जगह साउथ की एक सुंदरी मेकर्स की पहली पसंद बनती जा रही है। बीते दिनों यह एक्ट्रेस साउथ की 600 करोड़ी फिल्म में नजर आई थी। फिल्म में इनका एक आइटम डांस बेहद हिट रहा था। अब खबर है कि ये जल्द ही बॉलीवुड फिल्म 'स्त्री' में नजर आएंगी। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'स्त्री' 31 अगस्त 2018 को रिलीज हुई थी। इस हॉरर कॉमेडी को अमर कौशिक ने निर्देशित किया था जिसे दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। फिल्म में एक आइटम सॉन्ग था 'कमरियाज' जिसे नोरा फतेही पर फिल्माया गया था। खबर थी कि फिल्म के दूसरे पार्ट 'स्त्री 2' में भी नोरा पर एक डांस नम्बर फिल्माया जाएगा लेकिन अब फिल्म से साउथ की बड़ी एक्ट्रेस का नाम जुड़ गया है। नोरा फतेही की जगह साउथ एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की एंट्री हुई है । विजय वर्मा की गर्लफ्रेंड तमन्ना को फिल्म के एक खास डांस नम्बर के लिए चुना गया है। हाल ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे फेमस गाने कावाला पर डांस करती दिख रही हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो फिल्म 'स्त्री 2' के सेट का है। गाने की डांस रिहर्सल के बाद तमन्ना सेट पर अपने गाने पर डांस करती नजर आईं। फिल्म 'स्त्री 2' आगामी 30 अगस्त को रिलीज होगी। फिल्म के पहले पार्ट के लिए एक स्पेशल डांस नम्बर कृति सेनन ने भी शूट किया था। बीते दिनों तमन्ना, रजनीकांत के साथ फिल्म 'जेलर' में नजर आई थीं। फिल्म में तमन्ना पर कावाला गाना फिल्माया गया था, जो हिट साबित हुआ था। सोशल मीडिया पर यह गाना खूब चला था।

# कर्मा कॉलिंग लेकर आ रहीं मस्त-मस्त गर्ल



नब्बे के दशक में हर बॉलीवुड फैन की फेवरेट रहीं रवीना टंडन अब अपनी नई वेब सीरीज के साथ तैयार हैं। उनकी पहली वेब सीरीज अरण्यक को ओटीटी पर लोगों ने खूब पंसद किया था। अब नई सीरीज कर्मा कॉलिंग का ट्रेलर आ गया है। ट्रेलर के पहले फ्रेम से ही रवीना एक उस किरदार में बहुत कम्फर्टेबल नजर आ रही हैं, जिसका बेसिक आईडिया उनकी निजी जिदंगी से मिलता है। कर्मा कॉलिंग में वे एक ऐसी अभिनेत्री का रोल कर रही हैं, जो कई सालों तक इंडस्ट्री पर राज कर चुकी है। उसका स्टारडम भले ढलने की कगार पर हो, मगर उसके नाम का जलवा आज भी मुंबई में जमकर चमकता है। लेकिन अब इंद्राणी कोठारी के पास्ट से निकला एक रहस्य, उनकी आज की जिंदगी को मुश्किल बनाने के लिए बाहर आ रहा है।

# मुझे सोशल मीडिया से मान्यता की बिल्कुल भी जरूरत नहीं: करीना कपूर



करीना कपूर खान दो दशकों से अधिक समय से हिंदी फिल्म उद्योग में हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक बन गए हैं। उन्होंने 2020 में सोशल मीडिया का इस्तेमाल शुरू किया जो उन्हें पसंद है, और जिसके माध्यम से वह अपने प्रशंसकों से जुड़ती हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह इससे मान्यता की चाहत नहीं रखती हैं। करीना कपूर खान दो दशकों से अधिक समय से हिंदी फिल्म उद्योग में हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक बन गए हैं। उन्होंने 2020 में सोशल मीडिया का इस्तेमाल शुरू किया जो उन्हें पसंद है, और जिसके माध्यम से वह अपने प्रशंसकों से जुड़ती हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह इससे मान्यता की चाहत नहीं रखती हैं। वर्तमान में इंस्टाग्राम पर करीना के 1.14 करोड़ प्रशंसक हैं और वह अक्सर अपने दैनिक जीवन की झलकियाँ और अपने काम के बारे में अपडेट साझा करती रहती हैं। यह पूछे जाने पर कि सोशल मीडिया मान्यता उनके लिए कितना महत्व रखती है, करीना ने आईएएनएस को बताया, 'मुझे सोशल मीडिया का उपयोग करने में मजा आता है, लेकिन मेरे लिए, यह मेरे प्रशंसकों से जुड़ने और उन्हें मेरे जीवन में एक झलक देने का एक माध्यम है। मैं सोशल मीडिया से बिल्कुल भी मान्यता नहीं चाहती, लेकिन मुझे खुशी है कि मुझे अपने प्रशंसकों से बहुत प्यार मिलता है।' 'अशोका', 'कभी खुशी कभी गम...', 'चमेली', 'देव', 'ओमकारा', 'जब वी मेट', '3 इडियट्स', 'उड़ता पंजाब' और 'बजरंगी भाईजान' जैसी फिल्मों में प्रभावशाली अभिनय करने वाली अभिनेत्री के लिए स्क्रीन पर शक्तिशाली किरदार निभाना और दर्शकों का उसे पसंद करना काफी है। उन्होंने कहा, 'एक कलाकार के रूप में मैं शक्तिशाली किरदार निभा रही हूं, और यह मेरे लिए पर्याप्त मान्यता है। इसलिए, जबकि मैं इंस्टाग्राम पर प्यार की सराहना करती हूं, मेरी सच्ची मान्यता मेरे द्वारा निभाई गई भूमिकाओं, मेरे द्वारा बताई गई कहानियों और मनोरंजन की दुनिया में एक कलाकार के रूप में मैं जो विरासत बना रही हूं, उससे मिलती है।' हालाँकि, 2000 में 'रिफ्यूजी' से शुरू हुई हिंदी सिनेमा की उनकी यात्रा में अच्छे और बुरे दिन भी आए। आत्म संदेह के बारे में बात करते हुए करीना ने कहा, ' 'मैं केवल इंसान हूं। मेरे ऐसे दिन भी आ सकते हैं जो इतने अच्छे न हों लेकिन मैं खुद पर विश्वास करना नहीं छोड़ती। इंडस्ट्री में मुझे दो दशक से अधिक समय हो गया है और मुझे यकीन है कि और भी बहुत कुछ होगा। मैं जानती हूं कि मैं कुछ नया करते रहना चाहती हूं और अब समय आ गया है कि लगातार कुछ अलग करने का प्रयास किया जाए।' इसके बाद करीना ने सुपरस्टार होने के सबसे कठिन हिस्से का खुलासा किया। उन्होंने छूटते ही उत्तर दिया: 'गोपनीयता का अभाव।' अभिनेता सैफ अली खान से शादी करने वाली 43 वर्षीय अभिनेत्री इस बात से सहमत हैं कि इस पेशे के लिए एक कीमत चुकानी पड़ती है। अभिनेत्री ने कहा, 'हर पेशा की अपनी कीमत चुकानी होती है, यह केवल इस पर निर्भर करता है कि आप कितना छोड़ने को तैयार हैं और आप अपने जीवन को कैसे प्राथमिकता देते हैं।' अभिनय के मोर्चे पर, करीना, जिन्होंने हिंदी ऑडिबल पॉडकास्ट श्रृंखला की तीसरी किस्त 'मार्वल वेस्टलैंडर्स : ब्लैक विडो' में ब्लैक विडो के लिए अपनी आवाज दी है, अगली बार 'द क्रू' और 'सिंघम अगेन' में दिखाई देंगी।

# 27 साल बाद सफर में सनी के साथ दिखेंगे सलमान

गदर 2 की कामयाबी के बाद सनी देओल अब एक नई कहानी के साथ अपने फैन्स का मनोरंजन करने आ रहे हैं। सनी ने पिछले साल जैसा कमबैक किया है उसे बॉलीवुड का इतिहास हमेशा याद रखेगा। इन दिनों सनी अपनी अगली फिल्म सफर के लिए शूट कर रहे हैं। फिल्म का ज्यादातर हिस्सा शूट हो चुका है और इन दिनों बाकी पोर्शन मुंबई में शूट किए जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी रिपोर्ट्स में बताया गया है कि सलमान खान सफर में सनी देओल के साथ काम करने वाले हैं। अब इस बात को पुख्ता करने वाली जानकारी सामने आई है।


सूत्रों के अनुसार सलमान जल्द ही सफर में अपने खास कैमियो के लिए शूट करने वाले हैं। सलमान, सनी की सफर के लिए मुंबई में ही दो दिनों तक शूट करेंगे। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने बताया, सलमान खान मध्य जनवरी मे सफर में अपने कैमियो के लिए शूट करेंगे। ये दो दिन का शूट होगा और जिसे महबूब स्टूडियो में शिड्यूल किया गया है। सलमान पहले ही इसके लिए कमिटमेंट कर चुके हैं और फिल्म में अपना ही किरदार निभाते नजर आएंगे। सनी देओल और सलमान खान पहली बार फिल्म जीत में साथ नजर आए थे। साल 1996 में आई इस फिल्म में इन दोनों के साथ करिश्मा कपूर भी थीं। इसके बाद यह दोनों सितारे हीरोज (साल2008) की कास्ट का भी हिस्सा थे, मगर इस फिल्म में दोनों को स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला था। सलमान हमेशा से देओल परिवार के बहुत करीबी रहे हैं। सनी की फिल्म सफर में उनका कैमियो, सनी के साथ अपनी दोस्ती जाहिर करने वाला जेस्चर है।

बता दें सफर के बाद सनी के पास दो और प्रोजेक्ट हैं। आमिर खान के प्रोडक्शन में सनी लाहौर 1947 में काम कर रहे हैं और उनके पास एक फिल्म बाप भी है। कुछ समय पहले ऐसी भी रिपोर्ट्स आई थीं कि नितेश तिवारी की रामायण में सनी देओल, हनुमान के किरदार में नजर आ सकते हैं।




# जैस्मिन वॉर्निंग 2 की कर रही तैयारी

एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन वॉर्निंग 2 के लिए तैयारी कर रही हैं और उन्होंने पहली बार खुद पंजाबी में डब किया है। इस बारे में बात करते हुए जैस्मीन ने कहा, इससे पहले हनीमून में किसी और ने मेरे लिए डब किया था, इस बार मैं यह करना चाहती थी। सौभाग्य से, मैंने पूरी फिल्म में डब किया है। मैं पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में और अधिक प्रस्तावों की तलाश में हूं, इसलिए मैं अपनी बोली जाने वाली पंजाबी स्किल पर भी काम कर रही हूं। लेकिन, वार्निंग 2 के लिए डबिंग का यह एक्सपीरियंस बहुत अच्छा था। ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म में जैस्मीन एक दिलचस्प अवतार में नजर आएंगी, लेकिन, उनकी भूमिका के बारे में अधिक जानकारी गुप्त रखी गई है। वॉर्निंग 2 दो फरवरी को रिलीज होने वाली है।



# विशाल के साथ आ सकते हैं शाहरुख खान



शाहरुख खान पिछले साल कामयाबी के उस शिखर पर पहुंच गए हैं, जिसपर पहुंचने के ख्वाब कई अभिनेता देखा करते हैं। पठान, जवान और डंकी की शानदार सक्सेस ने शाहरुख के स्टारडम का परचम बहुत ऊंचा कर दिया है। इस धुआंधार कामयाबी के बाद से ही शाहरुख के फैंस नजरें गड़ाए बैठे हैं, कि उनके सुपरस्टार का अगला प्रोजेक्ट क्या होने वाला है। अब एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है, जो शाहरुख ही नहीं, हर इंडियन सिनेमा फैन की एक्साइटमेंट का पारा बढ़ा देगी। रिपोर्ट के अनुसार शाहरुख अब अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए डायरेक्टर विशाल भारद्वाज के साथ चर्चा कर रहे हैं। विशाल भारद्वाज हिंदी को कई आइकॉनिक फिल्में देने वाले बेहद टैलेंटेड डायरेक्टर हैं। उनकी डायरेक्ट की हुई फिल्मों में मकबूल, ओमकारा, हैदर और कमीने जैसे नाम हैं। हाल ही में उनकी नेटफ्लिक्स फिल्म खूफिया ने हर तरफ खूब तारीफ बटोरी थी। इंडस्ट्री में अंदर चर्चा है कि शाहरुख अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए विशाल भारद्वाज की फिल्म साइन करने जा रहे हैं। सूत्र ने बताया कि ये एक टिपिकल विशाल भारद्वाज फिल्म होगी और इसमें वैसे ही थ्रिल और शेड्स होंगे जो विशाल अपनी फिल्मों में बुनना पसंद करते हैं। विशाल ने इंटरव्यू में कहा था कि उनके और शाहरुख, दोनों के दिल में साथ काम करने की इच्छा है। विशाल ने कहा था, वे हमेशा कहते हैं, और मैं भी मानता हूं, हमें एक फिल्म साथ में करनी चाहिए। शाहरुख जल्दी ही बड़े पर्दे पर अपनी बेटी सुहाना खान के साथ भी एक फिल्म में नजर आने वाले हैं।



# प्रभास की फ़िल्म कल्कि 2898 एडी 9 मई को होगी रिलीज



दक्षिण के सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'सालार' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फ़िल्म की सफलता से जहां प्रभास समेत खुश हैं वहीं इस फिल्म ने घरेलू बाजार में 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है और वर्ल्डवाइड फिल्म ने 700 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर इतिहास रच दिया है। फिलहाल फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है। इन सबके बीच प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की फाइनली रिलीज डेट अनाउंस कर दी गई है। प्रभास स्टारर 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं फिल्म के मेकर्स ने आज फैंस को गुडन्यूज देते हुए इस मच अवेटेड फिल्म की ऑफिशियल रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर प्रभास की फिल्म के नए पोस्टर के साथ 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज डेट का ऐलान किया है। बता दें कि साइंस-फिक्शन फिल्म की रिलीज डेट पहले टाल दी गई है। इस फिल्म के जनवरी 2024 में रिलीज होने की उम्मीद थी. लेकिन अब 'कल्कि 2898 एडी' 9 मई, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और दिशा पटानी ने अहम भूमिका निभाई हैंय साइंस फिक्शन फिल्म वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित है। ये फिल्म दो भागों में रिलीज होगी, पहली किस्त 2024 में रिलीज होगी। खबरों की मानें तो 'कल्कि 2898 एडी' 600 करोड़ रुपये के भारी बजट पर बनी है, जो अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म बताई जा रही है। इस फिल्म को तेलुगु और हिंदी में एक साथ शूट किया गया है। फिल्म का म्यूजिक संतोष नारायणन ने दिया है, सिनेमैटोग्राफी जोर्डजे स्टोजिलजकोविक ने की है और एडिटिंग कोटागिरी वेंकटेश्वर राव ने की है।